फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 269 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 2 मई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Akbar Was Not Averse To European Or Hindu Iconography

Akbar gave the order for the history of his reign to be compiled, including an account of his real and mythical antecedents. The author was Abu'l Fazl, the great polymath of the age

A Simple Morning Ritual

# अन्ततोगत्वा अमेरिका और यूक्रेन के बीच मिनरल डील हुई

## यूक्रेन को इस डील के बाद, अपनी पीठ थपथपाने का मौका मिल गया

**- अंजन रॉय -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 1 मई। आखिरकार अमेरिका और यूक्रेन ने बहुप्रतीक्षित खनिज समझौते पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप यूक्रेन युद्ध के मुतल्लिक इसे अपनी उपलब्धि मान रहे हैं। ज्ञातव्य है कि ट्रम्प ने सत्ता में आने के बाद यूक्रेन युद्ध को एक दिन में समाप्त कर देने का वादा किया था।

अब, पद संभालने के 100 दिन बाद, उनके पास दिखाने के लिए एक यही खनिज समझौता है, जो कम से कम अमेरिका और यूक्रेन के बीच दीर्घकालिक संबंधों की ओर इशारा करता है, क्योंकि यह समझौता दशकों तक चलेगा।

यह सौदा यूक्रेन के लिए एक बड़ी जीत है और अमेरिका के साथ दीर्घकालिक साझेदारी को दर्शाता है। समझौते में, "रूस द्वारा बड़े पैमाने पर किये गये हमले" के कारण यूक्रेन के बुनियादी ढांचे की भारी तबाही का उल्लेख भी किया गया है।

इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि अब रूस भारी मिसाइलों द्वारा यूक्रेनी ठिकानों पर अंधाधुंध हमलों को लेकर

- **ट्रम्प इस बात से खफ़ा थे, कि, रूस "सीज़ फायर" घोषित करने में बार-बार विलम्ब कर रहा था, अतः यूक्रेन के साथ "मिनरल डील" से अब ट्रम्प की व साथ-साथ यूक्रेन की स्थिति मजबूत हुई।**
- **अमेरिका को "मिनरल्स" बेच कर, अब यूक्रेन आधुनिकतम हथियार खरीदने की स्थिति में आ गया है। अब रूस द्वारा मनमाने तरीके से यूक्रेन पर बमबारी करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा और अमेरिका भी इलैक्ट्रिक कार जैसे आधुनिक उपभोक्ता सामान बनाने के लिए अब "रेअर अर्थ मिनरल्स" क़े अभाव में कुंठित नहीं होगा। जैसा की विदित ही है, चीन का "रेअर अर्थ मिनरल्स" पर एकाधिकार सा था, तथा चीन ये मिनरल्स अमेरिका को बेचने में भारी आनाकानी कर रहा था।**
- **यूरोपीय देश भी इस मिनरल्स डील से काफी खुश हैं, क्योंकि, यूरोपीय देशों को लगने लगा था कि अमेरिका यूक्रेन के युद्ध में रूस की भाषा बोलने लगा था, पर अब "मिनरल्स डील" के बाद अमेरिका-रूस के सम्बन्धों में भी गर्माहट कुछ कम होगी, तथा यूक्रेन को न्याय मिलने लगेगा।**

ज्यादा सतर्क रहेगा। क्रेमलिन को यह भी ध्यान रखना होगा कि अब यूक्रेन, अमेरिका के साथ हुए खनिज समझौते से मिलने वाले राजस्व का उपयोग अमेरिकी हथियार खरीदने के लिए कर सकता है।

रूस के लिए यह बड़ी चिंता का विषय होगा, क्योंकि अब तक यूक्रेन हथियारों की भारी कमी से जूझ रहा था। इसके कारण यूक्रेन को युद्ध भूमि पर कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, क्योंकि उसके पास आवश्यक हथियार एवं गोला-बारूद नहीं थे।

अब, जब अमेरिकन कंपनियां यूक्रेन के खनिज क्षेत्र में सक्रिय होंगी, तो यूक्रेन के पास वे आर्थिक संसाधन होंगे, जिनकी मदद से वह अपनी आवश्यकतानुसार हथियार खरीद सकेगा। यूक्रेन को इससे न केवल भौतिक, बल्कि मानसिक बल भी मिलेगा।

रूस, जो पहले से ही भारी दबाव में है, के लिए यह सौदा एक मील का पत्थर है। अमेरिका अब चाहे-अनचाहे यूक्रेन के साथ और अधिक जुड़ा रहेगा। अमेरिकी लोग यूक्रेन में मौजूद होंगे, वे वहां निवेश करेंगे और वहां की गतिविधियों में उनकी मौजूदगी बढ़ेगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डॉ. गिरिजा व्यास का निधन



उदयपुर, (कासं), 1 मई। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और प्रदेश और केन्द्र की कांग्रेस सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुकीं डॉ. गिरिजा व्यास का गुरूवार देर शाम को निधन हो गया। शुक्रवार शाम को करीब 4 बजे डॉ. व्यास का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा, जिसमें राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोगों के उपस्थित रहने की संभावना है। कांग्रेस के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर डॉ. व्यास को श्रद्धांजलि दी है।

- **अन्तिम संस्कार शुक्रवार शाम 4 बजे उदयपुर में होगा।**

केन्द्र और प्रदेश में कांग्रेस सरकार में कई बार कैबिनेट मंत्री और दो बार राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा रह चुकीं, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता डॉ. गिरिजा व्यास करीब एक माह पूर्व 31 मार्च को घर पर गणगौर की पूजा करने के बाद आरती कर रहीं थीं, उसी समय नीचे जल रहे दीपक से उनके गले में लिपटे दुपट्टे ने आग पकड़ ली थी, जिससे वे गंभीर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस ने शुक्रवार को सी.डब्ल्यू. सी. की बैठक आहूत की

## बैठक का मुख्य एजेण्डा है, केन्द्र द्वारा " जातिगत जनगणना" की घोषणा के बाद, पार्टी इस मुद्दे पर कैसे अपना पक्ष प्रस्तुत करे

**- श्रीनन्द झा -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 1 मई। बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जाति-सर्वे का निर्णय लिए जाने के बाद, कांग्रेस ने अपने अभियान की रूपरेखा एक बार फिर तैयार करने के लिए शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी. डब्ल्यू. सी.) की मीटिंग बुलाई है।

भाजपा के नेतृत्व वाले एन डी ए तथा विपक्षी नेताओं के बीच बुधवार से ही जाति-सर्वे के प्रश्न नैरेटिव युद्ध चल रहा है। अन्य भाजपा नेताओं के अलावा, केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने इस विचार को आगे बढ़ाया है कि जहां कांग्रेस ने जाति के प्रश्न से केवल राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश की है, वहीं एन डी ए ने पिछड़ों की को ऊपर उठाने के लिए सामाजिक-आर्थिक कायाकल्प करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इस बात का श्रेय ले रहे हैं कि जातिगत जनगणना पर सरकार ने विपक्ष के दबाव से यूटर्न लिया है।

- **भाजपा की ओर से केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तर्क दिया है, कि, कांग्रेस केवल "कास्ट सैंसस" का राजनीतिक उपयोग करना चाहती है। उसने इस कास्ट सैंसस को नीतियों के माध्यम से क्रियान्वयन करके कमज़ोरों को लाभ दिलाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाये हैं।**
- **कांग्रेस ने भी पलटवार करने की सोची है, यह तर्क देकर कि एन.डी.ए. सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक पारित तो करा लिया, पर उसका क्रियान्वयन शून्य है।**

तात्कालिक परिस्थितियों में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जाति-आधारित जनगणना के केन्द्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय का लक्ष्य इस वर्ष के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों में भाजपा की संभावना को बेहतर बनाना है। दूसरी तरफ, आर जे डी तथा अन्य विपक्षी दल अपने इस नैरेटिव को आगे बढ़ा रहे हैं कि बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने जातिगत सर्वे पूरा भले ही कर लिया हो, लेकिन उसकी सिफारिशों के क्रियान्वयन की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है।

आगामी दिनों में, कांग्रेस नेता राहुल गांधी पार्टी के अभियान को नया रूप और ताकत देने की कोशिश करते हुए, इस बिन्दु पर जोर देंगे कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने "महिला आरक्षण अधिनियम" बना तो दिया, लेकिन वह कानून अभी तक लागू नहीं हुआ है। कांग्रेस की रणनीति, जिस पर सी डब्ल्यू सी की मीटिंग में विचार-विमर्श होना है, में इस बात को उजागर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अजमेर : नाज़ होटल में आग लगने से 4 की मौत

## पांच मंजिला होटल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग तेजी से पांचवी मंजिल तक पहुंच गई

अजमेर, (कासं), 1 मई। अजमेर के डिग्गी क्षेत्र में होटल नाज़ में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। आग ने ऐसा तांडव किया कि जल्दी ही पूरे पांच मंजिला होटल को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक बच्चे सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि डेढ़ साल के एक अन्य बच्चे सहित, 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। सभी का उपचार जेएलएन अस्पताल में जारी है। घटनास्थल पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। डीआईजी अजमेर रेंज ओमप्रकाश व जिला कलेक्टर लोक बंधु ने स्थिति का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस घटना पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आदि ने शोक जताया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डिग्गी बाजार स्थित होटल नाज़ को अजय नगर निवासी राजेन्द्र ने सुखाड़िया बाजार में रहने वाले नरेश तिलोकानी से लीज़ पर लिया था, जिसमें गुरुवार सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। होटल में उस वक्त करीब 10 कमरे बुक थे, जिनमें ज्यादातर जायरीन ठहरे हुए थे। आग की तेज लपटों और धुएं के कारण कई लोग फंस गए, जिन्हें चौथी और पांचवीं मंजिल से नीचे कूदते देखा गया।

- **चौथी मंजिल पर ठहरे जाहिद ने खिड़की से गद्दा नीचे फेंका और डेढ़ साल के बच्चे को गद्दे पर फेंक कर खुद भी नीचे कूदा। दोनों की ही मौत हो गई। जाहिद की पत्नी रेहाना भी कूदी थी। वह बिजली के तार में अटकने से बच गई।**

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि होटल नाज़ के 11 कमरों में करीब 21-22 लोग ठहरे हुए थे, जिन्हें रेस्क्यू किया गया। इनमें से 9 घायल व्यक्तियों को जेएलएन अस्पताल में एवं दो घायल व्यक्तियों को मित्तल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बचाव कार्य के दौरान दमकलकर्मी कृष्णा की भी तबियत बिगड़ गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि महज आधे घंटे में होटल की पांचवीं मंज़िल तक पहुंच गई। हादसे में मारे गए जाहिद की पत्नी रेहाना ने बताया कि वह अपने पति और बच्चे इब्राहिम के साथ दिल्ली से रात 2 बजे अजमेर पहुँची थी और होटल नाज़ में कमरा बुक किया था, सुबह अचानक होटल में तेज आवाज आने लगी, लोग चिल्ला रहे थे। कुछ समझ नहीं आ रहा था। तेज धुएं के कारण सांस लेना मुश्किल हो रहा था। कुछ ही देर में आग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महेश जोशी की अन्तरिम जमानत बढ़ाने की अर्जी पर आज फैसला होगा

जयपुर, 1 मई। ईडी मामलों की विशेष अदालत ने जल जीवन मिशन के करीब 900 करोड़ रुपए घोटाले से जुड़े मामले में, पूर्व मंत्री महेश जोशी की पत्नी के निधन पर उन्हें मिली अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाए जाने के लिए दी गई अर्जी पर दोनों पक्षों की बहस सुन ली है। अदालत शुक्रवार को प्रार्थना पत्र पर अपना फैसला देगी। ईडी कोर्ट ने

- **महेश जोशी ने अपनी पत्नी के निधन पर रीति-रिवाजों में हिस्सा लेने के लिए 9 दिन की जमानत बढ़ाने की मांग की है।**

पत्नी के निधन के कारण जोशी को गत 28 अप्रैल को अंतिम क्रिया कर्म व धार्मिक रिवाजों के निर्वाह के लिए 4 दिन की अंतरिम जमानत दी थी।

प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता दीपक चौहान ने कहा कि महेश जोशी को उनकी पत्नी के निधन के बाद के रीति

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान रॉयल्स प्ले ऑफ की रेस से बाहर

## मुंबई इंडियंस सौ रन से जीत कर पॉइंट्स टेबल में सबसे ऊपर पहुँची

जयपुर, 1 मई। राजस्थान रॉयल्स टीम आईपीएल के मौजूदा सीजन के प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। टीम को मुंबई इंडियंस ने 100 रनों के बड़े अंतर से हराया। यह मुंबई की लगातार छठी जीत है। इस जीत के सहारे मुंबई की टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर आ गई है।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई इंडियन ने

- **मुम्बई इंडियंस के ट्रेंट बोल्ट और कर्ण शर्मा ने 3-3 विकेट लिये।**

20 ओवर में दो विकेट पर 217 रन बनाए। दो सौ अढारह रन का टारगेट चेज़ कर रही राजस्थान रॉयल्स की टीम 16.1 ओवर में 117 रन पर ऑलआउट हो गई। ट्रेंट बोल्ट और कर्ण शर्मा ने 3-3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह को 2-2 विकेट मिले। राजस्थान का कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका।

मुंबई की ओर से सूर्यकुमार यादव और कप्तान हार्दिक पंड्या 48-48 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने नाबाद 94 रनों की साझेदारी की। ओपनर रायन रिकेलटन ने 61 रन और रोहित शर्मा ने 53 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। रियान पराग और महीश तीक्षणा को एक-एक विकेट मिला।

मुंबई इंडियंस ने लगातार यह छठा मैच जीता है। टीम 14 अंक और बेहतर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस व राजस्थान रायॅल्स के बीच खेले गये आईपीएल के क्रिकेट मैच में राजस्थान रायल्स टीम को मुंबई इंडियंस ने 100 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया । यह मुंबई की लगातार छठी जीत है। इस जीत के सहारे मुंबई की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। मुंबई ने 20 ओवर में दो विकेट पर 217 रन बनाए। राजस्थान का कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका।*

# आज खुलेंगे केदारनाथ के कपाट

श्री केदारनाथ धाम, 01 मई। भगवान श्री केदारनाथ जी की पंचमुखी उत्सव मूर्ति गुरुवार अपराह्न अपने तीसरे पड़ाव गौरीकुंड से चलकर पैदल मार्ग से श्री केदारनाथ धाम पहुंच गयी है। अब शुक्रवार को प्रातः सात बजे विधि विधान से धाम के कपाट ग्रीष्मकालीन दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

- **भगवान श्री केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव मूर्ति गौरी कुंड से शोभायात्रा के रूप में केदारनाथ धाम पहुंच गई।**

इससे पूर्व बुधवार के मां श्री गंगोत्री और मां श्री यमुनोत्री धाम के कपाट खुल गये है। जबकि श्री बदरीनाथ धाम के कपाट आगामी रविवार 4 मई को प्रातः 6 बजे खुलेंगे।

देश-विदेश से भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के हौज़ खास डियर पार्क से हिरणों को राजस्थान भेजने पर पाबंदी लगाई

## राजस्थान के मुख्य वन संरक्षक ने, दिल्ली के डियर पार्क के समक्ष अर्जी दी थी, कि, वहां से 550 हिरण भेजें, जिससे राजस्थान के अभयारण्य में जानवरों का "प्रे-बेस" बढ़ाया जा सके

**- जाल खंबाता -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 1 मई। सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए एवं अन्य अधिकारियों द्वारा दिल्ली के हौज़खास के ए. एन. झा डियर पार्क से हिरणों को राजस्थान व अन्य राज्यों के जंगलों में भेजे जाने पर रोक लगा दी है।

बुधवार 30 अप्रैल को जस्टिस अभय एस ओका तथा उज्जल भुइयां की बैंच ने अंतरिम आदेश में निर्देश दिया कि हिरणों को अन्य राज्यों में स्थानान्तरित नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संबंधित अधिकारी ही हौज़खास पार्क में रह रहे हिरणों की उचित देखभाल करें।

बैंच ने कहा, हम इन हिरणों को मौजूदा डियर पार्क से स्थानान्तरित करने के मामले में प्रतिवादियों पर रोक लगाते है और निर्देश देते हैं कि प्रतिवादी हिरणों की उचित देखभाल करें।

सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर 16 मई 2025 तक जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने यह निर्देश न्यू दिल्ली नेचर सोसायटी की याचिका पर दिया, जिसने अपनी याचिका में डी डी ए, डायरैक्टर हॉर्टीकल्चर और मैम्बर सैक्रेटरी, चीफ कंज़र्वेटर ऑफ फॉरेस्ट तथा वाइल्ड लाइफ वार्डन को प्रतिवादी बनाया है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि वाइल्ड लाइफ प्रोटैक्शन एक्ट 1972 के तहत बताए गए आवश्यक मानदंडों का पालन नहीं किया गया और हिरणों के आवास का आंकलन व समुचित जांच किए बिना ही हिरणों

- **सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर, यह सोच दर्शाया कि हिरणों का रीलोकेशन कंज़र्वेशन के लिए नहीं किया जाना प्रस्तावित है, बल्कि राजस्थान के जंगलों/अभयारण्यों के बड़े जानवरों की "फूड चेन" को और मजबूत बनाने के लिए किया जाता है, यह जायज़ नहीं है।**
- **डॉमैस्टिकेटेड (पालतू) हिरणों को शहर के कृत्रिम वातावरण में रखा गया है, अब तक। और इन हिरणों को "बड़े शिकारी जानवरों से अपनी रक्षा करने का कोई इल्म नहीं है। अतः उन्हें बेरहमी से मरने के लिए राजस्थान भेजना क्रूरता है।"**

स्थानान्तरित किया जा रहा है तथा गर्भवती मादा हिरणों तथा अवयस्क व शिशु हिरणों के लिए समुचित सुरक्षा उपायों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिरणों को सरिस्का व कुंभलगढ़ भेजना उन्हें बड़े शिकारी जानवरों के भोजन के रूप में प्रस्तुत करने जैसा है।

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने ए एन झा डियर पार्क के चिड़ियाघर की मान्यता खत्म कर दी थी, जिसे डी डी ए ने डियरपार्क हटाने की अनुमति मान लिया था।

संस्था ने राजस्थान के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक द्वारा भेजे गए एक सरकारी पत्र का हवाला भी दिया, जिसमें दिल्ली से 550 हिरण भेजने का अनुरोध इस आधार पर किया गया था कि, बड़े शिकारी जीवों के शिकार आधार (प्रे बेस) को मजबूत करेंगे। इससे पता चलता है कि इस स्थानांतरण के पीछे संरक्षण नहीं, बल्कि शिकारी जीवों के लिए भोजन शृंखला बढ़ाने की मंशा है।

संस्था का कहना है कि हिरणों को सैकड़ों किलोमीटर दूर ऐसे क्षेत्रों में भेजने का कोई पारिस्थितिकीय औचित्य नहीं है, जहां पहले से शिकारी जीवों की भारी संख्या है। उन्होंने यह भी बताया कि डीडीए के आंतरिक पत्राचार में हिरणों को हटाने की चर्चाएं पहले ही शुरू हो चुकी थीं, जबकि जरूरी अनुमतियां अब तक नहीं ली गईं।

याचिकाकर्ता ने अदालत को यह भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दुबारा मैडिकल के आधार पर बर्खास्त कॉन्स्टेबल को बहाल करें

जयपुर, 1 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती-2018 में नियुक्त हुए पुलिस कांस्टेबलों को दुबारा मेडिकल के आधार पर बर्खास्त करने को गलत माना है। अदालत ने राज्य सरकार व पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया है कि वह पीयूष पाटीदार के मामले में दिए गए निर्णय की पालना करते हुए प्रार्थियों को भी सेवा में बहाल करें। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह निर्देश हरिओम व सवाई खान की याचिका पर दिया। अदालत ने मामले की प्रगति रिपोर्ट 12 मई को पेश करने के लिए भी कहा है।

- **हाईकोर्ट ने राज्य सरकार व पुलिस प्रशासन से 12 मई को मामले की प्रगति रिपोर्ट मांगी।**

याचिका में अधिवक्ता ओमप्रकाश सोलंकी ने बताया कि याचिकाकर्ताओं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**हिंसा के मुकाबले में लाचारी का भाव आना अहिंसा नहीं कायरता है। अहिंसा को कायरता के साथ नहीं मिलाना चाहिए। –महात्मा गाँधी**

# मोदी है तो सम्भव है

हम भारत के लोगों ने, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न धर्म निरपेक्ष लोग तंत्रात्मक गणतंत्र बनाने का संकल्प लिया था तथा घोषणा की थी कि सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय मिलेगा। जहां अभिव्यक्ति की विश्वास, धर्म, उपासना की उन्हें स्वतंत्रता होगी। व्यक्ति की गरिमा, राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित होगी। सब में बन्धुत्व की भावना होगी। भारत के लोगों ने अपना सविधान बनाया था उसे अंगीकृत किया था, अधिनियमित कर अपने ही लोगों को दिनांक 26.11.2025 को आत्मार्पित किया था।

हम भारत के लोग, पहलगाम की घटना से अत्यन्त आहत् हैं, दुखीं हैं व व्यथित हैं, क्योंकि हमारे अपने ही लोगों का उनका धर्म पूछकर निरंकुश होकर बर्बरता के साथ गोलियों से भून दिया था। दुर्दन्त हमलावर, आतंकवादियों ने जिनमें अब तक की जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी, सेना का आशिम फौजी और स्थानीय आतंकी आदिल थोकर है। ये लश्कर-ए-तैयबा से जुडे हुये हैं। इन्होंने पाकिस्तान में पाकिस्तानियों से प्रशिक्षण प्राप्त किया था और इनके आकाओं ने साजिश रची थी।

हम भारत के 142 करोड़ लोग, आतंकवाद के विरूद्ध इस जंग में एकजुट हैं। पहलगाम हमले में आतंकियों ने जो कुंठित कायरता दिलाई है, उससे हम लोगों का खून खौल रहा है। संसार की किसी ताकत में देश की एकता व अखण्डता को खंडित करने की ताकत नहीं है। हम भारत के लोग दोषियों को सख्त सजा देंगे। भारत देश, पाकिस्तान व वहां के हुकमरान के विरूद्ध एक सुर में खड़ा है और आतंकवाद को समाप्त करने पर संग्राम को तैयार है। पीडित परिवार के लोगों को विश्वास दिलाया है कि उन्हें न्याय मिलेगा। हमलावरों और उनके साथियों और उनके आकाओं को सख्त से सख्त सजा दी जावेगी।

हम भारत के लोग, देश के यशस्वी पीएम मोदी के साथ हैं। देश के सभी राज्य, (जम्मू-कश्मीर सहित) व यहां के आमजन, संसद के सभी सांसद, पूरा पक्ष व विपक्ष एक राष्ट्र है। हमारी एकता देश की अखण्डता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सबको पूरा भरोसा है। देश पीएम मोदी की निर्णायक शक्तियों से परिचित है। उनके साहसिक निर्णयों से पाकिस्तान परिचित है। देश हित उनके लिये सर्वोपरी है। वे आवश्यकता व देश हित में पुराने निर्णय भी बदलने में सामर्थ रखते हैं। उनका स्लोगन है ''काट देंगे उन हाथों को जो देश की जनता के विरूद्ध बढेंगे''। गत 75 वर्षों में देश ने मोदीजी आप जैसा हमने नहीं देखा है। पाकिस्तान को उसके अन्जाम तक पहुंचाने की ताकत आप में है। आपका यह विश्वास सूत्र कि ''हमले के जिम्मेदार हर आतंकी और उसके समर्थकों की पहिचान की जावेगी उनका पृथ्वी के आखरी छोर तक पीछा किया जावेगा और उन्हें ऐसी सजा दी जावेगी, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी।'' उनकी वाणी की ऊर्जा ने लोगों को शक्ति से भर दिया है। हमें विश्वास है हमें शत्रु पर घातक प्रहार व सर्जिकल स्ट्राइक करनी चाहिये।

हम भारत के लोग, देख चुके हैं कि आप मोदीजी तत्काल निर्णय सबको साथ लेकर कैसे करते हैं। जल संधि निलम्बन इसका एक उदाहरण है। कुछ समय बाद पाकिस्तान पानी को तरसेगा। झेलम में पानी छोडकर पाकिस्तान के एक भाग में बाढ़ की स्थिति पैदा की है। लोग भयभीत हैं और हमें ऐसी स्थिति पैदा करनी है कि विरोधी कांप उठें।

**हमारी एकता देश की अखण्ड़ता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सबको पूरा भरोसा है। देश पीएम मोदी की निर्णायक शक्तियों से परिचित है। उनके साहसिक निर्णयों से पाकिस्तान परिचित है। देश हित उनके लिये सर्वोपरी है। वे आवश्यकता व देश हित में पुराने निर्णय भी बदलने में सामर्थ रखते हैं। उनका स्लोगन है ''काट देंगे उन हाथों को जो देश की जनता के विरूद्ध बढेंगे''।**

हम भारत के लोगों को, मोहन भागवत का संदेश है कि ''भारत ने कभी पडोसियों को नुकसान नहीं किया। अगर कोई बुराई पर उतर आये तो फिर रास्ता नहीं बचता। राजा का कर्त्तव्य है कि वह प्रजा की रक्षा करे और उसे अपना धर्म निभाना ही चाहिये। मोदी की सोच भी सही है।'' मन की बात में मोदी जी ने कहा ''आतंकवाद के खिलाफ लडाई में 142 करोड़ भारतीयों की एकजुटता हमारी सबसे बडी ताकत है।''

भारत के लोगों को, संदेश देते हुये यशस्वी विद्वान व दार्शनिक गुलाब कोठारी ने राजस्थान पत्रिका के दिनांक 27.04.2025 के अंक में लिखा कि ''हमारे सामने आर पार की लड़ाई के लिये इससे अच्छा समय नहीं आयेगा। मत चूको चौहान। सिन्धु जल समझौता स्थगित रखना उचित कदम है; किन्तु हमें इस पर दृढ़ता से टिके रहना है। ........ इसकी शुरूआत पीओके के कब्जे वाली कश्मीर की धरती से कर देनी चाहिये। वह हमारी है। उसे फिर से छीन लेना भी हमारा अधिकार है। दुनियां को यह संदेश देना भी आज की जरूरत है''।

हम भारत के लोग, पक्ष विपक्ष के नेता जाति धर्म के भेदभाव को छोड़कर सभी विद्वान, धर्मगुरू, साधारण व असाधारण जन मानस जिनमें ओबीसी भी अछूते नहीं हैं, उपरोक्त विचारधारा से सहमत हैं और आतंकवाद के घोर विरोधी हैं। अतः भारत के लोग उनके संदेशों को अपनाते हुये मोदीजी से निवेदन करते है:–

''मोदीजी आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं।

पूरा देश तुम्हारे साथ है। पूरा देश व विपक्ष और संसार की शक्तियाँ आपके साथ हैं। संकट में सदैव आपके साथ रहे हैं; किन्तु पाकिस्तान को तैयारी का मौका न दें।........हमारी स्थिति मजबूत है। सिवाय इसके कि कश्मीर में कुछ देशद्रोही बैठे हैं।''

माननीय प्राईम मिनिस्टर श्री मोदीजी, हम भारत के लोग आपसे अनुरोध करते हैं कि (1) पहलगाम की बर्बर घटना का आतंकवादियों से और उनके आकाओं से बदला लेना आवश्यक है। उन्हें धूल चटानी है, सजा दिलाना है। हमारी धरती हमें प्राप्त करनी है। हमें कब्जा चाहिये क्योंकि पीओके हमारा था और सदैव हमारा रहेगा। हमें अतिक्रमणकारियों से अपनी धरती छींनकर प्राप्त करना आता है। यह हमारा अधिकार है। समय की पुकार है, यह सही समय है। (2) जल संधि निलम्बन के मामले में तीव्र गति लानी होगी ताकि राजस्थान को भी पानी का हक मिल सके (3) झेलम की बाढ़ पाकिस्तान के लिए एक डरावना सपना है, उसे चालू रखा जावे (4) जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की बाढ़ आनी चाहिये। देश की आन बान शान का प्रश्न है।

हम भारत के लोग, यह जानते हैं कि 'पीओके' जम्मू-कश्मीर का वह भाग था जो विलय से पूर्व जम्मू-कश्मीर राज्य के राजा का अभिन्न भाग था। पूरे राज्य का विलय भारत के साथ हुआ अतः वह भाग जम्मू-कश्मीर का भी अभिन्न अंग रहा। विलय के बाद कबायलियों की सेना बनाकर पाकिस्तान की सेना ने भारत के इस भाग पर आक्रमण किया वे आज के पीओके वाले भाग में घुस आये। भारतीय सेना ने उन्हें खदेड़ा। विवाद यूएनओ में चला गया। इसका तीन पार्टस् में समझौता हुआ। पार्ट-I में युद्ध विराम पार्ट-II में ट्रूस एग्रीमेन्ट और पार्ट-III में प्लेबी साइट का उल्लेख है।

सिक्यूरिटी कॉन्सिल के समक्ष पाकिस्तान ने स्वीकार किया कि वह अपनी सेना को जम्मू-कश्मीर की सीमा से विदड्रो करने के बाद उक्त क्षेत्र लोकल ऑथोरिटी कमीशन की निगरानी में रहेगा।

पाकिस्तान ने इन शर्तों की पालना नहीं की इतने वर्षों के बाद आज भी पाक सेना व कबायली वहां हैं इससे स्पष्ट है कि पीओके पर पाकिस्तान का कब्जा अतिक्रमणकारी का है और भारत को अपनी भूमि पर कब्जा करने का पूर्ण अधिकार है। भारत की जनता को पीओके पर कब्जा चाहिये। मोदीजी ने सेना को निर्देश दे दिया है कि वक्त की नज़ाकत को देखते हुये कोई भी उचित कदम उठाकर भारत को उसकी अपनी ही जमीन पर कब्जा दिलाये। वहां पीओके के भारतीय भारत की सेना के स्वागत के लिये तैयार हैं।

झंडा ऊँचा रहे हमारा, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा।

विनीत, हम हैं भारत के लोग

द्वारा

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# क्या केवल कोचिंग संस्थान के बच्चे ही सफल होते हैं?



राजेन्द्र जोशी

विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान हैं, जो देश शिक्षित है वह विकसित हैं। बहुत से देशों ने शिक्षा को सही रास्ते चलना बता दिया तो वह देश विकास के रास्ते खुद-ब-खुद चलने लगा। आजादी के आठवें दशक में आते हुए हमारा देश अभी यह तय नहीं कर पाया कि शिक्षा किस रास्ते चलेगी। शिक्षा पर लगातार सवाल उठते रहे हैं, शिक्षा का रंग समय-समय पर बदलता रहा है, रंग भले बदले लेकिन शिक्षा का रास्ता एक ही होना चाहिए। देश में नई शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पांच साल बीत जाने के बाद भी नई शिक्षा नीति शत-प्रतिशत रूप से लागू नहीं हुई। उच्च शिक्षा तक देश में लगभग 35 प्रतिशत विद्यार्थी ही पहुंच पाते हैं। उसमें भी अधिकतर विद्यार्थी ड्रॉप आउट हो जाते हैं। उच्च शिक्षा में न्यूनतम सफलता तो सभी को लगभग लगभग मिल जाती हैं। परंतु उच्च शिक्षा व्यावसायिक शिक्षा और रोजगार में कितनी सफल हो पाती हैं उसकी दर बहुत कम हैं।

नई शिक्षा नीति आने के बाद भी हमारे देश में एक बहस छिड़ी हुई है कि कोचिंग संस्थानों का उपयोग कैसे हो ? कुछ लोग इसे बदलना चाह रहे हैं, कुछ प्रदेश इसमें औपचारिक शिक्षा का भविष्य अंधकार में देखते हैं। यहां यह भी स्पष्ट है कि उच्च शिक्षा में प्रवेश करने वाले शत-प्रतिशत विद्यार्थी कोचिंग संस्थानों में नहीं जा पाते, ऐसा भी नहीं है कि कोचिंग संस्थान के विधार्थी ही शैक्षिक परिदृश्य को बदल रहे हैं, ऐसा नहीं है।

यह भी नहीं है कि प्रतिस्पर्धा के दौर में यूपीएससी, आइआइटी, सीए, एनईईटी, यूजी, अथवा नीट जैसी परीक्षाओं में केवल कोचिंग उद्योग के विधार्थियों को सफलता मिल रही हैं।

कोचिंग संस्थानों ने अभिभावकों के दिमाग को बदल दिया, उनको लगता है कि यदि उनके बच्चे कोचिंग में नहीं जाएंगे तो बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। ऐसे में वह अपने बच्चों को नियमित शिक्षण संस्थानों में केवल नामांकित करते हैं और शेष शिक्षा व्यवस्था कोचिंग संस्थानों के भरोसे छोड़ देते हैं। सरकार को सोचना होगा, अगर ऐसा है तो फिर डमी विद्यार्थी के रूप में विद्यालयों में प्रवेश दिया जाए अथवा नहीं। इस पर नई शिक्षा नीति को विचार करना चाहिए। केवल डमी नामांकन होने से उपलब्ध संसाधनों का भरपूर उपयोग नहीं हो पा रहा हैं। यह चेतावनी होनी चाहिए कि औपचारिक शिक्षा के तहत उपलब्ध बुनियादी ढांचे पर फिर से विचार करने की जरूरत है। हम फिर बार-बार शिक्षकों की कमी की बात क्यों करते हैं? हमें स्पष्ट होना चाहिए कि कौन विद्यार्थी डमी रहेगा, अगर सरकार को चाहिए कि डमी विद्यार्थी रखना नहीं चाहती है तो कोचिंग संस्थानों को निजी शिक्षण संस्थान के रूप में मान्यता भी दे देनी चाहिए, जिससे वह अपने तरीके से बच्चों को शिक्षण में लगा सके। यह वही बात है की दो घोड़ो की सवारी उचित नहीं होती, कोचिंग में पढ़ने वाले लगभग सभी बच्चे सफल तो नहीं हो पाते, फिर ऐसे में असफल रहने वाले बच्चें अवसाद में आ जाते हैं, वही उनके अभिभावक खुद निराश होकर बच्चों को प्रोत्साहित नहीं कर पाते। विडंबना तो तब है कि जब देश में दो-तीन दशक से कोचिंग उद्योग सरकार के सामने पनप रहा हैं। और सरकार को यह भी जानकारी में है कि कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में डमी विद्यार्थी के रूप में नामांकित हैं फिर भी सरकार का तंत्र इस पर कोई विचार-मंथन नहीं कर रहा।

कोचिंग संस्थानों को आरोपित करने से पहले यह मूल्यांकन करना जरूरी है कि वर्तमान में हमारे कॉलेज, विश्वविद्यालय और स्कूलों में डमी विद्यार्थीयों के अतिरिक्त दूसरे विद्यार्थी कितनी देर कक्षा में ठहरते हैं, कितनी कक्षाएं नियमित रूप से लग रही हैं, उन कक्षाओं में पढ़ाई कितनी हो रही हैं। हम आमतौर पर किसी भी संस्थान को खारिज करने में आगे रहते हैं। हम असल मुद्दों से भटकाने में माहिर हैं। हम नियमित रूप से कोचिंग संस्थानों को आरोपित करते रहते हैं, जिससे हमारे नियमित शिक्षण संस्थाओं का मूल्यांकन हो ही ना सके। मैं इस समय कोचिंग संस्थानों की वकालत नहीं कर रहा बल्कि औपचारिक शिक्षा को मूलभूत बुनियादी ढांचे में अत्यधिक अनुशासन के साथ स्थापित करने की बात करना चाहता हूं। यहां यह बहुत जरूरी है कि नई शिक्षा नीति औपचारिक शिक्षा को बचाने में कितनी कारगर साबित होगी इस पर फिर से विचार करना होगा। लोकतंत्र में जो जिम्मेदारी तंत्र की होती है उस पर किसी प्रकार की जिम्मेदारी तय क्यों नहीं हो पाती। शिक्षा हमारे देश या किसी भी देश के विकास की धुरी है, औपचारिक शिक्षा को बचाना है, उसको खंड-खंड नहीं करना है, तो कोचिंग संस्थानों के साथ ईमानदारी से विचार करना होगा।

**–राजेन्द्र जोशी,**
**शिक्षाविद-साहित्यकार**

# दीया कुमारी ने श्री खाटूश्यामजी मंदिर कॉरिडोर के विकास कार्यों की डीपीआर की समीक्षा की

## उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने खाटूश्यामजी मंदिर को विश्वस्तरीय तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

**सीकर,** (निसं)। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ भवन खाटूश्यामजी में शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण और श्री खाटूश्यामजी मंदिर कॉरिडोर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर आयोजित बैठक में सीकर, झुंझुनूं और चूरू के जिला कलेक्टर, पर्यटन हितधारक, श्री श्याम मंदिर कमेटी के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने शेखावाटी की सांस्कृतिक धरोहर को मूल स्वरूप में संरक्षित करने और खाटूश्यामजी मंदिर को विश्वस्तरीय तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उप मुख्यमंत्री कुमारी ने शेखावाटी की विश्व प्रसिद्ध हवेलियों के संरक्षण के लिए किए जाने वाले प्रभावी उपायों पर जोर दिया। उन्होंने हवेलियों की रजिस्ट्री और स्थानांतरण के दौरान कड़ी जांच, जिला व नगर पालिका स्तर पर कमेटी गठन, नियमित मॉनिटरिंग और अतिक्रमण हटाने की त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में हेरिटेज संरक्षण के लिए विधानसभा में विशेष एक्ट लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए तमिलनाडु के चेट्टीनाड मॉडल का अध्ययन कर शेखावाटी में लागू करने का सुझाव दिया। वहीं यूनेस्को की हेरिटेज रिपोर्ट की समीक्षा कर इन स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। हितधारकों ने हवेलियों के लिए जोन निर्धारण, हेरिटेज कंजर्वेशन अथॉरिटी गठन और पर्यटन केंद्रित बजट जैसे सुझाव दिए, जिन्हें उप मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए सभी जिला कलेक्टर्स को त्वरित कार्यवाही के लिए कहा।



उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने खाटूश्यामजी में शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण और श्री खाटूश्यामजी मंदिर कॉरिडोर के विकास कार्यों की समीक्षा की।

**■ बैठक में हेरिटेज संरक्षण के लिए विधानसभा में विशेष एक्ट लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए तमिलनाडु के चेट्टीनाड मॉडल का अध्ययन कर शेखावाटी में लागू करने का सुझाव दिया**

**खाटूश्यामजी मंदिर कॉरिडोर का होगा भव्य विकास :** बैठक में केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत श्री खाटूश्यामजी मंदिर कॉरिडोर के विकास कार्यों की डीपीआर की समीक्षा की गई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने राज्य के प्रस्ताव पर पूर्ण बजट स्वीकृत किया है, जिससे मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। डिजिटल म्यूजियम, इंटरप्रिटेशन सेंटर, ओपन एयर थिएटर, लाइट एंड साउंड शो, कथा पंडाल, कैफेटेरिया, पार्किंग, फूड कोर्ट और मुख्य प्रवेश द्वारों की प्रगति की समीक्षा कर उन्होंने आवश्यक सुझाव दिए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एंट्री पॉइंट्स पर पार्किंग, ड्रेनेज सिस्टम और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट जैसे कार्यों के लिए राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त बजट आवंटन की घोषणा की। वहीं खाटूश्यामजी मंदिर की दर्शन व्यवस्था को और सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन, मंदिर कमेटी और जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेकर कार्य योजना को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण से संबंधित सुझावों को अमल में लाने के लिए शीघ्र ही जयपुर में सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्य योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में सीकर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, झुंझुनूं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, श्री श्याम मंदिर कमेटी के प्रतिनिधि, पर्यटन विभाग, राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम (आरएसआरडीसी), राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एवं संबंधित विभागों के अधिकारी, जन प्रतिनिधि और शेखावाटी क्षेत्र के हितधारक शामिल रहे।

# बाड़मेर में तापमान 46, बीकानेर में 45 डिग्री पहुंचा

**बीकानेर,** (निसं)। यहां तापमान एक बार फिर 45 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया है। आशंका जताई जा रही है कि तीन मई तक बीकानेर में तेज गर्मी रहेगी। गर्मी से राहत मिलने के साथ ही अंधड़ और तूफान परेशान कर सकता है। मौसम विभाग ने बीकानेर के लिए एक बार फिर ओरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य में सर्वाधिक न्यूनतम तापमान बीकानेर में 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

राज्य के पश्चिमी राजस्थान के जिलों में ही पिछले चौबीस घंटे में हीट वेव का असर रहा है। जिसमें बीकानेर के साथ ही जोधपुर, बाडमेर और जैसलमेर भी शामिल है। बाडमेर में पारा 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। राज्य के जोधपुर, बीकानेर व उदयपुर संभाग में कहीं कहीं हीट वेव दर्ज की गई राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 46.8 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 4.7 डिग्री) दर्ज किया गया।

**■ तीन मई तक बीकानेर में तेज गर्मी रहेगी, गर्मी से राहत मिलने के साथ ही अंधड़ और तूफान परेशान कर सकता है**

राज्य में सर्वाधिक न्यूनतम तापमान बीकानेर में 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अक्षय तृतीया पर बीकानेर में 45 डिग्री तापमान के बाद भी पतंगबाजी का दौर सूर्यास्त के बाद भी जारी रहा। तापमान में बढ़ोतरी का ये दौर मई के पूरे महीने में जारी रहने की उम्मीद की जा रही है। अधिकतम तापमान अब चालीस डिग्री सेल्सियस से नीचे आने की उम्मीद नहीं है। आने वाले दिनों में मेघ गर्जन के साथ बारिश और आंधी का सामना भी बीकानेरवासियों को करना पड़ सकता है।

# जेईई-एडवांस्ड : आवेदन प्रक्रिया जारी

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे प्रतिष्ठित एवं कठिनतम इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड इस वर्ष 18 मई को दो पारियों में सुबह 9 से 12 एवं 2.30 से 5.30 बजे तक आयोजित होगी। आईआईटी कानपुर की ओर से आयोजित की जा रही इस परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। अब तक करीब 1.50 लाख स्टूडेंट्स आवेदन कर चुके हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 2 मई, शुक्रवार, रात 11.55 बजे तक है। कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि हर वर्ष जेईई-मेन के लाखों स्टूडेंट्स में से शीर्ष 2.50 लाख स्टूडेंट्स को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया जाता है। हर वर्ष इन क्वालीफाई स्टूडेंट्स में से बड़ी संख्या में हजारों ऐसे स्टूडेंट्स होते हैं जो पात्र होने के बाद भी परीक्षा में शामिल नहीं होते। गत 6 वर्षों की स्थिति देखे तो करीब 5 लाख स्टूडेंट्स ऐसे हैं, जो जेईई-एडवांस्ड परीक्षा के लिए पात्र होने के बावजूद परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह के मामले सामने आये

## प्रशासन और पुलिस की सतर्कता से कई बाल विवाह को रोका गया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। हाल ही में मनाई गई आखातीज (अक्षय तृतीया) के अवसर पर बाल विवाह की घटनाएं सामने आई हैं। हालांकि प्रशासन और पुलिस की सतर्कता से कई बाल विवाहों को रोका गया, लेकिन एनजीओ के दावे खोखले साबित होते नजर आए।

बिजौलियां क्षेत्र के तिलस्वा महादेव पर बंजारा समाज के 15 जोड़ों की शादी हुई, जिसमें 4 नाबालिग लड़कियों के बाल विवाह हुए, इनमें आरोली, चम्पापुर, मध्यप्रदेश के नीमच मनासा आदि जगह से जोड़े शामिल थे। जोगणियां माता मंदिर में भीलवाड़ा के समीप मंगलपुरा से राव परिवार के जोड़े धोक लगाने पहुंचे। प्रशासन के डर से दो दिन पहले ही इनके फेरे करवा दिए गए। आखातीज को अबूझ सावा माना जाता है, जिसके कारण इस दिन विवाहों की संख्या अधिक होती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में इस अवसर का लाभ उठाकर बाल विवाह किए जाने की प्रवृत्ति देखी गई है। हालांकि प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए गत दिनों में 156 बाल विवाह रुकवाए जरूर हैं, फिर भी कुछ स्थानों पर बाल विवाह की घटनाएं हुई हैं। जिले में महिला अधिकारिता विभाग ने बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या और घरेलू हिंसा के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए। महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, लेकिन इन आयोजनों की जमीनी हकीकत ये तस्वीरें बया कर रही है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### मंगलवार 2 मई, 2025


वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082, आर्द्रा नक्षत्र दिन 01:04 तक, धृति योग रात्रि 3:20 तक, बालव करण प्रातः 9:15 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-कर्क, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि और कुमार योग दिन 1:04 से सूर्योदय तक है। रवियोग दिन 1:04 से आरम्भ होगा। आज श्री आद्य शंकराचार्य जयन्ती, संत सूरदास जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:30 तक, लाभ अमृत 7:30 से 10:46 तक, शुभ 12:24 से 2:02 तक, चर 5:18 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 10:30 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:52, सूर्यास्त 6:56




**मेष**
व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।




**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।




**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कर्क**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।



**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।




**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।



**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मकर**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।



**कुंभ**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# सहकारिता से बने उत्पादों की ब्रांडिंग करें : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सके। इस संकल्प को गति देने में सहकारिता महत्वपूर्ण भूमिका

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग की स्टेट अपेक्स कमेटी की प्रथम बैठक
- अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत वर्षभर आयोजित होंगे जनजागरूकता कार्यक्रम
- 'नया सहकारी कोड सहकारी समितियों के आधुनिकीकरण की दिशा में अहम कदम'



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार ने 'अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' का मोमेन्टो भेंट किया। इस दौरान बैठक में कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।**

निभाती हैं। सहकार से समृद्धि की भावना के साथ राज्य सरकार प्रदेश के सभी गांवों को समृद्ध एवं खुशहाल बनाने के लिए काम कर रही है।

शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित सहकारिता विभाग की स्टेट अपेक्स कमेटी की प्रथम बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता के माध्यम से देश के सभी वर्ग सशक्त हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को सहकारिता से जोड़ने के लिए विभाग द्वारा जन जागरूकता अभियान, सहकार मेले, सदस्यता अभियान और कार्यशालाओं सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता के साथ ही कृषि, राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास एवं पशुपालन जैसे ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े समस्त विभाग भी इन कार्यक्रमों में अपना सक्रिय योगदान दें। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सहकारिता अधिनियम को और प्रासंगिक बनाने के लिए नया सहकारी कोड तैयार किया जा रहा है। यह कोड सहकारी समितियों के आधुनिकीकरण की दिशा में व्यापक सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं में सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए, साथ ही सहकारी संस्थाओं का कम्प्यूटरीकरण करते हुए प्रक्रिया को अधिक से अधिक पारदर्शी बनाया जाए। पैक्स के कंप्यूटरीकरण का कार्य भी नियत समयावधि तक पूर्ण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में घोषित नवीन गोदामों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण और नियत समय अवधि में पूर्ण किया जाए, ताकि इसका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि गोदामों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएं तथा फसलों की स्टोरेज के संबंध में कैलेण्डर भी जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग एवं राजीविका को आपसी समन्वय बनाते हुए काम करें, जिससे सहकारी बैंक भी मजबूत होंगे तथा महिलाओं को आर्थिक संबल भी मिलेगा। उन्होंने सहकारी संस्थाओं द्वारा बने उत्पादों की ब्रांडिंग करने के अधिकारियों को निर्देश दिए, जिससे समितियों की आय में बढ़ोतरी हो सके। बैठक में प्रमुख शासन सचिव सहकारिता मंजू राजपाल ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत की जा रही विभागीय गतिविधियों की कार्य योजना की जानकारी दी। इस दौरान सहकारिता विभाग की गतिविधियों के संबंध में लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री को सहकारिता राज्य मंत्री ने 'अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' का मोमेन्टो एवं विभागीय अधिकारियों ने सहकारिता से बने विभिन्न उत्पाद भी भेंट किए।

बैठक में कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिकायत निराकरण समिति की बैठक

**जयपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल कटाई प्रयोगों पर एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी द्वारा लगायी गयी आपत्तियों के निस्तारण हेतु बीमा कम्पनी के प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति के सदस्यों के साथ गुरुवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में शासन सचिव ने भीलवाड़ा जिले के रबी 2023-24 की फसल कटाई के 9 पटवार मंडलों के 33 फसल कटाई प्रयोगों की आपत्तियों के निस्तारण हेतु जिले के अधिकारियों एवं बीमा कम्पनी प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर योजना प्रावधान के अनुरूप कार्यवाही कर आपत्तियों का निस्तारण किया।



**विद्याधर नगर स्टेडियम में चल रही शिव महापुराण में भीड़ अधिक होने के कारण ट्रेफिक होता रहा जिससे लोग रोज मर्रा के कार्य नहीं कर पा रहे और ऑफिस भी समय पर नही पहुंच पा रहे हैं।**

# पूर्व मंत्री भाया और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने से इनकार

- हाईकोर्ट ने दस दिन में जांच में शामिल होने के दिए आदेश

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया और उनकी पत्नी सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने भाया दंपत्ति सहित अन्य को दस दिन में प्रकरण की जांच में शामिल होने के आदेश दिए हैं। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश प्रमोद जैन भाया और उर्मिला जैन सहित अन्य की 19 याचिकाओं को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि एफआईआर की निष्पक्ष जांच और उसे रद्द करने की प्रार्थना एक साथ नहीं की जा सकती। यह दोनों प्रार्थनाएं आपस में ही विरोधाभासी और कानूनी रूप से असंगत है। इसके अलावा दर्ज की गई एफआईआर अलग-अलग लेन-देन और अलग-अलग थानों में दर्ज की गई हैं। वहीं याचिकाकर्ता ने किसी पर दुर्भावना का भी आरोप नहीं लगाया है। ऐसे में सभी एफआईआर की जांच एक आईपीएस से कराने की प्रार्थना भी नहीं मानी जा सकती।

याचिकाओं में कहा गया कि गत विधानसभा चुनाव हारने के बाद याचिकाकर्ता, उसके रिश्तेदार और दोस्तों सहित उससे जुडे अन्य लोगों के खिलाफ सत्ताधारी पार्टी के प्रभाव से राजनीतिक द्वेषता के चलते डेढ़ दर्जन से अधिक एफआईआर दर्ज कराई गई। सत्ताधारी दल के सदस्यों और समर्थकों ने याचिकाकर्ताओं को निशाना बनाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया है। सभी एफआईआर में लगाए गए आरोप अस्पष्ट, बेतुके और व्यावहारिक रूप में असंभव हैं। इन एफआईआर के अधिकांश शिकायतकर्ता सत्तारूढ़ दल के समर्थक हैं। ऐसे में उन्हें आशंका है कि इन मामलों की जांच निष्पक्ष नहीं होगी। ऐसे में लंबित एफआईआर को रद्द किया जाए। इसके अलावा इन एफआईआर और भविष्य में दर्ज होने वाली एफआईआर की संयुक्त रूप से निष्पक्ष जांच बारां व झालावाड़ जिले के अलावा अन्य जगह पदस्थापित आईपीएस अधिकारी से कराई जाए। जिसका विरोध करते हुए राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोज शर्मा ने कहा कि याचिकाकर्ता एक ओर तो इन एफआईआर को रद्द करने की गुहार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इन्हीं एफआईआर की संयुक्त रूप से एक अधिकारी से जांच की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा हर मामले के तथ्य, अपराध की प्रकृति और शिकायतकर्ता अलग-अलग हैं। इन एफआईआर में अवैध खनन, नगर निगम के फर्जी दस्तावेज, फर्जी पट्टा और वित्तीय अनियमितता सहित अन्य अलग तरह के आरोप हैं। ऐसे में इनकी संयुक्त रूप से जांच नहीं हो सकती। इसके अलावा याचिकाकर्ताओं ने वर्तमान जांच अधिकारियों पर दुर्भावना का भी कोई आरोप नहीं लगाया है। अदालत ने पूर्व में अंतरिम आदेश जारी कर याचिकाकर्ताओं पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने को कहा था, लेकिन इसके बावजूद याचिकाकर्ता जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा किसी आरोपी को यह अधिकार नहीं है कि मनचाहे अधिकारी से मनचाही दिशा में जांच कराए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिकाओं को खारिज करते हुए याचिकाकर्ताओं को दस दिन में जांच में शामिल होने को कहा है।

## छात्र जीवन के दौरान दर्ज प्रकरण में नरेश मीणा बरी

**जयपुर।** महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-12 ने छात्र जीवन के दौरान शहर के गांधी नगर थाने में दर्ज एफआईआर में नरेश मीणा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। पीठासीन अधिकारी खुशबू परिहार ने अपने आदेश में कहा कि प्रकरण में शिकायतकर्ता के ही बयान दर्ज नहीं हुए हैं। ऐसे में आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी किया जाना उचित है।

नरेश मीणा की ओर से अधिवक्ता फतेहराम मीणा ने अदालत को बताया कि जिस समय की घटना बताई जा रही है, उस समय नरेश मीणा मौके पर ही मौजूद नहीं था। इसके अलावा पुलिस ने किसी भी स्वतंत्र गवाह के बयान दर्ज नहीं कराए हैं। वहीं शिकायतकर्ता स्वयं भी अदालत में बयान देने नहीं आया है। ऐसे में उसे दोषमुक्त किया जाए। दूसरी ओर सरकारी वकील ने कहा कि 5 अगस्त, 2004 को राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में घूमर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान कांस्टेबल मानसिंह व अन्य पुलिसकर्मी गेट पर तैनात थे। इस दौरान नरेश मीणा, मानसिंह मीणा और अन्य लोग स्टेज की ओर जबरन बढने लगे।

# आरसीडीएफ एवं जिला संघों का लाभ 400 करोड़ के पार पहुंचा

- दुग्ध डेयरी सहकार से समृद्धि, राजस्थान में दुग्ध क्रान्ति के नये कीर्तिमान
- सरस घी की बिक्री में तोड़े सारे रिकॉर्ड

**जयपुर।** राजस्थान राज्य में दुग्ध डेयरी सहकार से समृद्धि का सपना साकार होने लगा है। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन और उससे सम्बद्ध जिला दुग्ध संघों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभ के सभी पैमानों, टर्नओवर, सरस घी और दुग्ध उत्पादों की बिक्री, महिलाओं की दुग्ध क्षेत्र में सहभागिता, राजस्व ग्राम तक दुग्ध सहकारी समितियों की पहुँच आदि के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फैडरेशन की सफलताओं के पीछे सरस अमृतम, दूध का दूध पानी का पानी और एक जिला एक उत्पाद जैसे अभियान और सरस घी के सभी पैक्स में क्यूआर कोड और राज्यभर में एक साथ सरस मिठाई का विपणन जैसे नवाचारों का अहम योगदान रहा है।

राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 आरसीडीएफ एवं सम्बद्ध जिला दुग्ध संघों ने रिकार्ड 400.85 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है जो फैडरेशन की स्थापना के 47 वर्षों में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह लाभ 298.61 करोड़ रुपये था। इस प्रकार आरसीडीएफ के कुल लाभ में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि आरसीडीएफ के पशु आहार संयंत्रों में कच्चे माल के क्रय मूल्य में भारी कमी और संयंत्रों की उत्पादन लागत में कमी के कारण पशु आहार संयंत्रों के लाभ में भी 77 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में आरसीडीएफ के पशु आहार संयंत्रों सहित सभी इकाईयों का लाभ 65.44 करोड़ रुपये था जो बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 116.07 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है।

भारद्वाज ने बताया कि आरसीडीएफ के 47 वर्षों के इतिहास में पहली बार आरसीडीएफ एवं इससे सम्बद्ध जिला दुग्ध संघों का टर्नओवर 10 हजार करोड़ रुपये के करीब पहुँच गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आरसीडीएफ एवं दुग्ध संघों का टर्नओवर 9505.14 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह 8237.33 करोड़ रुपये था। इस प्रकार आरसीडीएफ के टर्नओवर में 15.40 प्रतिशत की अभूतपूर्व बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## उद्योगपति को निरुद्ध करने का आदेश रद्द

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर के एक उद्योगपति को विदेशी मुद्रा के संरक्षण एवं तस्करी रोकथाम अधिनियम के तहत एक साल के लिए निरुद्ध करने के आदेश को रद्द करते हुए उसे तुरंत रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस आशुतोष कुमार ने यह आदेश पीयूष नवलखा की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हर्षवर्धन नंदवाना ने अदालत को बताया कि यूको बैंक, जौहरी बाजार ने कस्टम विभाग को शिकायत देकर विदेश में लेनदेन की जानकारी दी थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए याचिकाकर्ता का लुक आउट सर्कुलर जारी किया। वहीं 22 जुलाई, 2024 को दुबई जाते समय याचिकाकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से हाईकोर्ट में जमानत याचिका पेश की गई।

# प्रबुद्धजन राजनीतिक पार्टियों का अध्ययन करके जुड़ता है भाजपा से : मदन राठौड़



**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने समाज के कई प्रबुद्धजनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।**

- 'भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस, आम पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता'

**जयपुर।** भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ समाज के प्रबुद्धजनों ने गुरुवार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सभी का भाजपा परिवार में स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज देश का बुद्धिजीवी वर्ग हर राजनीतिक पार्टी के कार्य, वादे और उनकी विचारधारा का अध्ययन तथा चिंतन करता है। आज देश में भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी राजनीतिक पार्टी है जहां किसी परिवार की सेवा नहीं की जाती, बल्कि देश के आम नागरिकों को प्राथमिकता दी जाती है। ऐसे में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले नए सदस्यों का भाजपा परिवार में स्वागत और अभिनंदन है।

मदन राठौड़ ने कहा कि समाज के प्रबुद्धजन चिंतन मनन करते है कि कौन-सी राजनीतिक पार्टी देश को समृद्ध कर सकती है, देश का मान बढ़ा सकती है और देशवासियों को सुरक्षा दे सकती है। भाजपा ही देश में ऐसी पार्टी है जो एक परिवार का नहीं, देश के 140 करोड़ भारतीय के विकास की चिंता करती है। इस चिंतन मनन के बाद आज समाज का अधिकांश प्रबुद्धजन भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहा है। भाजपा परिवार में आने वाले प्रबुद्धजन अकेले नहीं है, इनका समाज में एक प्रभुत्व है और इनका आभामंडल भी है, इनके प्रभाव क्षेत्र में आने वाले भी भाजपा परिवार से जुड़ेंगे। इससे भाजपा और मजबूत होगी तथा भाजपा को बल मिलेगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का कथन जो आज हमारा दुश्मन है वो कल हमारा समर्थक बने। इस पर भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में विधायक बाल मुकुंदाचार्य, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, भाजपा नेता रवि नैय्यर, चन्द्रमोहन बटवाडा ने नए सदस्यों को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस दौरान वार्ड 95 पार्षद प्रत्याशी मनोज ठाकवानी, कांग्रेस महिला पूर्व महासचिव अंजना त्रिलोकानी, जवाहर नगर सेक्टर 2 अध्यक्ष रमेश हरपलानी, वार्ड उपाध्यक्ष हरिमोहन शर्मा, आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता मयंक त्यागी, लक्ष्मण टेकचंदानी, सेक्टर 4 अध्यक्ष गणेश राजपाल, मुरली पंजाबी सहित 34 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# पी.डब्ल्यू.डी. की सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा इंडिया बुक आफ़ रिकॉर्ड्स में दर्ज

- अब तक 11200 किमी लम्बाई की सड़कों की जांच कर बनाया रिकॉर्ड

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेशभर में डीएलपी सड़कों की गुणवत्ता जांच एवं सड़क गुणवत्ता के प्रति जनजागरूकता हेतु आयोजित की जा रही सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा (सगुनि) को इंडिया बुक आफ़ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर के सभागार में गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स के पदाधिकारियों ने मुख्य अभियंता गुण नियंत्रण जसवंत खत्री को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह प्रदान किया।



**राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर के सभागार में गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स के पदाधिकारियों ने मुख्य अभियंता गुण नियंत्रण जसवंत खत्री को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह प्रदान किया।**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में मुख्य अभियंता गुणवत्ता नियंत्रण जसवंत खत्री के नेतृत्व में निकाली जा रही है इस यात्रा ने किसी राज्य में डीएलपी सड़को की गुणवत्ता जाँच हेतु तय की गई सर्वाधिक दूरी के मामले में रिकॉर्ड बनाया है। अब तक इस यात्रा के माध्यम से 11200 किमी की दूरी तय की जा चुकी है जबकि अभी 10 अन्य जिलों में पहुँचनी शेष है।

मुख्य अभियंता जसंवत खत्री ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं निदेशालय तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 30 मार्च चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत् 2082 को ,सड़क गुणवत्ता निरीक्षण (सगुनि )यात्रा, श्री गंगानगर जिले के राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से शुरू की गई थी जो कि दौसा होती हुई गुरूवार को जयपुर शहर में पहुँची है एवं 33 जिला मुख्यालयों से गुजरती हुई बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्री गंगानगर में पूर्ण होगी।

सार्वजनिक निर्माण विभाग की गुण नियंत्रण ईकाई के नेत्तृत्व में निकाली जा रही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़को के ,दोष निवारण अवधि में संवेदकों द्वारा किये जाने वाले रख रखाव का मूल्यांकन पॉलिटेक्निक महाविधालय के अंतिम वर्ष के छात्रों से करवाया जाना है। इसके तहत पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को लॉटरी के माध्यम से संबंधित जिले के विभिन्न खण्डों की सड़कों की जांच हेतु भेजा जाता है। जांच रिपोर्ट में खराब पाई गई सड़कों के संबंध में कार्यवाही हेतु मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव के माध्यम से संबंधित संवेदक एवं अभियंता को कार्यवाही हेतु पत्र भेजकर सड़क की गुणवत्ता को ठीक करवाया जाता है।

यात्रा के दौरान अब तक 24 जिलों में 11202.89 किमी दूरी की 2224 सड़कों की गुणवत्ता की जांच की जा चुकी है। श्री गंगानगर में लगभग 325 किमी की 38 सड़कों, बीकानेर में 378 किमी की 53 सड़कों, जैसलमेर में 424 किमी की 42 सड़कों, बाड़मेर में 564 किमी की 69 सड़कों, जालौर में 396 किमी की 36 सड़कों, सिरोही में 177 किमी की 33 सड़कों, राजसमंद में 333 किमी की 50 सड़कों, उदयपुर में 630 किमी की 97 सड़कों, डूंगरपुर में 493 किमी की 47 सड़कों, बांसवाड़ा में 244 किमी की 49 सड़कों, प्रतापगढ़ में 434 किमी की 49 सड़कों, चित्तौडगढ़ में 226 किमी की 43 सड़कों, भीलवाड़ा में 311 किमी की 51 सड़कों, टोंक में 373 किमी की 50 सड़कों, बूंदी में 256 किमी की 37 सड़कों, कोटा में 670 किमी की 252 सड़कों, झालावाड़ में 707 किमी की 177 सड़कों, बारां में 632 किमी की 139 सड़कों, सवाईमाधोपुर में 774 किमी की 144 सड़कों, करौली में 660 किमी की 120 सड़कों, धौलपुर में 383 किमी की 84 सड़कों, भरतपुर में 610 किमी की 182 सड़कों, अलवर में 700 किमी की 242 सड़कों तथा दौसा में 500 किमी की 140 सड़कों की जांच यात्रा के दौरान करवाई जा चुकी है।

इस दौरान पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विधार्थीयो को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई है। इस दौरान अतिथियों ने जयपुर जिले के विभिन्न खण्डों के निरीक्षण हेतु पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव टी सी गुप्ता, समस्त मुख्य अभियंता एवं अन्य अधिकारी तथा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य सहित छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

## सीसीटीवी कैमरों का शिलान्यास

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 149 पंचवटी सर्किल राजा पार्क में विधायक कोष द्वारा प्रदत्त राशि 16 लाख रुपये की लागत से लगने वाले 21 सीसीटीवी कैमरो का शिलान्यास किया। नटवर कुमावत ने बताया कि पंचवटी सर्किल के पास कुछ महीने पहले चोरों के द्वारा एक मोबाइल की दुकान के ताले तोड़कर 2 करोड रुपए के मोबाइल चोरी हुए थे, उस समय क्षेत्रीय विधायक सराफ घटनास्थल पर गए थे, और व्यापारियों को आश्वासन दिया था, की जल्दी यहां पर विधायक कोष से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। वैष्णो देवी सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों ने सराफ का माला, एवं मातारानी की चुनरी ओढ़ाकर जोरदार स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विकास समिति अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, चंद्र भाटिया, मेहर परनामी, बृजमोहन मदान, पूनम कला, चिराग भाटिया संदीप इत्तन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# 'जैसलमेर में कर्रा रोग के प्रभावित गांवों में बीमार पशुओं के सैंपल लिए गए'

**जयपुर।** जैसलमेर जिले में कर्रा रोग की वस्तुस्थिति का पता लगाने के लिए पशु चिकित्सकों के तीन सदस्यीय दल ने प्रभावित जिले के करीब दो दर्जन गांवों में पहुंचकर दर्जनों बीमार पशुओं के सैंपल्स लिए हैं। दल की प्रारंभिक रिपोर्ट में पाया गया कि कर्रा रोग प्रारंभिक लक्षण वाले पशुओं की संख्या काफी कम हो गई है। पशुपालन, डेयरी एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया है कि जयपुर स्थित पीजीआईवीईआर के वीसीसी ईचार्ज व अस्टिटेंट प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार झीरवाल के निर्देशन में पीजीआईवीईआर के अस्टिटेंट प्रोफेसर डॉ. विकास गालव व डॉ. संदीप कुमार शर्मा को जांच लिए भेजा गया। इस टीम ने जैसलमेर जिला मुख्यालय के आसपास के गांवों व पोकरण तहसील के दो दर्जन से अधिक गांवों में सैंपल लिए हैं। इस टीम ने दो दिन तक जिले के गांव बड़ोड़ा, रिदवा, बंबारों की ढाणी, गांव आसायच, डाबला, दरबारी, सोरों की ढाणी सहित करीब दो दर्जन गांवों में बीमार पशुओं के सैंपल लेकर जिला कलेक्टर व पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. उमेश कुमार को अवगत करवाया है। जोराराम कुमावत ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों से बीमार पशुओं के लिए गए सैंपल का लैब में गहन परीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद वस्तुस्थिति और साफ हो सकेगी।

कुमावत ने बताया कि चिकित्सकों के दल ने जिन क्षेत्रों में पशुओं के सैंपल लिए हैं, वहां कर्रा रोग के प्रारंभिक लक्षण तो नहीं मिले हैं लेकिन कुछ अन्य बीमारियों के लक्षण जरूर मिले हैं जिनके लिए उनका उपचार चल रहा है। खासकर पशुओं में पोषण व फास्फोरस की कमी, बैक्टीरियल रोग की आशंका है।

# अनियंत्रित होकर कार पलटी, बीगोद थाने के पुलिसकर्मी की मौत, चार घायल

## बीगोद थाने की पुलिस टीम गुजरात से आरोपी को लेकर आ रही थी, उदयपुर जिले के नेशनल हाइवे 27 पर गोगुन्दा के पास हादसा हुआ

**मांडलगढ़/उदयपुर, (निसं)।** मांडलगढ़ के बीगोद थाने की पुलिस टीम गुजरात से लाखों की धोखाधड़ी के आरोपी को गुरुवार को तड़के लेकर बीगोद आ रही थी। पुलिसकर्मियों की कार उदयपुर जिले के नेशनल हाइवे 27 पर गोगुन्दा के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार में सवार एक पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य एएसआई, पुलिसकर्मी, कार चालक और डिटेन किया गया आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर गोगुन्दा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कार से निकालकर उदयपुर उपचार के लिए भर्ती कराया हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जोजवा (मांडलगढ़) निवासी बलवंत सिंह के साथ गुजरात के मेहसाणा के लोगों ने ऑनलाइन फ्रॉड कर करीब 20 लाख रुपए ऐंठ लिए थे और 48 लाख रुपए की ओर मांग कर रहे थे। इस मामले में बीगोद थाना पुलिस में 2022 में पीड़ित ने मामला दर्ज कराया था। धोखाधड़ी के आरोपी को पकड़ने के लिए बीगोद थाना पुलिस टीम मेहसाणा गुजरात 29 अप्रैल को गई थी। टीम में तीन पुलिसकर्मी, एक आरोपी और चालक सवार थे। मेहसाणा से आरोपी को लेकर पुलिस टीम बीगोद आ रही थी। इस दौरान गुरुवार अल सुबह उदयपुर जिले के गोगुन्दा थाना क्षेत्र के हाइवे सड़क पर कार पलटने से पांचों कार सवार उसमें बुरी तरह फंस गए। हादसे में एक पुलिसकर्मी देवनारायण गुर्जर की मौत हो गई। वहीं 2 पुलिसकर्मियों सहित चारों जनों को उदयपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। मृतक पुलिसकर्मी सवाईमाधोपुर जिले का रहने वाला है। उनके परिजनों को हादसे की सूचना दी गई।

हाइवे मोबाइल पेट्रोलिंग टीम के कॉन्स्टेबल बाबूलाल ने बताया कि



**मृतक पुलिसकर्मी देवनारायण गुर्जर का फाइल फोटो**

सुबह करीब पांच बजे पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि गोगुंदा थाना क्षेत्र में खाखड़ी के पास रामनिवास होटल के सामने एक कार पुलिया के पास क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी है। कार

- **हादसे में एएसआई, पुलिसकर्मी, कार चालक और डिटेन किया गया आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गए**

पूरी तरह से पिचकी हुई है। मौके पर पहुंचे तो उसमें सवार पांचों लोग फंसे हुए थे। मौके पर क्रेन को बुलाकर कार को सीधा करवाकर सभी को निकाला गया। घायल तीन पुलिस की वर्दी में थे। उनमें से एक पुलिसकर्मी सवाईमाधोपुर के कुंडेरा थाना क्षेत्र के रायताखुर्द मूल निवासी देवनारायण गुर्जर की मौत हो गई। वहीं दो पुलिसकर्मी एएसआई बंशीलाल, सिपाही सुनील कुमार सहित कार चालक बलवंत जाट और आरोपी अल्फाज मंसूरी को घायल हालत में गोगुंदा सीएचसी में भर्ती करवाया गया। वहां से उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल में रेफर किया गया। हादसे में जान गंवाने वाले पुलिसकर्मी देवनारायण चार महीने पहले ही बिगोद थाने में आए थे। इससे पहले वे शाहपुरा पुलिस थाने में पोस्टेड थे। उनके तीन बेटियां है और पत्नी हाउस वाइफ है। उनके साथियों का कहना है कि वे हंसमुख, टैलेंटेड और होशियार थे। सबकी मदद करने में भी आगे रहता था।

**कार पलटी या टक्कर मारी :-** पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आ रहा है कि कार बेकाबू होकर पलटी या किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी। पुलिस मामले को लेकर हर पहलू पर जांच कर रही है। उधर सूचना मिलने पर मांडलगढ़ पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई, बीगोद थानाधिकारी जय सुल्तान कविया घटना स्थल पर पहुंचे और उदयपुर में घायलों की जानकारी ली। हादसे को लेकर पुलिस महकमे में शोक की लहर छा गई।

# खंडेला क्षेत्र में तीन दर्जन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

## बांग्लादेशी नागरिकों पर आरोप है कि ये अवैध रूप से इलाके में रह रहे थे



**सीकर जिला पुलिस ने जिले के खंडेला क्षेत्र में तीन दर्जन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा।**

**सीकर, (निसं)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र और राज्य सरकार सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क हो गई है। हमले के बाद सरकार ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ कड़े कदम उठाने शुरू किए। इसी के तहत सीकर जिला पुलिस ने जिले के खंडेला क्षेत्र में गुरुवार को तीन दर्जन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है।

खंडेला एसएचओ इंद्रप्रकाश यादव ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने करीब तीन दर्जन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। इन पर आरोप है कि यह अवैध रूप से इलाके में रह रहे थे। पुलिस का कहना है कि ये बांग्लादेशी हैं, और बिना किसी वैध दस्तावेज के भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर राजस्थान पहुंचे थे और खंडेला में ईंट-भट्ठों पर मजदूरी कर रहे थे। हैरानी की बात है कि बांग्लादेशियों का

- **बांग्लादेशियों का न तो पुलिस और न ही किसी अन्य एजेंसी ने अब तक सत्यापन किया था**
- **पहलगाम आतंकी हमले के बाद सीकर जिला पुलिस एक्शन मोड में आई**

न तो पुलिस और न ही किसी अन्य एजेंसी ने अब तक सत्यापन किया था। ये लोग सालों से बिना किसी रोकटोक के मजदूरी कर रहे थे। अभियान के दौरान जब पुलिस ने छापेमारी शुरू की तो पकड़े जाने के डर से कई बांग्लादेशी खेतों की ओर भागने लगे। पुलिस कहना है कि को इन्हें पकड़ने के लिए करीब दो घंटे तक खेतों में दौड़ना पड़ा। आखिरकार पुलिस ने तीन दर्जन से ज्यादा बांग्लादेशियों को पकड़ लिया। करीब एक दर्जन लोग भागने में सफल रहे। पुलिस पकड़े गए बांग्लादेशियों से पूछताछ कर रही है। घटना ने खंडेला पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार पहले पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश दिया गया और अब राजस्थान में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। बुधवार शाम को सीएम आवास पर हुई बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा ने इसके लिए गृह विभाग, पुलिस, खुफिया एजेंसियों और प्रशासन को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

# हाइड्रा क्रेन के नीचे इंजीनियर दबा, मौत

**सूरतगढ़, (निसं)।** हाइड्रा क्रेन के नीचे दबने से एक इंजीनियर की मौत हो गई। मामला श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट की सुपर क्रिटिकल इकाई परिक्षेत्र का है। राजियासर पुलिस थाने के एएसआई हनुमान प्रसाद ने बताया-घटना शाम 5 बजे की है। हादसा उस समय हुआ जब निर्माण सामग्री की लोडिंग-अनलोडिंग का काम चल रहा था। मृतक की पहचान बॉबी कुमार (42) पुत्र जोगेंद्र सिंह निवासी बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। वह वर्तमान में सूरतगढ़ थर्मल क्षेत्र में कार्यरत जीडीसीएल कंपनी में इंजीनियर के रूप में काम कर रहा था।

जीडीसीएल कंपनी के लिए कार्यरत इंजीनियर बॉबी कुमार शाम करीब पांच बजे कंपनी के साइट ऑफिस के बाहर निर्माण सामग्री की लोडिंग-अनलोडिंग का काम देख रहा था। इसी दौरान हाइड्रा क्रेन का संतुलन बिगड़ गया और वह पास ही खड़े बॉबी पर पलट गई। भारी-भरकम क्रेन के नीचे दबने से बॉबी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही कंपनी के कर्मचारियों ने तुरंत क्रेन को

- **सूरतगढ़ थर्मल प्लांट में हादसा हुआ, साइड के बाहर काम देख रहा था**

हटाकर शव को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी जान जा चुकी थी। पुलिस ने शव को सूरतगढ़ के सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

एएसआई हनुमान प्रसाद ने बताया कि मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। परिजनों के उत्तर प्रदेश से सूरतगढ़ पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कंपनी के अधिकारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

घटना को लेकर इंटक संगठन के प्रदेश महामंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने कहा किइस हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों की कमी को उजागर किया है। कर्मचारियों ने मांग की है कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं।

# चोर गिरोह का पर्दाफाश, गुजरात से दो आरोपी गिरफ्तार

## चाबी बनाने या ताले ठीक करने के बहाने ये मोहल्लों में घूमकर घरों की टोह लेते थे

**सूरतगढ़, (निसं)।** यहां सिटी थाना पुलिस ने बंद मकानों को निशाना बनाने वाले एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दो शातिर अपराधियों, गुरवीरसिंह और भरतसिंह को गुजरात से गिरफ्तार किया है। इस गिरोह ने सूरतगढ़ सहित दिल्ली, चूरू और गुजरात के कई शहरों में लाखों रुपए की चोरियां करना कबूला है।

सीआई दिनेश सारण ने खुलासा करते हुए बताया कि घटना 24 अप्रैल की है, जब सूरतगढ़ निवासी मंजु जोशी, जो आर्मी हॉस्पिटल में नर्सिंग स्टाफ हैं, ने थाने में शिकायत दर्ज की। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल की रात ड्यूटी पर जाने के बाद अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर 15 तोला सोने के गहने, 2.55 लाख रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज चुरा लिए।

- **आर्मी हॉस्पिटल में नर्स के घर से 15 तोला सोना और ढाई लाख रुपए चुराए थे**

जांच में पता चला कि उसी रात शहर के छह अन्य बंद मकानों में भी चोरी के प्रयास हुए थे।

सीआई ने बताया कि मामले की जांच हैड कॉन्स्टेबल चेतराम को सौंपी गई। डीएसपी प्रतीक मील और उनके निर्देशन में हैड कांस्टेबल चेतराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें ताराचन्द, दुर्गादत्त, सुरेश कुमार, रामकुमार, आत्माराम, महेश और सुरेन्द्र शामिल थे। टीम ने 140 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग, फोटो मिलान और गुप्त सूचनाओं के आधार पर दोनों आरोपियों को गुजरात से धर दबोचा। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं और एक शातिर गिरोह का हिस्सा हैं। ये लोग शहरों में सस्ते गेस्ट हाउस या धर्मशालाओं में ठहरते, चोरी का दोपहिया वाहन इस्तेमाल कर रेकी करते और रात दो बजे के बाद बंद मकानों के ताले तोड़कर चोरी करते। चाबी बनाने या ताले ठीक करने के बहाने ये मोहल्लों में घूमकर घरों की टोह लेते थे। चोरी के बाद वाहन छोड़कर ये गुजरात लौट जाते। पुलिस के अनुसार, दोनों आदतन अपराधी हैं। इनके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में और वारदातों का खुलासा होगा।

# रोडवेज बस व बाइक की टक्कर, एक की मौत

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर बस स्टैंड गणेशजी की तरफ से आ रही एक मोटरसाइकिल व अलवर की तरफ से आ रही राजस्थान रोडवेज बस में गुरुवार सुबह टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दिया, जिसे गंभीर हालत में विराटनगर उपजिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची विराटनगर थाना पुलिस ने मृतक की शिनाख्त विक्रम पुत्र रामकरण यादव निवासी ढाणी गुल्लीवाली भूरी भडाज थाना प्रागपुरा जिला कोटपूतली बहरोड के रूप में की। वहीं परिजनों को हादसे की जानकारी दी।

**हादसे में दो युवक घायल :** टोंक के देवली के कोटा हाइवे पर बुधवार रात्रि को एक वैन ने बाइक को टक्कर मार दी, इस हादसे में दो बाइक सवार युवक घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान दीपक पुत्र रमेश मीणा और श्याम पुत्र श्योजी मीना के रूप में हुई है। दोनों युवक देवली से शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव टीकड़ लौट रहे थे, तभी एक वैन ने उन्हें टक्कर मार दी।

# ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

**निवाई, (निसं)।** जयपुर-पूना ट्रेन से गुरुवार को सुबह करीब 11 बजे नला रोड पर स्थित आगर वाले बाबा मंदिर के पास रेलवे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।

पुलिस सहायक उपनिरीक्षक राजेंन्द्रसिंह ने बताया कि नला रोड पर स्थित आगर वाले बाबा मंदिर के पास रेलवे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आने से राजेश पुत्र मथुरालाल गुर्जर गांव बणजारी थाना चौथ का बरवाड़ा की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# पाली में युवक के मोबाइल में बांग्लादेश का नंबर मिला

## तीन संदिग्धों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया

**पाली, (नि.सं.)।** पाली पुलिस की ओर से चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के तहत गुरुवार सुबह शहर के आशापुरा नगर में चुनाराम जाट के नेतृत्व में 50 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की टीम सर्च ऑपरेशन में जुटी रही। इस दौरान जांच में एक युवक के मोबाइल में बांग्लादेश का नंबर मिला। इस पर तीन संदिग्ध युवकों को पुलिस पूछताछ के लिए थाने ले गई।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब सात बजे 50 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की टीम शहर के आशापुर नगर पहुंचे। कॉलोनी में एंटर होने वाले रास्ते में जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात रहे। वहीं टीमें यहां कॉलोनी में जाकर किराए पर रहने वाले बाहरी लोगों का डेटा खंगालने में जुटी रही। लोगों के आधार कार्ड चेक किए। जांच के दौरान एक मोबाइल के युवक में बांग्लादेश का नंबर मिला। पूछताछ में युवक खुद को बंगाल का रहने वाला बताया और कहा कि पिछले कई सालों से वह पाली में रह रहा है और अपने एक परिचित के साथ यहां आया था। इस पर पुलिस ने उसके परिचित को भी बुलाया। एसपी के निर्देश के बाद तीनों संदिग्धों को कोतवाली पुलिस पूछताछ के लिए थाने ले गई। सर्च ऑपरेशन के दौरान एसपी चुनाराम जाट, एएसपी विपिन शर्मा, सीओ सिटी ऊषा यादव, कोतवाल अनिल विश्नोई सहित 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी तीन घंटे से ज्यादा समय तक सर्च ऑपरेशन में जुटे रहे।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले के बाद देश भर में अलर्ट जारी कर रखा है। पुलिस देश में अवैध रूप से रह रहे बाहरी देशों के लोगों की पहचान के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पाली में भी पुलिस की ओर से जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है।

# सात हजार की रिश्वत लेते कांस्टेबल गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तौड़गढ़ की टीम ने लसाडिया थाने में तैनात कांस्टेबल को पीड़ित से सात हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चित्तौड़गढ की टीम ने गुरूवार को कार्यवाही करते हुए सलूम्बर जिले के लसाड़िया पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल किशनलाल शर्मा को सात हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. शिवप्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी चित्तौड़गढ़ को एक शिकायत मिली थी। जिसमें पुलिस थाना लसाड़िया के कांस्टेबल किशनलाल शर्मा द्वारा परिवादी के

- **परिवादी के पार्टनर के शराब के ठेके की एसएचओं के नाम से मंथली सात हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया**
- **एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ जारी**

पार्टनर के शराब के ठेके की एसएचओ के नाम से मंथली के रूप में सात हजार रूपये की मांग कर परेशान कर रहा है। जिस पर एसीबी रेंज उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तौड़गढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रमसिंह के नेतृत्व में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी लसाड़िया पुलिस थाने के कांस्टेबल किशनलाल शर्मा द्वारा परिवादी के पार्टनर के शराब के ठेके की एसएचओं के नाम से मंथली 7 हजार रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ कर कार्रवाई की जा रही है। ब्यूरो ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।


Office of the Superintendent Engineering and Project Manager WCDC, Karauli

No. 125 Date: 24-04-2025

NOTICE INVITING BID

NIB No 02/2025-26

Bids for Nala sudadikaran karya bus stand ke pass pepal ghat work Project PMKSY2.0 Block - Todabhim of estimated value INR 34.59 Lacs [01 Package] are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 04-05-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, departmental website.

NIB CODE:- WSC 2526 A0071
UBN NO- WSC 2526 WSRC00130

Superitending Engineer, and Project Manger WCDC Zila Parishad Karauli

DIPR/C/5828/2025



कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी कम विकास अधिकारी पंचायत समिति बामनवास, जिला सवाई माधोपुर

Notice Inviting Bid

Bids for Materical Supply in Various Gram Panchayat of Panchayat Samiti Bamanwas is invited from interested bidders upto 07-05-2025 Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal sppp.raj.nic.in of the state website and eproc.rajasthan.gov.in also.

| S.No. | NIT No. | UBN No. | अनुमानित लागत राशि (रूपये (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00214 | 40 |
| 2 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00215 | 60 |
| 3 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00216 | 40 |
| 4 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00218 | 50 |
| 5 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00217 | 50 |
| 6 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00183 | 60 |
| 7 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00219 | 40 |
| 8 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00221 | 40 |
| 9 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00220 | 50 |
| 10 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00008 | 50 |
| 11 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00222 | 50 |
| 12 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00223 | 50 |
| 13 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00224 | 50 |
| 14 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00225 | 50 |
| 15 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00232 | 50 |
| 16 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00233 | 50 |
| 17 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00235 | 40 |
| 18 | 02/2025 | PL2526GLOB00009 | 50 |
| 19 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00236 | 40 |
| 20 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00227 | 40 |
| 21 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00226 | 60 |
| 22 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00239 | 60 |
| 23 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00238 | 40 |
| 24 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00243 | 40 |
| 25 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00244 | 60 |
| 26 | 02/2025 | ZSM2526GLOB00245 | 40 |

(नरेन्द्र कुमार मीणा RDS)
कार्यकारी अधिकारी कम विकास अधिकारी
पंचायत समिति बामनवास

DIPR/C/5955/2025


# रायसिंहनगर धान मंडी में आग लगी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** कृषि उपज मंडी समिति रायसिंहनगर की लापरवाही के चलते गुरूवार को मंडी प्रांगण स्थित वाटर वर्क्स परिसर में भीषण आग लग गई। वाटर वर्क्स परिसर में लंबे समय से साफ-सफाई नहीं होने के कारण कंटीली और सूखी झाडियों का ढेर जमा था। इन्हीं झाडियों में दोपहर में आग भड़क गई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तीव्र थी कि देखते ही देखते पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया। सूचना मिलते ही मौके पर मजदूरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग लगने की वजह संभवतया बिजली के ट्रांसफार्मर में हुए शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है, हालांकि अभी तक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मंडी समिति की ओर से अब तक न तो परिसर की साफ-सफाई की गई थी और न ही सूखी झाडि़यों को हटाया गया। यह लापरवाही आज हादसे का कारण बन गई। इससे पहले जिला कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि मंडी परिसर और मुख्य सड़कों पर एफसीआई की गेहूं की बोरियां न लगाई जाएं, जिससे आपात स्थिति में राहत दल

- **वाटर वर्क्स परिसर में सफाई नहीं होने के कारण कंटीली और सूखी झाडियों का ढेर जमा था, इसमें आग लगी**
- **आग लगने की वजह संभवतया बिजली के ट्रांसफार्मर में हुए शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है**

सुगमता से पहुंच सके। इन आदेशों की भी अवहेलना की गई। सड़क पर रखी गेहूं की बोरियों के चलते फायर ब्रिगेड की गाड़ी समय पर वाटर वर्क्स परिसर तक नहीं पहुंच पाई, जिससे आग और अधिक फैल गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निजी पानी के टैंकरों की सहायता से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। मौके पर कृषि उपज मंडी समिति के सचिव विमल कुमार मौके पर नजर बनाए रहे। इस घटना ने एक बार फिर मंडी समिति की कार्यप्रणाली और अव्यवस्था को उजागर कर दिया है। रायसिंहनगर के पवन, सुरेंद्र, जयदीप, प्रमोद कुमार, राधेश्याम सहित अनेक स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यदि समय रहते मंडी परिसर की सफाई होती और प्रशासन के आदेशों की पालना की जाती यह हादसा रोका जा सकता था।

# वेयर हाउस में लगी आग में 15 करोड़ का नुकसान

**बीकानेर, (निसं)।** करणी औद्योगिक क्षेत्र स्थित वेयर हाउस में लगी आग पर 26 घंटे बाद भी काबू नहीं पाया जा सका। आग लगने से नोखा एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के करीब 15 करोड़ रुपए का नुकसान बताया गया है। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट माना गया है।

करणी औद्योगिक क्षेत्र में नोखा एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड नाम से इंटीग्रेटेड कोल्डचेन वेयर हाउस है। इसमें फर्म और अन्य व्यापारियों का करीब 70 करोड़ रुपए का कृषि कमोडिटी का स्टॉक था। फर्म प्रॉपराइटर सुनील झंवर ने बताया कि वेयर हाउस का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया

- **आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है**

कि कोल्डचेन में इंसुलेशन मेटेरियल रहता है, जहां बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। कूलिंग के लिए अमोनिया गैस भी भरी हुई थी। राहत की बात ये है कि आग वहां तक नहीं पहुंची। समय रहते उस हिस्से में लगी आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन एग्रीकल्चर कमॉडिटी की आग रात नौ बजे तक नहीं बुझ पाई। करीब दस प्रतिशत हिस्से को बुझाने के प्रयास रात तक चलते रहे।

# कार की टक्कर से मोपेड सवार मां-बेटे घायल

## दोनों मां-बेटे रिश्तेदार की शादी में जाने की तैयारी में थे

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में तेज रफ्तार से आ रही कार ने मोपेड सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक के लीवर पर गंभीर चोट आई। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं घायल मां का पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार जारी है। घटना बुधवार को पाली शहर के जोधपुर रोड पर भटवाड़ा के निकट हुई।

जानकारी के अनुसार, मोपेड पर 24 साल का गोपाल पुत्र रतनलाल अपनी 57 वर्षीय मां पुष्पा देवी के साथ शहर के महाराणा प्रताप सर्किल से सुभाष नगर ए आ रहा था। इस दौरान सुभाष नगर के निकट रोड क्रॉस करते समय इनकी मोपेड को तेज रफ्तार से आ रहे कार सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों मां-बेटे उछलकर सड़क किनारे भरे गंदे पानी में जा गिरे। घटना के बाद कार सवार फरार हो गया। दोनों

- **बुजुर्ग महिला की कूल्हे की हड्डी टूटी, ड्राइवर फरार**

घायलों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां से गोपाल को गंभीर हालत में जोधपुर रेफर किया गया।

मामले में बांगड़ हॉस्पिटल के डॉ. जेपी रांगी ने बताया कि हादसे में युवक के लीवर पर गंभीर चोट लगी। जिससे खून उनके पेट में जमा हो गया। ऐसे में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर किया गया। वहीं इस हादसे में घायल वृद्धा के कूल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती किया गया। दोनों मां-बेटे रिश्तेदार की शादी में जाने की तैयारी में थे। किसी काम से महाराणा प्रताप सर्किल के पास रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां से आ रहे थे। इस दौरान यह हादसा हो गया।

# सिर्फ इंजीनियर्स ही नहीं, संविदा और प्रतिनियुक्ति पर लगे सभी कार्मिको को है जेडीए की कुर्सी का मोह!

## सिर्फ इंजीनियर्स ही नहीं, संविदा और प्रतिनियुक्ति पर लगे सभी कार्मिकों को है जेडीए की कुर्सी का मोह!

-कार्यालय संवाददाता-

■ उप नगर नियोजक, अभियोजन अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर, सूचना सहायक, कनिष्ठ सहायक और कुछ सहायक लेखाधिकारी भी ऐसे है, जो पिछली कांग्रेस सरकार के समय से ही जेडीए में जमे हुए हैं

■ सूत्रों के मुताबिक राजस्थान सेवा नियमो के अनुसार, "कोई लोकसेवक अधिकतम 4 वर्ष तक ही प्रति नियुक्ति पर एक स्थान पर कार्यरत रह सकता है।"

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की कुर्सी का मोह सिर्फ इंजीनियर्स को ही नहीं, बल्कि प्रतिनियुक्ति और संविदा पर कार्यरत सभी अफसरों और कार्मिकों को है। कुछ अफसर तो ऐसे है, जिन्हे 8 से 10 साल तक यहाँ बीत चुके, परन्तु रिलीव होने का नाम तक नहीं लेते। फिर चाहे सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की। जबकि राजस्थान सेवा नियमो के मुताबिक भी कोई लोकसेवक अधिकतम 4 वर्ष तक ही प्रति नियुक्ति पर एक स्थान पर कार्यरत रह सकता है। इन कार्मिकों की सांठ-गाँठ ऐसी है कि जेडीए प्रशासन भी इन्हे रिलीव करने का नाम नहीं ले पा रहा।

सूत्रों के मुताबिक जयपुर विकास प्राधिकरण में उप नगर नियोजक, अभियोजन अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर, सूचना सहायक, कनिष्ठ सहायक और कुछ सहायक लेखाधिकारी भी ऐसे है, जो पिछली कांग्रेस सरकार के समय से ही जेडीए में जमे हुए है। जबकि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के तुरंत बाद ही नगरीय विकास विभाग और यूडीएच् मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आदेश जारी करके प्रतिनियुक्ति पर लगे हुए सभी अफसरों और कार्मिकों को रिलीव करके मूल विभाग में भेजने के लिए कहा था, परन्तु इसके बाद भी जेडीए प्रशासन ने इसमें कोई रूचि नहीं ली।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, उप नगर नियोजक उदय सिंह वर्मा, अभियोजन अधिकारी विजय सिंह, सहायक प्रोग्रामर राजेंद्र कुमार जाजोरिया और हरिनारायण वर्मा, सूचना सहायक दिव्या वर्मा, कनिष्ठ सहायक मो. वसीम खान, अनिल भारद्वाज तथा सहायक लेखाधिकारी महेंद्र प्रसाद जैन व नीरज कुमार परेवा वर्ष 2019-20 से जेडीए में प्रतिनियुक्ति पर लगे हुए है। इनमे से मोहम्मद वसीम खान तो वर्ष 2015 से जेडीए में लगे हुए है।

सबसे ज्यादा हैरानी का वाकया तो जनवरी माह के हुए जलदाय विभाग के आदेशों के बाद सामने आया, जब जेडीए से अधिशाषी अभियंता दिनेश कूकना को हटाया गया। चर्चाएं है कि ना तो कूकना यह कुर्सी छोड़ना चाहते थे और ना ही इंजीनियरिंग शाखा के वरिष्ठ अफसर उन्हें हटाना चाह रहे थे। जलदाय विभाग ने जिन दो अधिशाषी अभियंताओं दिलीप लम्बा और नीरज पीपलोदा को जेडीए में लगाया, उन्हें 4 माह तक कुर्सी तक नहीं दी। कूकना ने अपना तबादला रुकवाने के लिए राजस्थान राज्य सिविल सेवा प्राधिकरण से स्टे लेने की भी कोशिश की, परन्तु वहां से भी राहत नहीं मिली तो मनमर्जी से कुर्सी पर हक़ जमाये बैठे रहे। इस पूरे घटनाक्रम में जेडीए के अफसर भी अप्रत्यक्ष रूप से कूकना का साथ दे रहे है।

इसी प्रकार राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर लगे अधिशाषी अभियंता रामनिवास सिंघल को जब जलदाय विभाग ने तबादला करके आरयूडीआईपी में लगाया तो इन्होने भी राजस्थान राज्य सिविल सेवा प्राधिकरण से स्टे ले लिया, परन्तु ट्रिब्यूनल ने जलदाय विभाग को छूट दी कि वह अलग से आदेश निकालकर इन्हे हटा सकता है। इसके बावजूद भी जलदाय विभाग ने इनके ऊपर कोई एक्शन नहीं ले रहा है। इनके अलावा लखन सिंह मीणा भी बिना कोई स्टे ही 4 माह से हाऊसिंग बोर्ड में डटे हुए है। परन्तु आवासन मंडल प्रशासन भी इनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं ले रहा।

# एजीटीएफ की कार्रवाई के डर से विदेश में छिपे लॉरेंस के गैंगस्टरों ने बदले ठिकाने

जयपुर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम (एजीटीएफ) टीम विदेश में बैठे गैंगस्टर पर शिकंजा कसती जा रही है। इस डर से राजू ठेहट, सुखदेव गोगामेड़ी जैसे हत्याकांड को अंजाम देने वाले लॉरेंस गैंग के गैंगस्टर ठिकाने बदल रहे हैं। पिछले दिनों एजीटीएफ ने दुबई से दो और इटली से एक बदमाशों को पकड़ा था।

टीम ने 4 अप्रेल को दुबई से लॉरेंस गैंग के आदित्य जैन उर्फ टोनी को गिरफ्तार किया है। इससे पहले एजीटीएफ जुलाई 2024 में लॉरेंस गैंग के अमरजीत विश्नोई को इटली में हाउस अरेस्ट करा चुकी है। इस मामले का अब इटली के कोर्ट में ट्रायल चल रहा है। पुलिस के पास 50 से अधिक वांटेड बदमाशों के बारे में जानकारी है, जो वारदात के बाद विदेश में छिपे बैठे हैं। पुलिस अब तक 24 बदमाशों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा चुकी है। एजीटीएफ की टीम आखिर विदेशों में छुपे बैठे गैंगस्टर को वापस लाने के लिए काम कर रही है।

राजस्थान में कई वारदात कर चुके वांटेड गैंगस्टर पुलिस की सख्ती बढ़ने पर फर्जी पासपोर्ट के सहारे दुबई भागे थे। जब से एजीटीएफ ने दुबई में इन गैंगस्टर की धरपकड़ के लिए शिकंजा कसना शुरू किया तो ये वहां से अलग-अलग देशों में भाग गए हैं।

इसे गैंगस्टर राजू ठेहट की हत्या के आरोपियों के उदाहरण से समझा जा सकता है। 3 दिसंबर 2022 को सीकर में गैंगस्टर राजू ठेहट की हत्या के बाद रोहित गोदारा गैंग से जुड़े अमरजीत, वीरेंद्र चारण सहित कई बदमाश पहले दुबई भागे।

पुलिस ने जब इन्हें पकड़ने की प्लानिंग बनाई तो अमरजीत अक्टूबर 2023 में इटली भाग गया। पुलिस को मिले इनपुट के आधार पर वह साइप्रस होते हुए इटली पहुंचा था।

# रेरा केवल नियामक नहीं, बिल्डर और उपभोक्ता के बीच विश्वास का सेतु है : खर्रा




जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में गुरुवार को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने राज रेरा 2.0 वेबसाइट की लॉन्चिंग की।

जयपुर। नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के नगरीय विकास को लेकर राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जो प्रदेश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेरा केवल नियामक नहीं, बिल्डर और उपभोक्ता के बीच विश्वास का सेतु है। उन्होंने कहा कि आज रेरा के कारण न केवल स्थानीय निवासियों में, बल्कि अप्रवासी भारतीयों के बीच भी विश्वास स्थापित हुआ है, जिसके चलते वे विदेश में रहते हुए भी राजस्थान के रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश कर रहे हैं। खर्रा ने कहा कि रेरा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ भविष्य की आवासीय आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का कार्य कर रहा है।

जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में गुरुवार को रेरा दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान रेरा-अब तक का सफर और भविष्य की तैयारी थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने राज रेरा 2.0 वेबसाइट की लॉन्चिंग की। यूजर फ्रेंडली राजरेरा 2.0 वेबसाइट के माध्यम से रेरा के विभिन्न कार्यों को पूर्णत: पारदर्शिता के साथ दर्शाया गया है। साथ ही, वेबसाइट पर अनुमोदित प्रोजेक्ट्स की लोकेशन, शिकायतों का स्टेटस, नवीनतम निर्णय आदि का अवलोकन कर सकते हैं।

रेरा की अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने कहा कि रेरा द्वारा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेरा प्रदेश में ग्रीन सर्टिफिकेशन और ग्रीन बिल्डिंग प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक प्रयास कर रहा है, जिससे सतत विकास की अवधारणा को साकार किया जा सके। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर को सशक्त दिशा देने के लिए रेरा हर संभव प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर उन्होंने गत आठ वर्षों में रेरा द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी भी साझा की।

प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग वैभव गालरिया ने कहा कि रियल एस्टेट (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट, घर खरीदारों के हितों की रक्षा करता है। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि नीतियों के निर्माण में रेरा के प्रावधानों को प्राथमिकता दी जाए। गालरिया ने कहा कि प्रदेश के नए बिल्डिंग बायलॉज में भी ग्रीन बिल्डिंग प्रैक्टिस पर विशेष बल दिया गया है, ताकि निर्माण कार्य पर्यावरण के अनुकूल संपन्न हो सकें।

# बेगस जैन मंदिर के वार्षिक मेले की पत्रिका का विमोचन

जयपुर। जयपुर शहर के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में स्थित अतिशयकारी देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, बेगस के 4 मई को सुबह 8.15 बजे होने वाले 14वें वार्षिक मेले की पत्रिका का विमोचन खवास जी का रास्ता स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान पूज्य उपाध्याय 108 श्री उर्जयन्त सागर महाराज ने किया। इस अवसर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष पूनम चन्द ठोलिया, महामंत्री सुरेश छाबड़ा व कार्यकारिणी सदस्य जयकुमार जैन-बड़जात्य मौजूद रहे।

मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष पूनम चन्द ठोलिया, महामंत्री सुरेश छाबड़ा व आजीवन संरक्षक चेतन कुमार छाबड़ा ने बेगस मंदिर की महिमा बताते हुए कहा कि 466 वर्ष से अधिक प्राचीन यह मंदिर ऐतिहासिक धरोहर है जिसकी सार-संभाल करने में पूरा जयपुर जैन समाज जुटा हुआ है।

उन्होंने बताया कि महोत्सव के तहत सुबह 8.15 बजे जिन अभिषेक व शांतिधारा के बाद नित्य नियम पूजा होगी।

इसके बाद ध्वजारोहण के ध्वजारोहणकर्ता श्रेष्ठि सुमन लता, प्रदीप-खुशबू जैन सिनोदिया परिवार व दीप प्रज्वलनकर्ता श्रेष्ठी राकेश जैन, शिल्पा जैन, मुस्कान व डॉ.सक्षम मोदी करेंगे व दीप प्रज्वलन श्रेष्ठी राकेश जैन, शिल्पा जैन, मुस्कान व डॉ.सक्षम मोदी करेंगे।

# जेडीए ने दो स्थानों से 17 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया

## चार बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 में ग्राम चक शिवदासपुरा, पदमपुरा में करीब 7 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इसी जोन में पिछी खातेदारी की करीब 4 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णत: ध्वस्त किया गया। जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन पालड़ी मीना में सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। ग्राम रोपाड़ा गोविन्दपुरा में करीब 10 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम चक शिवदासपुरा, पदमपुरा, जिला जयपुर में करीब 7 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल बनाकर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयोजनार्थ कब्जे-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी भूमि को



जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम चक शिवदासपुरा, पदमपुरा में करीब 7 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 11 करोड़ रुपये है। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम शिवदासपुरा, जिला जयपुर में करीब 4 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवाये भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ईकोलोजिकल जोन ग्राम पालड़ी मीना, जिला जयपुर में करीब 400 मीटर एरिया नाले की सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से ईटों की चारदीवारी, बाउण्ड्रीवाल, लोहे का गेट, टीनशेड्नुमा कोटडी व अन्य अवैध निर्माण कब्जे-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर नाले की सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रोपाड़ा, गोविन्दपुरा, जिला जयपुर में करीब 10 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल, टीनशेड्नुमा कोठड़ी बनाकर, लोहे के ऐंगल गाड़कर, तारबंदी कर व अन्य अवैध निर्माण कब्जे-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रूपये है।

# बंदूक दिखाकर बदमाशों ने दुकानदार से लूटी नकदी व मोबाइल

जयपुर। गांधी नगर थाना इलाके में दो बदमाश दुकानदार से मारपीट कर नगदी व मोबाइल लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच जुटी है। पुलिस के अनुसार प्रतापनगर निवासी महेश कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि आरटीओ कार्यालय झालाना के सामने उसने दुकान खोल रखी है। 23 अप्रेल की रात करीब साढ़े नौ बजे दो बदमाश उसकी दुकान में आए। एक बदमाश के पास पिस्टल को दूसरे के हाथ में लोहे का सरिया था। बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की। बदमाश दुकान के गल्ले से 2100 रुपए और उससे मोबाइल छीनकर ले गए।

## सार-समाचार

### जलदाय कर्मचारियों ने नई भर्ती ओवर टाइम की मांग की




जयपुर। 1 मई को मजदूर यूनियन इंटक के नेतृत्व में सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने एकत्रित होकर राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूर दिवस मनाया और काम आने वाले औजार उपकरण का विधिवत पूजन किया। इस मौके पर सैकड़ो जलदाय कर्मचारियों ने राज्य सरकार से जलदाय विभाग में 33 वर्षो से तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती नही हुई है जिसको लेकर नई भर्ती की मांग की और विभाग में तकनीकी कर्मचारियों को वर्ष 2011 से लंबित ऑवर टाइम को पुन: बहाल करने की मांग की और 1 मई को मजदूर दिवस पर राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की गई। इस मौके पर जलदाय इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, संरक्षक रामाशंकर गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत, जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी, प्रदेश सलाहकार जगदीश गुप्ता, इंटक नेता फूलचंद गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, प्रदेश खेल मंत्री विनोद कुमार मीणा, जलदाय इंटक से महेश विजय, ऋषभ कायथ, जगदीश चौहान, सीताराम गुर्जर, रामधन पोसवाल, पदमा राणा सहित सैकड़ों इंटक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और मजदूर दिवस मनाया।

### शूटिंग रेंज में चोरी

जयपुर। जगतपुरा स्थित शूटिंग रेंज में चोरी का मामला सामने आया है। इसको लेकर मालवीय नगर थाने में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार गायत्री नगर सांगानेर निवासी भीमराज शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि 28 अप्रैल की शाम को चोर शूटिंग रेंज में घुसे और वहां से एक धनुष, चार दर्जन तीर, दो फिंगर टेप, एक क्यूबर, एक लॉग बार और एक शॉर्ट बार ले गए। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है।

### सलोनी जैन को पीएचडी की उपाधि



जयपुर। सलोनी जैन को आईआईएस यूनिवर्सिटी की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि "इम्पैक्ट ऑफ ऑर्गनाइजेशन सिटिजनशिप बिहेवियर ऑन ऑर्गनाइजेशनल इफेक्टिवनेस: अ कम्पैरेटिव स्टडी ऑन गवर्नमेंट एंड प्राइवेट यूनिवर्सिटीज" विषय पर शोध के लिए दी गई है। उन्होंने यह शोध कार्य प्रोफेसर टी. एन. माथुर और डॉ. सीमा सिंह राठौड़ के निर्देशन में पूरा किया है।

### एसएमएस हॉस्पिटल में छत का हिस्सा गिरने से दो मरीज घायल

जयपुर। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में गुरुवार को छत का एक हिस्सा गिरने से दो मरीज घायल हो गए। मरीज के होट- सिर और आंख के पास चोट आई है। हादसे के बाद वहां मौजूद अन्य मरीजों, उनके परिजनों और स्टाफ के सदस्यों में हड़कंप मच गया। घटना सर्जिकल वार्ड में गुरुवार सुबह 10.30 बजे हुई थी।हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया कि इस घटना में दो मरीजों के चोट आई है। दोनों मरीजों को चोट लगने के बाद ट्रीटमेंट दे दिया है। उनको दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। इस घटना से चोटिल हुए एक मरीज के चेहरे पर गहरे जख्म हो गए। उसके होट, सिर और आंख के पास कट लग गया। इससे काफी खून बहा। घटना सर्जिकल यूनिट-3 के एच वार्ड की है।सर्जरी डिपार्टमेंट एचओडी डॉ. ओम प्रभा ने बताया कि घायल हुए दोनों मरीजों को घटना के बाद हाथों-हाथ ओटी में लेकर गए और दोनों के घावों का उपचार करके उनके टांके लगाए गए हैं। दोनों मरीज अब ठीक है। जो हिस्सा गिरा वह देखने में बिल्कुल ठीक लग रहा था। वहां न कोई लीकेज था, न ही कोई सीलन जैसी स्थिति। सुबह अचानक डक्टिंग के पास एक बड़ा हिस्सा अचानक सीधे मरीज पर गिरा। इस कारण दो पलंग भी टूट गए। इसके अलावा टेबल भी टूट गई। हादसे पर निजी अस्पताल संगठन के प्रेसिडेंट डॉ. विजय कपूर ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जो इसमें जिम्मेदार है, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। अगर यह हादसा किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में होता तो सरकार उस अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई करती है।

# वक़्फ़ संशोधनों के ख़िलाफ़ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का बत्ती गुल का कार्यक्रम सम्पन्न

जयपुर। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड संसद द्वारा पारित वक़्फ़ संशोधनों के ख़िलाफ़ पूरे भारत में 10 अप्रेल से 7 जुलाई तक कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसकी एक कड़ी 30 अप्रेल को रात 9 बजे से 9:15 बजे तक बत्ती गुल करके शांति पूर्वक विरोध करना था। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील पर चलाया गया बत्ती गुल कार्यक्रम पूरे प्रदेश में अत्यन्त सफल रहा। प्रदेशभर से इस संबंध में उत्साहजनक ख़बरें आ रही है। ना सिर्फ़ मुस्लिम इलाक़ों में घरों, दुकानों, फैक्ट्रियों, बाज़ारों और व्यापारिक स्थानों पर 15 मिनट का ब्लैकआउट रहा, बल्कि अन्य धर्मों के हमारे भाइयों-बहनों ने भी इसमें शामिल होकर एकता और भाइचारे का संदेश दिया। मुस्लिम समुदाय व अन्य धर्मों के सभी संगठनों व जमाअतों और ने साझा रूप से इस कार्यक्रम में पूरे मन से इसमें भाग लेकर इसे सफ़ल बनाया और एकता का संदेश दिया और यह बता दिया कि जब एकता, न्याय व अधिकार की बात हो तो सभी साथ खड़े हैं।इस बत्ती गुल प्रदर्शन के कार्यक्रम ने केन्द्र सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकार अब भी अपनी ग़लती माने, वक़्फ़ बिल में किए गए सभी संशोधनों को वापस ले जो कोले क़ानून की तरह हैं, समाज को बांटने वाले हैं संविधान की मूल अधिकारों व भावनाओं के ख़िलाफ़ है।

# दवा कंपनी आरडीपीएल फिर शुरू होगी

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में स्थापित दवा कम्पनी राजस्थान ड्रग एण्ड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड (आरडीपीएल) को जल्द ही पुनर्जीवित किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने बजट में घोषणा की थी, जिस पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसी कड़ी में राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने राजस्थान ड्रग एण्ड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में आरडीपीएल के विशेषाधिकारी एवं निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रबंध



राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने राजस्थान ड्रग एण्ड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड का निरीक्षण किया।

निदेशक ने आरडीपीएल के उत्पादन क्षेत्र, गुणवत्ता नियंत्रण, भण्डारण व्यवस्था एवं मुख्य भवन तथा परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि आरडीपीएल औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित है, जिसके अधीन लगभग 10 एकड़ जमीन है।

गिरि ने आरडीपीएल परिसर में स्थापित मशीनों एवं अन्य उपकरणों का निरीक्षण करने के साथ ही इनकी क्रियाशीलता की स्थिति देखी। उन्होंने आरडीपीएल के भवन, उपकरण, समस्त देनदारियां इत्यादि की सूचना उपलब्ध करवाने के लिए आरडीपीएल प्रतिनिधि को निर्देश दिए। उन्होंने आरडीपीएल से संबंधित न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

प्रबंध निदेशक ने वर्ष 2016 में आरडीपीएल में हुई आगजनी की घटना के आकलन की रिपार्ट भी भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही, निदेशक मण्डल के सदस्यों, वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों, वित्तीय प्रावधानों तथा समस्त देनदारियों की संकलित सूचना तैयार किये जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आरडीपीएल परिसर में जल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, बायोमेडिकल वेस्ट तथा भण्डारण हेतु चिन्हित स्थानों का निरीक्षण भी किया।

# जमीनी स्तर पर योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे : रांका

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ने की बजट घोषणाओं की समीक्षा

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका की अध्यक्षता में गुरुवार को अम्बेडकर भवन स्थित सभागार में सामाजिक न्याय, विशेष योग्यजन निदेशालय एवं बाल अधिकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ बजट घोषणा वर्ष 2024-25 और 2025-26 की समीक्षा बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रांका ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजटीय घोषणाओं की प्रगति का नियमित फॉलोअप लिया जा रहा है ताकि जमीनी स्तर पर योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। बजटीय घोषणाओं की स्पष्ट कार्ययोजना बनाई जाए जिससे तय समय सीमा में घोषणाएं धरातल पर उतर सके और आमजन को संबल मिल सके।




सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक ली।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं के संचालन में समयबद्धता, गुणवत्ता और उपयोगिता पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बाबा साहेब अंबेडकर आदर्श ग्राम योजना, स्वयंसिद्धा आश्रम, कामकाजी महिला आवास योजना, बेघर वृद्ध जन एवं असहाय निराश्रित व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु स्थापित किया जा रहे स्वयं सिद्ध आश्रमों, विमुक्त घुमंतु और अर्ध घुमंतु समुदायों के सशक्तिकरण एवं उत्थान की दृष्टि से दादू दयाल घुमंतु सशक्तिकरण योजना प्रारंभ करने सहित अन्य विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई।

इस दौरान मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, छात्रावासों के लिए भूमि आवंटन, पालनहार जैसी कई अन्य योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान दिव्यांगता प्रमाण पत्रों के पंजीकरण और वितरण की भी जानकारी दी गई।

रांका ने मस्क्यूलर डिस्ट्रोफी पीड़ितों को इलेक्ट्रिक व्हील चेयर वितरण, नशा मुक्ति केंद्रों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए। जिन योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही उनमें तेजी लाने और नियमित मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के सत्यापन में ग्राम सभाओं में विशेष कैंप लगाने, योजनाओं में गति लाने के लिए डिस्ट्रिक और म्युनिसिपल रैंकिंग शुरू करने, छात्रावासों की डिजिटली सुरक्षा को मजबूत करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल, अतिरिक्त निदेशक केसर लाल मीणा, उप निदेशक दीपाली भगोतिया, अतिरिक्त निदेशक विशेष योग्यजन सुमन पंवार, अतिरिक्त निदेशक सूंडाराम मीणा, अतिरिक्त निदेशक रीना शर्मा, अतिरिक्त निदेशक अशोक जांगिड़, अतिरिक्त निदेशक अरविंद कुमार सैनी, अतिरिक्त निदेशक विशेष योग्यजन चंद्रशेखर चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिवपुराण कथा में मोबाइल-चैन और पर्स चोरी की एक दर्जन वारदात

जयपुर। विद्याधर नगर स्टेडियम में चल रही शिवपुराण कथा में सक्रिय गैंग ने एक दर्जन से अधिक मोबाइल, चेन और पर्स की चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। वारदात का पता लगने पर कथा स्थल पर हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद पुलिस को पीड़ितों ने आपबीती बताई। इस पर पुलिस ने कथा के दौरान ही सर्च अभियान चलाया और 25 संदिग्ध महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इन संदिग्ध महिलाओं से पूछताछ करने के साथ उनका क्रिमिनल रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है।

थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि गुरुवार को शुरू हुई शिवपुराण कथा में कुछ लोगों की चेन, मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी होने की जानकारी मिली थी। फिलहाल इस सम्बंध में किसी ने कोई मामला दर्ज नहीं करवाया है। लेकिन शिकायत के आधार पर मौके पर ही जांच करके मौजूद 25 संदिग्ध महिलाओं को पकड़ा है और उनके पूछताछ की जा रही है।

ARBiT it happens here...

FRIDAY
02 May 2025
A-B



## International Harry Potter Day: A Magical Celebration

Every year on May 2, fans around the globe celebrate International Harry Potter Day, marking the anniversary of the Battle of Hogwarts-the day Harry Potter triumphed over Voldemort. Declared by former UK Prime Minister David Cameron in 2012, the day honors not just the iconic book and film series, but also the values it upholds-bravery, friendship, and standing up for what's right. From rereading the novels to cosplay events and trivia contests, Potterheads relive the magic in countless creative ways. It's a day to raise your wands and say, "Hogwarts will always be there to welcome you home."

#HEALTH

# A Simple Morning Ritual

Why Okra Water and Honey Deserve a Spot in Your Routine



In the ever-evolving world of wellness, where smoothies, seed blends, and detox teas often steal the spotlight, one humble super-duo is quietly making waves- okra water and honey. Traditionally used in Ayurvedic and folk medicine, this simple combination is gaining popularity for its wide-ranging health benefits, especially when consumed first thing in the morning.

### What is Okra Water?

Okra, also known as lady's finger or bhindi, is rich in fiber, antioxidants, vitamins A and C, and essential minerals like magnesium and potassium. Soaking okra pods in water overnight allows their nutrients to infuse into the liquid, creating a slimy yet nutrient-dense tonic. Adding a spoonful of natural honey enhances both the taste and the benefits. So, why exactly should you consider starting your day with okra water and honey? Let's break down the reasons:

### 1. Supports Blood Sugar Regulation

One of the most talked-about benefits of okra water is its ability to stabilize blood sugar levels. The viscous fiber in okra slows down sugar absorption in the intestines, making it especially beneficial for people with Type 2 diabetes or prediabetes. When consumed in the morning, it helps set the tone for better glycemic control throughout the day.

### 2. Aids Digestion and Gut Health

The soluble fiber in okra water acts as a natural laxative, promoting smoother bowel movements and reducing bloating. It helps cleanse the digestive tract and supports healthy gut flora, which is essential for immunity and nutrient absorption.

### 3. Promotes Heart Health

The combination of okra's antioxidants and honey's natural anti-inflammatory properties contributes to better heart health. Okra contains pectin, which helps lower LDL (bad cholesterol), while honey can help reduce blood pressure and improve circulation when consumed regularly.

### 4. Enhances Skin and Hair

Rich in antioxidants and vitamin C, okra water can boost collagen production, giving your skin a natural glow and improving elasticity. The hydration from both ingredients supports clearer skin and shinier hair. Regular intake may also reduce acne and pigmentation over time.

### 5. Boosts Immunity

Honey has long been valued for its antibacterial and antiviral properties. Paired with okra's high vitamin C content, this drink can strengthen the immune system, making it a perfect addition during seasonal changes or flu outbreaks.


### 6. Natural Energy Kick

Unlike caffeine-based drinks, okra water with honey provides a steady and natural energy boost without the crash. The natural sugars in honey combined with essential vitamins in okra help revitalize the body and keep fatigue at bay.

**How to Prepare:**
**Slice** 3-4 fresh okra pods and soak them in a glass of water overnight. In the morning, remove the pods, add a teaspoon of raw honey, stir well, and drink on an empty stomach.




# Akbar Was Not Averse To Using European Or Hindu Iconography



Akbar's triumphant entry into Surat, Akbarnama, by Farrukh Beg 1590-95


The third volume of his text, the Ain-e Akbari (the Regulations, or Institutes of Akbar), describes the many departments of the royal household, including the Ketabkhana, with a list of the leading artists of the age. Many of their names are inscribed on paintings accompanying an incomplete, unbound manuscript of the Akbarnama that was bought by the South Kensington Museum in 1896. These demonstrate that the manuscript was originally intended to be the presentation copy for the emperor. The text covers the years 1560 to 1577 and has 116 paintings, all attributed by a contemporary librarian to the artists who painted them. These inscriptions, written in red ink beneath each illustration, record that one designed the composition (tarh), while a second, presumably junior, artist was responsible for the 'work' ('amal), filling in the colours of this outline. In some cases, a specialist portraitist was given the task of painting the features of the main characters in the scene.



The marydom of Saint Cecillia, 1600.




Shahjahan as prince, by Abu'l Hasan,1617




Preperation for the birth of Christ, by Masood Deccani, 1600



Krishna in combat with Indra, from a copy of Harivamsa, 1590



Akbar directing the attack at Ranthambor Fort in 1569, from Akbarnama, by Khim Karan, 1590-95.





Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

The extent of Akbar's interest in the Hindu texts to be made available to the larger population of different faith continued into more translations.

### The Akbarnama

As these translations were nearing completion, Akbar gave the order for the history of his reign to be compiled, including an account of his real and mythical antecedents. The author was Abu'l Fazl, the great polymath of the age, who began his work in 1590 and completed most of it by 1596. His rigorously researched history drew on the central record office of the empire, a number of memoirs commissioned by the emperor from witnesses to recent events, and the recently-translated memoirs of Babur. Though always historically accurate, Abu'l Fazl also portrayed Akbar as the ideal monarch within Iranian traditions of kingship, and the perfect man within traditions of mystical Sufism.

The third volume of his text, the Ain-e Akbari (the Regulations, or Institutes of Akbar), describes the many departments of the royal household, including the Ketabkhana, with a list of the leading artists of the age. Many of their names are inscribed on paintings accompanying an incomplete, unbound manuscript of the Akbarnama that was bought by the South Kensington Museum in 1896. These demonstrate that the manuscript was originally intended to be the presentation copy for the emperor. The text covers the years 1560 to 1577 and has 116 paintings, all attributed by a contemporary librarian to the artists who painted them. These inscriptions, written in red ink beneath each illustration, record that one designed the composition (tarh), while a second, presumably junior, artist was responsible for the 'work' ('amal), filling in the colours of this outline. In some cases, a specialist portraitist was given the task of painting the features of the main characters in the scene.

Some of the V&A's paintings from the Harivamsa and Akbarnama demonstrate another key formative influence in the development of Mughal art: contact with Western art.

In 1572, Akbar embarked on a military campaign to conquer the independent sultanate of Gujarat. The region was extremely wealthy, with sophisticated craft traditions and enormous textile production. The pilgrim port of Surat, from where Muslim pilgrims set off from all over the subcontinent to perform the Hajj, was also within its borders. Victory came to the Mughal forces early in 1573, and Akbar's procession through Surat is depicted in the Akbarnama.

Among the crowd on the far right of the painting is a figure in blue clothes and a black hood, with blue eyes - he represents the Europeans that Akbar encountered for the first time, and energetically questioned about their lives, habits and beliefs. They had come from the Portuguese settlement of Goa, and this encounter would result in Akbar sending a delegation there, to request that a religious delegation be sent to the Mughul court. The first Jesuit mission arrived at the city of Fatehpur in 1580, and installed a chapel inside the house that Akbar had assigned to them. Here, they displayed paintings with Christian subjects that caused a sensation. The emperor brought his leading courtiers to see them, and then sent for his artists. The impact of this - and of paintings and engravings brought by subsequent Jesuit missions - was soon apparent in Mughal painting. The principles of scientific perspective were not followed, but a sense of depth derived from European art is found in some of the paintings in the Akbarnama. One of the paintings from the Harivamsa, showing the dramatic combat between the gods Indra and Krishna taking place above a boat sailing past a rocky landscape, is also obviously inspired by European art.



Dagger, watered steel, chiselled and with traces of goldoverlay, about 1580-1600.

> The emperor brought his leading courtiers to see them, and then sent for his artists. The impact of this - and of paintings and engravings brought by subsequent Jesuit missions - was soon apparent in Mughal painting. The principles of scientific perspective were not followed, but a sense of depth derived from European art is found in some of the paintings in the Akbarnama.



Left to right- Ewer and Salver, mother of pearl, about 1600-25.

## #THE ARTS




Alter frontal, wood inlaid with ivory, 1600

Occasionally, a print of the kind brought by the Third Mission led by Father Jerome Xavier in 1595 was copied precisely. Other paintings were created for copies of the translation into Persian of the Life of Christ that had been requested by Akbar, and were written by Xavier in collaboration with a scholar at the Mughal court.

The same mingling of widely differing artistic traditions in the art of the book during Akbar's reign was certainly found in objects, though comparatively few have survived. A jewelled gold spoon exemplifies the uniquely Hindustani goldsmith's technique of kundan which is still widely practised today across the subcontinent to set stones in gold. It is mentioned by Abu'l Fazl in the Ain-e Akbari, but has antecedents that predate the arrival of the Mughuls by centuries.

The design of the jewelled decoration is purely Iranian, and relates to contemporary illuminated designs in the art of the book. Similarly, a metal water vessel made at about the same time demonstrates the virtuosity of Hindustani metalworkers working with a master calligrapher/ designer who was probably Iranian. The shape is Indian, but the decoration within cusped cartouches (an ornate framing motif) is based on Iranian designs of the period of Shah Tahmasp (reigned 1524 - 76).



Gold spoon set with rubies and emeralds, 1600.



Dagger, watered steel, chisselled and with traces of goldoverlay, about 1580-1600.

A dagger of watered steel, which was originally overlaid with gold, shows the close relationship that must have existed between the artist/designers in the royal workshops and the craftsmen who made objects like this. The chiselled details of a tiger attacking an elephant whose rider, or mahout, tries to fight it off on one side of the blade; and the combat between a horse and an elephant directed by their respective riders on the other, relate to similar scenes in paintings done at the end of Akbar's reign.

By this time, specialist craftsmen in the provinces of the empire supplied the court, and exported their wares to Europe. Gujarat was famous for its inlaid wooden boxes and cabinets, and for its artefacts made out of thin pieces of mother of pearl. Their intended market determined the design of the finished piece, and often its form. Therefore, items made for the huge market in Portuguese Goa might include European-style ewers and salvers that, from there, often travelled westwards and were sometimes given European silver or gilt silver mounts.

> Gujarat was famous for its inlaid wooden boxes and cabinets, and for its artefacts made out of thin pieces of mother of pearl. Their intended market determined the design of the finished piece, and often its form. Therefore, items made for the huge market in Portuguese Goa might include European-style ewers and salvers that, from there, often travelled westwards and were sometimes given European silver or gilt silver mounts.

The rare surviving altar frontal was probably also intended for a Goan patron, but the Mughal-influenced motifs surrounding its central panel of Christian imagery are similar to those on cabinets that were made for the domestic market and must have been produced in quantity. The designs on the altar frontal also have parallels in Mughal painting from that period, showing how far the influence of court art had spread.

By Akbar's death in 1605, Mughal art had brought together disparate influences from Hindustan, Iran and Europe. New industries such as carpet weaving were firmly established, while existing crafts with antecedents long predating the Mughals thrived by having access to much larger markets and new patrons.

### Jahangir

Akbar was succeeded by his son Salim, who took the title Jahangir ('World Seizer'). He inherited a stable and immensely wealthy empire, with an efficient administration that ensured cash flowed from every province into the twelve separate treasuries of the royal household. One treasury was for precious stones, of which there was a vast store, and another held jewelled artefacts including wine cups made of single precious stones and gold thrones. It also held the jewellery that was worn in considerable quantity by the emperor and his family and was exchanged as gifts during the major festivals of the court. Jahangir already had several wives before he married the beautiful and intelligent Mehr un-Nissa in 1611. She came from an aristocratic Iranian family, and both her father and brother reached the highest positions in the Mughal hierarchy after the family came to court. Jahangir gave her the title Nur Jahan (Light of the World), and became devoted to the highly educated and dynamic woman who effectively ruled with him. She was the only Mughal queen to have coins issued in her name. Both were patrons of architecture, though the greatest artistic achievements of the time were to be found in the art of the book, Jahangir's great passion, and in the innovations in some of the materials and techniques used to create objects.

### The Jahangirnama

Like his great-grandfather Babur, Jahangir wrote his memoirs which were entitled the Jahangirnama or Tuzuk-e Jahangir. In between accounts of the rituals of court life, political events and family matters like births, marriages and deaths, they reveal that Jahangir inherited a similar fascination for the natural world.

**To be continued...**


*rajeshsharma1049@gmail.com*



Water vessel, cast gold alloy, engraved and filled with black composition, 1580- 1600.


Gold thumb ring set with emeralds and rubies and enamelled on the inside, 1600-50.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ओम बिरला ने कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र की प्रगतिरत रेल परियोजनाओं की समीक्षा की

## रेल परियोजनाओं की रफ्तार बढ़े, यात्री सुविधाएं बेहतर हों : ओम बिरला



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा जंक्शन पर प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन किया।

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र की प्रगतिरत रेल परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने कोटा जंक्शन और डकनिया रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं के विस्तार, ट्रैफिक सर्कुलेशन प्लान और मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के उपरांत बिरला ने कोटा जंक्शन पर जारी निर्माण कार्यों का अवलोकन भी किया।

अधिकारियों ने स्पीकर बिरला को जानकारी दी कि डकनिया स्टेशन का काम जुलाई में व कोटा रेलवे स्टेशन में जनवरी 2026 तक पुनर्विकास कार्य पूरा हो जाएगा। अस्थायी रूप से ट्रेनों को दूसरे प्लेटफॉर्म पर डायवर्ट किया जाएगा ताकि कार्यों में गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित की जा सके। बिरला ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता रखते हुए सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। बिरला ने ट्रैफिक सर्कुलेशन प्लान को लेकर कहा कि यात्री वाहनों की सुगम आवाजाही के लिए आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त लेन का निर्माण किया जाए, ताकि भीड़ के समय भी आवागमन बाधित न हो। 'ड्रॉप एंड गो' सुविधा के तहत यात्री प्रतीक्षा क्षेत्र इस प्रकार डिजाईन किया जाए कि यात्री गाड़ी से आसानी से उतर सकें और वाहन निर्बाध रूप से आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज का यातायात योजना से समन्वय होना चाहिए ताकि शहर की आवाजाही भी सुचारु बनी रहे।

बिरला ने स्टेशन पर निर्माणाधीन फैसिलिटी एरिया की चर्चा करते हुए कहा कि वहां यात्रियों के बैठने, विश्राम और प्रतीक्षा के लिए आधुनिक और आरामदायक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। बिरला ने केडीए अधिकारियों को कहा कि वे रेलवे के साथ समन्व्य बनाते हुए सर्कूलेटिंग एरिया में रामाश्रय के प्रस्ताव तैयार करें जहां दूर-दराज से आने वाले यात्रियों के लिए ठहरने व भोजन की व्यवस्था की जा सके। लोकसभा अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि मानसून से पहले अंडर पास में जलभराव की समस्या से निदान के लिए ड्राइव चलाई जाए। रेलवे अंडरपास का सर्वेक्षण करें, जहां बिजली आपूर्ति बाधित है, वहां तत्काल सुधार हो, जलभराव की समस्या से निपटने के लिए समुचित जल निकासी व्यवस्था की जाए और आवश्यक मरम्मत कार्य समय रहते पूर्ण कर लिए जाएं। निरीक्षण के उपरान्त लोकसभा अध्यक्ष ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि दोनों स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य पूर्ण होने के बाद यहां यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विशेष रूप से डकनिया स्टेशन पर लूप लाइन के निर्माण से अधिक ट्रेनों के संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे कोटा शहर की बड़ी आबादी को सीधे लाभ मिलेगा। बैठक में ओएसडी राजीव दत्ता, डीआरएम अनिल कालरा, एडीआरएम ललित कुमार धुरंधर, मुख्य परियोजना प्रबंधक सौरभ मिश्रा सहित रेलवे और कोटा विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पानी से भरी खदान में मां-बेटी के शव मिले

## घटना के बाद पति फरार, 24 अप्रैल से लापता थी



नमाना थाना क्षेत्र के गरड़दा गांव में पानी से भरी खदान में मां-बेटी के शव तैरते मिले।

**बून्दी,** (निसं)। जिले के नमाना थाना क्षेत्र के गरड़दा गांव में गुरुवार सुबह पानी से भरे खदान में मां-बेटी के शव तैरते मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं आस पास के गांवों में डर और आशंका का माहौल बना हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची नमाना थाना पुलिस ने ग्रामीणों को इकट्ठा कर दोनों के शवों को खदान से निकलवाकर बून्दी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

नमाना थानाधिकारी धर्मराम चौधरी ने बताया कि गरड़दा गांव में पानी से भरे खदान में दो शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर शव पानी से निकलवाकर बून्दी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाये है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस को परिजनों की ओर से रिपोर्ट का इंतजार है। इसके बाद दोनों के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को मध्यनजर रखते हुए जांच कर रही है। उधर मृतका के पति कैलाश का गायब होना मामले को संदिग्ध बना रहा है। चौधरी ने बताया कि मृतकों की पहचान 28 वर्षीय विनिता भील पत्नी कैलाश और उसकी 14 माह की बेटी रिया के रूप में हुई है। विनिता झाबुआ मध्यप्रदेश की रहने वाली है। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है। विनिता 24 अप्रैल से लापता थी और उसके बाद यह हादसा घटित होना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# लाखों का सामान चुराने का आरोपी गिरफ्तार

- चोरी की एसी, वॉशिंग मशीन समेत पांच लाख का माल जब्त किया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र में लाखों रुपए की इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी के मामले में पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके कब्जे से चोरी के 8 एसी, 2 एलइडी टीवी और 1 वॉशिंग मशीन बरामद की है। इनकी कीमत करीब पांच लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल को नवनीत चावला निवासी विनोबा बस्ती श्रीगंगानगर ने पुलिस थाना सदर में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसमे बताया कि उसके गोदाम चक 2 एलएल, सरपंच कॉलोनी स्थित सिद्धेश डिस्ट्रीब्यूटर्स से लगातार चोरी हो रही है। रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी।

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सौरभ पुत्र लालचंद, निवासी गली नंबर 1, अर्जुन नगर (देवनगर फाटक के पास) श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया। सौरभ के कब्जे से चोरी किए गए सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और संभावना है कि इस प्रकरण में और भी खुलासे हो सकते हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों ने राहत की सांस ली।

# नवजात का भ्रूण मिला

**पाली,** (नि.सं.)। औद्योगिक थाना क्षेत्र के लोर्डिया तालाब किनारे स्थित सर्वोदय नगर में मृत भ्रूण को श्वान नोचते हुए एक गली में लेकर पहुंच गए। लोगों ने श्वानों को भगाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां शुक्रवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद अंतिम संस्कार करवाया जाएगा। इसको लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसआई सम्पतराज ने बताया कि गुरुवार सुबह सूचना मिली कि लोर्डिया तालाब किनारे स्थित सर्वोदय नगर में मृत बच्चे का भ्रूण श्वान नोचते हुए एक गली में लेकर पहुंच गए, जिस पर एएसआई ओमप्रकाश परिहार, हैड कांस्टेबल गोपाराम व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और भ्रूण को कब्जे में लेकर बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृत भ्रूण का शुक्रवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद उसका अंतिम संस्कार करवाया जाएगा। पूर्व पार्षद निर्मल तेजी की रिपोर्ट मिलने के बाद नवजात भ्रूण को फेंकने वाली अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नवजात का भ्रूण एक-दो दिन पुराना है। संभवत: किसी अज्ञात व्यक्ति ने नवजात के भ्रूण को लोर्डिया तालाब किनारे फेंका है, जिसके चलते श्वान उसे नोचते हुए तालाब के निकट सर्वोदय नगर की एक गली में लेकर पहुंच गए। भ्रूण मिलने की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

# नाकाबंदी तोड़कर भागे तस्करों और पुलिस के बीच फायरिंग

## मुठभेड में एक तस्कर घायल हो गया, जिसका जोधपुर में इलाज जारी है, एक अन्य तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया



नाकाबंदी को तोड़कर भागे तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड के बाद पुलिस के उच्च अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच की।

- तस्करों की कार से बड़ी मात्रा में अवैध डोडा-पोस्त व एक पिस्टल बरामद हुआ
- डीसीआरबी कांस्टेबल मोहनलाल के इनपुट पर हुई कार्रवाई

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा जिले के सिवाना पुलिस ने गुरुवार को नाकाबंदी को तोड़कर भागे तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड में एक तस्कर घायल हो गया, जिसका जोधपुर में इलाज चल रहा है। वहीं एक अन्य तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तस्करों की कार से बड़ी मात्रा में अवैध डोडा-पोस्त बरामद हुआ है।

पुलिस अधीक्षक हरि शंकर ने बताया कि इनपुट पर सिवाना के पास नाकाबंदी करवा कर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान जालोर की तरफ से आ रही कार नाकाबंदी तोड़कर भागी जिसका पुलिस टीम ने पीछा किया। तस्कर कार को दस किमी तक भगा ले गए, हिंगलाज की पहाड़ियों में रास्ता खत्म होने पर तस्कर गाड़ी को छोड़कर फायरिंग करते हुए पहाड़ियों में भागने लगे जिस पर पुलिस की जवाबी फायरिंग में तस्कर रमेश के एक गोली कुल्हे पर लग गई। पुलिस टीमो ने भाग रहे तस्करों को दबोच लिया। वहीं फायरिंग में घायल हुए तस्कर रमेश को सिवाना अस्पताल ले जाया गया जहां से जोधपुर रेफर किया है, जिसका जोधपुर में इलाज चल रहा है। कार से पुलिस ने 2.5 क्विंटल अवैध डोडा-पोस्त, एक पिस्टल बरामद किया हैं। वही तस्कर किरताराम पुत्र सुरजाराम निवासी बायतु चिमनजी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई में सिवाना डीएसपी नीरज शर्मा डेलू के नेतृत्व में समदडी सीआई ओमप्रकाश विश्नोई, प्रभारी इमरान खां सहित पुलिस टीमें शामिल रही।

एसपी हरि शंकर ने बताया कि बड़ी कार्रवाई को देखते हुए रेंज आईजी विकास कुमार भी घटनास्थल पहुंचे और क्राइम सीन को देखा और कार्रवाई में शामिल टीम का हौसला बढाया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डीसीआरबी में तैनात कांस्टेबल मोहनलाल की कार्रवाई में विशेष भूमिका रही है। उनके इनपुट पर पुलिस ने नाकाबंदी कर इस कार्रवाई को अंजाम दिया हैं। मोहनलाल ने इससे पूर्व भी एनडीपीएस की कार्रवाइयां करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# मई माह में 139 विभिन्न पदों के लिए परीक्षाएं होंगी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मई माह में 6 विभिन्न भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। कुल 139 पदों के लिए आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं के लिए 52 हजार से अधिक अभ्यर्थी आयोग द्वारा पंजीकृत किए गए हैं।

मई माह में आयोजित होने वाली परीक्षाओं की शुरुआत पीटीआई एंड लाइब्रेरियन (संस्कृत शिक्षा विभाग) परीक्षा-2024 से होगी। कुल 40 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा के लिए 12 हजार से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए हैं। परीक्षान्तर्गत प्रश्न-पत्र तृतीय (जनरल स्टडीज ऑफ राजस्थान) की परीक्षा 3 मई 2025 को दोपहर 3.30 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। लाइब्रेरियन के पदों हेतु 5 मई 2025 को प्रश्न-पत्र प्रथम की परीक्षा प्रात: 9 से 12 बजे तक एवं प्रश्न-पत्र द्वितीय की परीक्षा दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर के पदों हेतु 6 मई 2025 को प्रश्न-पत्र प्रथम की परीक्षा प्रात: 9 से 12 बजे तक एवं प्रश्न-पत्र द्वितीय की परीक्षा दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं 7 मई 2025 को माइंस एंड जियोलॉजी डिपार्टमेंट में 72 पदों पर भर्ती के लिए 5 हजार से अधिक पंजीकृत अभ्यर्थियों की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 40 पदों हेतु असिस्टेंट माइनिंग इंजिनियर परीक्षा-2024 का आयोजन प्रात: 9.30 से 12 बजे तक किया एवं 32 पदों के लिए जियोलॉजिस्ट परीक्षा 2024 का आयोजन दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक किया जाएगा।

12 से 15 मई 2025 को विज्ञापन संख्या 18/2024-25 दिनांक 22 अक्टूबर 2024 के अन्तर्गत चिकित्सा शिक्षा विभाग में 9 विषयों हेतु सहायक प्रोफेसर के 23 पदों पर भर्ती परीक्षा का आयोजन निधारिंत कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए 194 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर भर्ती परीक्षा-2024 के अन्तर्गत 8 विषयों के 14 पदों हेतु 1145 पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए 12 से 15 मई 2025 तक ही निधारिंत कार्यक्रमानुसार परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। 17 मई 2025 को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में जनसंपर्क अधिकारी के 6 पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में 33 हजार से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए हैं।

# 35 तहसील राजस्व लेखाकार पदोन्नत

**अजमेर,** (कासं)। राजस्व मंडल की ओर से हाल ही आयोजित पदोन्नति समिति की बैठक की अनुशंषा पर राजस्थान के 35 तहसील राजस्व लेखाकारों को सहायक राजस्व लेखाधिकारी द्वितीय के पद पर पदोन्नत किया गया है। मंडल निबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि वर्ष 2024-25 के तहत एक वर्ष 2023-24 के तहत 25 तहसील राजस्व लेखाकारों को पदोन्नत किया गया है, जबकि वर्ष 2013-14 से वर्ष 2022-23 के लिए की गई रिव्यू डीपीसी के आधार पर 9 तहसील राजस्व लेखाकारों को सहायक राजस्व लेखाधिकारी द्वितीय बनाया गया है।

# दिया कुमारी ने बाबा श्याम के दर्शन किये

**सीकर,** (निसं)। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी गुरूवार को खाटूश्यामजी दौरे पर रही। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने एक आम श्रद्धालु की तरह लाइन में लगकर बाबा श्याम के मंदिर में पहुंचकर पूजा की और दर्शन किए। दिया कुमारी ने बाबा श्याम के दरबार में शीश नवाया और देश-प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली की कामना की। दर्शन के बाद उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। वहीं मंदिर कमेटी ने दिया कुमारी का सम्मान किया।

# सिलेण्डर चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। पुलिस ने गैस सिलेण्डर चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

निवाई थाना क्षेत्र में 25 अप्रैल को लक्ष्मण सिंह खटाणा निवासी भगतसिंह कॉलोनी के घर से हुये गैस सिलेण्डर की चोरी की वारदात में कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना निवाई की विशेष टीम ने जगह-जगह संदिग्ध स्थानों, खानाबदोश लोगों के डेरों पर दबिश देकर एवं 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज को देखकर तथा मुखबिर की सूचना पर टीम द्वारा आरोपी अनुज चौधरी एवं अजय चौधरी निवासी खिडगी को डिटेन कर मनोवैज्ञानिक तरिके से अनुसंधान कर आरोपियों के कब्जे से कस्बा निवाई से 6 गैस सिलेण्डर एचपी कम्पनी के चोरी करना स्वीकार किया। उन्होंने गैस सिलेण्डर रामजीलाल पुत्र भंवरलाल मीणा निवासी ढाणी जुगुलपुरा थाना निवाई को बेचना बताया, जिसको भी डिटेन कर चुराई गई सम्पति खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया तथा चुराये गये सिलेण्डरों को बरामद किया गया।

# डेढ़ करोड़ रुपये की लूट मामले में दो मुख्य बदमाश महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**बीकानेर,** (निसं)। यहां बीछवाल थाना क्षेत्र में डेढ़ करोड़ रुपए की लूट करने वाले मुख्य आरोपियों को पुलिस ने महाराष्ट्र के पालगढ़ से हिरासत में ले लिया है। इस मामले में दो आरोपी पहले से गिरफ्तार हो चुके हैं और कुछ राशि भी बरामद हुई। शेष राशि अब बरामद होने की उम्मीद की जा रही है।

जानकारी के अनुसार गत दो अप्रैल को श्रीडूंगरगढ़ निवासी संपत शर्मा ने बीछवाल पुलिस को बताया था कि चार युवकों ने मिलकर रोडवेज बस स्टेंड से पहले इंद्रा कॉलोनी के मुख्य द्वार पर ही उनके साथ लूट की है। करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लूट हुई। पुलिस ने तब नाकेबंदी की लेकिन मुख्य आरोपी फरार हो गए। बीछवाल पुलिस ने दो युवकों संदीप सिंह और शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। इन दोनों के कब्जे से पुलिस को 59 लाख रुपए बरामद हो गए थे लेकिन शेष राशि बरामद नहीं हुई। इस लूट के मुख्य आरोपी चांदरतन सिंह उर्फ चांदसिंह राजपूत निवासी घण्टेल चूरू हाल करणी नगर आर.ए.सी.क्वाटर और अंशुल सिंह राठौड़ उर्फ मोंटी राजपूत निवासी घण्टेल चूरू को पालगढ़ महाराष्ट्र से हिरासत में लिया गया। ये दोनों वहां लंबे समय से छिपे हुए थे। पुलिस ने साइबर टीम के सहयोग से इनकी लोकेशन को ट्रेक किया और गिरफ्तार कर लिया।

चांद सिंह और अंशुल की पहचान पुलिस कर चुकी थी लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई। इस पर पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर ने दोनों का सुराग देने वाले को बीस-बीस हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। सायबर सैल टीम इंचार्ज एएसआई दीपक यादव ने इनपुट के आधार अभियुक्त चांदरतन सिंह उर्फ चांद सिंह और अंशुल सिंह राठौड़ उर्फ मोंटी के बारे में पुख्ता रिपोर्ट दी। दोनों की लोकेशन महाराष्ट्र के पालगढ़ में आ रही थी। जहां दोनों को पुलिस ने दबोच लिया।

# निजी चिकित्सालय में महिला नर्सिंगकर्मी की संदिग्ध अवस्था में मौत

## आक्रोशित लोगों ने अस्पताल के कांच तोड़े, अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाये

- लगभग पांच घंटे के प्रदर्शन के बाद हुये समझौते के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुये



आक्रोशित लोगों ने अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी।



पुलिस व प्रशासन ने पीड़ित परिजनों से समझाईश की।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा शहर में स्थित रामस्नेही हॉस्पिटल में कार्यरत एक नर्सिंगकर्मी की गुरुवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जहां नर्सिंगकर्मी की मौत के बाद उनके परिजन व समाज के लोग अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग करने लगे, जहां लगभग पांच घंटे के प्रदर्शन के बाद हुये समझौते के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुये, जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल के कांच भी फोड़ दिए।

भीलवाड़ा शहर की नेहरू रोड पर स्थित रामस्नेही हॉस्पिटल में विगत 2 वर्षो से 28 वर्षीय भारती पिता रघुवीर सिंह चौहान नर्सिंगकर्मी के रूप में कार्यरत है, जहा नर्सिंगकर्मी भारती की बुधवार देर रात अस्पताल में ड्यूटी के दौरान अचानक तबियत बिगड़ गई। अस्पताल स्टाफ ने ही उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। इसी दौरान रात्रि 1.30 बजे तक भारती की हालत में सुधार था। सवेरे करीब चार बजे जब स्टाफ ट्रीटमेंट के लिए पहुंचा तो भारती की मौत हो चुकी थी, इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन ने नर्सिंग कर्मी भारती की मौत की सूचना फोन से परिजनों को दी, जहां भारती के परिजन रामसनेही अस्पताल पहुंचे जहा उन्होने संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का आरोप लगाते हुए अस्पताल के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। अस्पताल के बाद मातृका के परिजनों सहित समाज के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए 51 लाख रुपए के मुआवजे की मांग की। जहां लगभग 5 घंटे तक धरना, प्रदर्शन और वार्ता का दौर चला। इसी दौरान दोपहर बाद पुलिस एवं प्रशासन की मौजूदगी में अस्पताल प्रशासन व परिजनों के बीच वार्ता हुई। उसके बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुये तब पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। अस्पताल में प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित लोगों ने रामस्नेही चिकित्सालय की मुख्य द्वार पर लगे कांच के शीशे भी लकड़ी से तोड़ने के साथ ही अस्पताल में ही मतृका का अंतिम क्रिया संस्कार करने के लिए सूखी लड़कियां लेकर आ गए। यहां पुलिस से समझाइश करने के बाद लड़कियां वापस टेंपो में भरकर लेकर गये। इस दौरान प्रोबेशनर आईपीएस जतिन जैन, भीलवाड़ा सीओ सदर श्याम सुंदर बिश्नोई, सीओ सिटी मनीष बडगूर्जर, भीलवाड़ा शहर विधायक अशोक कोठारी सहित मतृका के समाज के लोग पुलिस एवं प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

भीलवाड़ा सीओ सिटी मनीष बडगुर्जर ने कहा कि रामस्नेही अस्पताल के अंदर नर्सिंगकर्मी की रात्रि को ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत खराब हो गई थी जहां अस्पताल में मौजूद अन्य साथी नर्सिंगकर्मियों ने ड्रिप चढ़ाई थी। उसके बाद वह सो गई और सुबह उसको चेक किया तो वह अचैत व मृत अवस्था में थी। उनके घर वाले मुवावजे की मांग कर रहे थे। अब अस्पताल प्रशासन व परिजनों में वार्ता सफल हुई। उसके बाद पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## संक्षिप्त

### अर्टिका की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**नारायणपुर**। कस्बे के मालोड़ी की ढाणी के पास गुरुवार को एक अर्टिका गाड़ी ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत बुर्जा की बागड़ीयों की ढाणी निवासी दयाला राम गुर्जर (38) पुत्र मातादीन गुर्जर एवं सचिन गुर्जर (18) पुत्र लीलाराम गुर्जर किसी आवश्यक कार्य से नारायणपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मालोड़ी की ढाणी के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार अर्टिका ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही नारायणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से नारायणपुर सीएचसी पहुंचाया गया। सीएचसी में डॉ. विक्रम गुर्जर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार युवक सचिन के दाएं टखने में गंभीर चोट आई है, वहीं दयाला राम के दायें पैर की फीमर हड्डी टूट गई है। दयाला राम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस से हाई सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके से दोनों वाहनों को जप्त कर लिया है और मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

### मजदूर दिवस मनाया

**कोटपूतली**। पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान नन्हे बच्चों ने नाटक के माध्यम से देश और समाज में मजदूरों की भागीदारी को प्रदर्शित किया। जो आकर्षक का केंद्र रहा। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका बिंदु सांगवान ने मजदूर दिवस पर प्रकाश डालते हुए स्कूल के सहायक कर्मचारियों, बस के चालक, परिचालक व माली, सफाईकर्मी, चौकीदार आदी का उनके द्वारा जिम्मेदारी से काम करने पर गिफ्ट कार्ड देकर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सशक्त राष्ट्र निर्माण में मजदूरो की अहम भूमिका होती है। इसलिए हम सभी को मजदूर वर्ग की मेहनत व उनकी समर्पण भावना का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा की यह दिन राष्ट्र निर्माण की असली नींव रखने वालों को समर्पित है। इस दौरान सहायक कर्मचारी के बीच रस्सा कस्सी, म्यूजिकल चेयर आदी खेलों का आयोजन भी हुआ।

### शिविर आज

**दौसा**। राजस्थान वित्त निगम के तत्वावधान में औद्योगिक प्रोत्साहन एवं जागरूकता शिविर का आयोजन शुक्रवार को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला कलक्ट्रेट सर्किल स्थित राजस्थान वित्त निगम कार्यालय में निगम के उप महाप्रबन्धक एवं नोडल ऑफिसर इन्दिरा माहेश्वरी की अध्यक्षता में किया जाएगा। शाखा प्रबन्धक सुरेश चन्द ने बताया कि शिविर के दौरान निगम प्रशासन की ओर से उद्यिमयों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से निगम की नीतियों में बदलाव कर सरलीकरण किया गया है, जिनकी विस्तार पूर्वक जानकारी भी शिविर के दौरान दी जाएगी। शाखा प्रबन्धक ने बताया कि शिविर के दौरान निगम के उपप्रबन्धक राजेश धवन निगम में प्रचलित विभिन्न अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे और मौके पर ही ऋण फाइलें तैयार करवाई जाएगी।

### 25 वां वार्षिक मेला भंडारा आयोजित

**शाहपुरा**। विराटनगर के गांव नवरंगपुरा में स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का विशाल मेला व भंडारा गुरुवार को आयोजित हुआ। जयराम वर्मा ने बताया कि हनुमान मंदिर में 25 वां विशाल मेला एवं भंडारे के आयोजन में श्रद्धालुओं ने बाबा के धोक लगाकर मन्नत मांगी। यजमानों ने हवन कुंड में आहुतियां दी। आसपास के गांवों के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धोक लगाई और मनोकामनाएं मांगी। श्री योगी शंकरनाथ महाराज के सानिध्य में मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। दोपहर बाद मेले व भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान आस पास के लोगो ने प्रसादी ग्रहण की। इससे पूर्व रात्रि को सत्संग में गायक कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# कलेक्टर ने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**दौसा**। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत माह के पहले गुरुवार को जिलेभर में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सिकराय पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मीना सीमला एवं चांदेरा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं व्यक्तिगत सुनी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय सीमा में परिवादों को नियमानुसार निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार एवं प्रशासन का उद्देश्य है कि ग्रामवासियों की समस्याओं को उन्हीं के स्थान पर आकर सुने एवं उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि सरकार एवं प्रशासन आमजन की समस्याओं के लिए संवेदनशील है। संबंधित विभागीय अधिकारी परिवादियों की समस्या का समाधान न्यूनतम समय में करें और अगर प्रक्रिया में किसी औपचारिकता की आवश्यकता है तो परिवादी को वह भी विस्तार से समझाए।



जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सिकराय पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मीना सीमला एवं चांदेरा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया।

**जनसुनवाई में 65 परिवाद आए, मौके पर ही करवाया समाधान:-** ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में लगभग 65 परिवाद आए, जिनमें से कई समस्याओं का जिला कलक्टर ने मौके पर ही समाधान करवाया। जिला कलक्टर ने शेष परिवादों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर नियमानुसार शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना में नल कनेक्शन, तारबंदी योजना का लाभ दिलवाने, नामांतरण, अतिक्रमण, रास्ते खुलवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास आवंटन, सामुदायिक भवन निर्माण सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से सम्बंधित शिकायतों को सुन उनके निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा, उपखंड अधिकारी सिकराय डा. नवनीत कुमार, तहसीलदार हेमेंद्र कुमार मीणा, विकास अधिकारी राहुल कुमार मीणा सहित स्थानीय सरपंच, जिला व उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था को लेकर एएसपी ने ली बैठक

**मालपुरा**। मालपुरा वृत्त क्षेत्र मे शांति एवं कानून व्यवस्था को मध्य नजर रखते हुये गुरूवार को अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक कार्यालय मालपुरा मे एएसपी मोटाराम बेनिवाल ने वृत्त क्षेत्र के थानाधिकारियो की ली बैठक। बैठक के दौरान मौजूद मालपुरा, डिग्गी, पचेवर, लाम्बाहरिसिंह, मोर, टोडारायसिंह थानाधिकारियो से एएसपी ने कानून व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही एएसपी ने कहा कि वर्तमान मे पुलिस विभाग द्वारा चलाये जा रहै सभी अभियानो मे सम्बन्धित थाना पुलिस अधिक से अधिक कार्यवाही कर दिये गये लक्ष्य को पूरा करे। थानाधिकारियो की बैठक व अपराधगोष्ठि के दौरान एएसपी ने पहलगाम के आतंकी हमले के बाद देश व प्रदेश मे चल रही गतिविधियो को भी गंभीरता से ले कानून व्यवस्था पर सभी थानाधिकारी अपने सर्किल मे पैनी नजर बनाये रखे। पुलिस मित्र व मुखबीर सहित पुलिस के आसुचना तंत्र को मजबूत व सक्रिय रखे।मालपुरा व टोडारायसिंह क्षेत्र के सभी थानो की पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर 56 गैर सायलान के गिरफ्तार करने पर भी आवश्यक निर्देश देते हुये कहा कि विभिन्न मामलो मे लम्बित प्रकरणो के निस्तारण व फरार चल रहै गैर सायलान को गिरफ्तार करने पर जोर दिया।

## पेयजल की व्यवस्था की

**पावटा**। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर गर्मी के मद्देनजर स्वायत शासन विभाग द्वारा बस स्टैंड पर खड़े यात्रियों व सार्वजनिक स्थानों पर आमजन के लिए उचित छाया व पेयजल की व्यवस्था की जा रही है।

इसी के तहत पावटा बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर शेड नेट लगाकर तपती धूप से आमजन को राहत देने का कार्य किया जा रहा है साथ ही पानी के मटके लगाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिससे की गर्मी में आमजन को राहत मिल सके। लेकिन पावटा बस स्टैंड पर यात्री व राहगीर छाया के नीचे ठंडे पानी के मटके ढूंढते नजर आए। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम में तपती धूप से आमजन को राहत देने हेतु आवश्यक स्थानों पर छाया व पेयजल की व्यवस्था की जाए। साथ ही नियमित इनके रख रखाव व पेयजल आपूर्ति हेतु संबंधित को पाबंद किया जाए। आमजन ने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों को सराहा है। जिला कलक्टर ने पीएचईडी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें एवं टैंकर, ट्यूबवेल, हैंडपंप की आवश्यक व्यवस्थाएं माकूल रखें। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश देते हुए प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने को कहा।

## फुलेरा में चोरो ने दो सूने मकानों को बनाया निशाना

**फुलेरा**। स्थानीय थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक कोई सुराख नही लगा है। इसी क्रम में मंगलवार को देर रात्रि में चोरों ने फुलेरा के दो अलग-अलग इलाकों में सूने मकानों को अपना शिकार बनाया है। जानकारी अनुसार ढाणी नागान निवासी कैलाश मीणा अपने परिवार सहित शादी समारोह में अलवर गए हुए थे। इसी बीच चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद पड़ोसियों ने जब सुबह मकान का ताला टूटा देखा तो कैलाश मीणा को सूचित किया। इसके चलते कैलाश मीणा ने घर आकर देखा तो पाया कि चोरों ने घर की अलमारी खोलकर पूरा सामान बिखेर दिया और घर से चांदी की ज्वैलरी में पायजेब, अंगूठी सहित सिक्कों के साथ पांच हजार नगद लेकर चले गए और अन्य कमरों के सामान भी बिखेर दिए। उक्त सूचना पर थानाधिकारी श्रवण कुमार मय जाप्ते के घटना स्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया तथा जयपुर से आई एम ओबी टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। वहीं थानाधिकारी ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आस पास के लोगों से जानकारी ली। मामले में पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है। वहीं इसी रात को दूसरी घटना श्रीरामनगर में भी एक सुने मकान में चोरों ने एक वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी अनुसार श्रीरामनगर निवासी मुकेश कुमार का बेटा आईसीयू में एडमिट होने के कारण सभी परिवारजन हॉस्पिटल में थे। तो इसके चलते चोरों ने सूना मकान देखकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित के भाई सुनील कुमार ने बताया कि चोर मकान से नगदी एवं ज्वैलरी चोरी कर ले गए है। पुलिस उक्त चोरी के मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है और चोरों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी स्थानीय थाना क्षेत्र में पिछले एक माह में चोरी की करीब एक दर्जन वारदाते घटित हो चुकी है। लेकिन पुलिस को अभी तक कोई सुराख नहीं मिला है। फुलेरा में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है, तो वहीं आक्रोश भी नजर आ रहा है।

## बाल विवाह नहीं करने की दिलाई शपथ

**निवाई**। सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में जिला प्रशासन व जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के निर्देशानुसार अक्षय तृतीया पर एक सशक्त सामाजिक पहल आयोजित की गई। संस्था प्रभारी अनिता शर्मा ने बताया कि सशक्त सामाजिक पहल को लेकर बाल विवाह के खिलाफ धर्मगुरु विषय पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान गांवों में धर्म गुरुओं एवं ग्रामीणों के साथ सामूहिक बैठकें आयोजित करके बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने की शपथ ली।

संस्था सदस्य किरण शर्मा ने बताया कि अक्षय तृतीया पर आयोजित विवाहों के दौरान संस्था टीम की सक्रिय भागेदारी रही। टीम ने वहां मौजूद पंडितों, नवविवाहित जोड़ों एवं परिजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी तथा सभी को न तो बाल विवाह करेंगे और न ही किसी को करने देंगे का संकल्प दिलवाया। इस दौरान बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक व मानसिक दुष्परिणामों पर भी चर्चा की गई।

## निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मिलेगी सुविधा

**सांभरझील**। डॉ.बीआर अंबेडकर चेतना समिति के सौजन्य से हर वर्ग के लिए निःशुल्क कॉम्पिटीशन क्लासेज का उद्‌घाटन अंबेडकर भवन में एसडीएम अंजू वर्मा ने किया, उन्होंने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही मानव जीवन सफल होता है। सहायक जिला कलेक्टर धारा वर्मा ने कहा कि कड़ी मेहनत से ही जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गट्टानी, उप जिला चिकित्सालय प्रभारी डॉ.महेश कुमार वर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सपना मौर्य, प्रधानाचार्या ललिता वर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश चंद्र गोठवाल, बुद्ध विहार फुलेरा से भंते शीलसागर ने प्रेरणादायक उद्बोधन से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद दुलारिया ने की। प्रो.डॉ.ज्ञान प्रकाश दायमा ने प्रेरणादायक उद्बोधन से विद्यार्थियों को संपूर्ण ऊर्जा का सदुपयोग कर जीवन में सफल होने हेतु प्रोत्साहित किया। बच्चों की शिक्षा की हेतु स्मार्ट बोर्ड देने की घोषणा की गई। मंच संचालन निःशुल्क कॉम्पिटीशन क्लासेज प्रभारी जितेंद्र दुलारिया के द्वारा किया गया। निःशुल्क कॉम्पिटीशन क्लासेज में उत्कृष्ट एवं अनुभवी टीम द्वारा अध्यापन, डिजिटल माध्यम प्रोजेक्टर एवं स्मार्ट बोर्ड के द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, ट्रिक्स एवं निमोनिक्स द्वारा अध्यापन, सफल लोगों द्वारा विशेष मार्गदर्शन, विद्यार्थियों के लिए फ्री वाई-फाई, ई कंटेंट एवं डिजिटल नोट्स की सुविधा उपलब्ध करवायी जायेगी। अंबेडकर भवन में छात्राओं के लिए निःशुल्क पुस्तकालय भी संचालित है। निःशुल्क कॉम्पिटीशन क्लासेज की शैक्षिणक टीम में प्रो.डॉक्टर ज्ञान प्रकाश दायमा सेवानिवृत प्राचार्य उच्च शिक्षा, डॉ. नीलम मीना सहायक आचार्य, विनोद दुलारिया व्याख्याता, जितेंद्र दुलारिया व्याख्याता, बजरंग लाल दोतानिया व्याख्याता, रमेश कुमार बंसीवाल व्याख्याता, सीमा वर्मा व्याख्याता, मांगीलाल बंसीवाल विद्युत टेक्नीशियन, बाबूलाल सबलानिया शिक्षक, अरविंद मेहरड़ा द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी।

## 'जनसमस्याओं का शीघ्रता से करें निस्तारण'

**निवाई**। गुरूवार को उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बिजली, पानी, चिकित्सा व सडक सहित कई महत्वपूर्ण मुददो पर चर्चा की गई। उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने ग्राम पंचायत बस्सी में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त 13 परिवादों का मौके पर ही निस्तारण करके ग्रामीणों को राहत प्रदान की। हरसोलिया ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाली सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पंहुचाए। जिससे लोगों को योजनाओं का पूरा लाभ मिले। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से वंचितों को भी लाभांवित करें। साथ ही रास्ता खोलों



जनसुनवाई के दौरान बिजली, पानी, चिकित्सा व सडक सहित कई महत्वपूर्ण मुददो पर चर्चा की।

अभियान के तहत मौके पर सुचारू रास्ते जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है उनको रिकॉर्ड में दर्ज करें। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, सीबीइओ मंजू मीणा, नायब तहसीलदार रामकेश मीणा, सिरस नायब तहसीलदार ओमप्रकाश जाटव, पटवारी भवानी यादव, बीसलपुर परियोजना सहायक अभियंता रामसिंह गुर्जर, विद्युत विभाग सहायक अभियंता केसी माली, बीसीएमएचओ पवन हाथीवाल, निजी सहायक राजेन्द्रकुमार मीणा व ग्राम विकास अधिकारी गिरधरसिंह तंवर सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## ओपीडी भवन के कमरे में बंद पड़ी है सोनोग्राफी की मशीन

**सांभरझील**। यहां उप जिला अस्पताल में 25 लाख रुपए की सोनोग्राफी मशीन होने के बावजूद गर्भवती महिलाओं व अनेक मरीजों की जांच का इंतजाम आज तक नहीं हो सका है। अस्पताल प्रशासन की ओर से इस मशीन को नये ओपीडी भवन के कमरे में ताला लगा कर रखा हुआ है। वर्ष 2002 में भी इस अस्पताल को सोनोग्राफी मशीन आवंटन हुई लेकिन वापस हेल्थ डिपार्टमेंट को इसलिए लौटनी पड़ी, क्योंकि उनके पास योग्य चिकित्सक नहीं था या फिर बाहरी दबाव के कारण ऐसा करना भी बताया जा रहा है। यहां पर ओपीडी का आंकड़ा 1000 के आसपास या इससे अधिक ही हो जाता है। इनमें से करीब 40 से 50 मरीजों की जांच सोनोग्राफी से करने के लिए लिखा जाता है, ऐसा बताया जा रहा है। ऐसे में सबसे ज्यादा आसपास के गांवों से आने वाले डिलीवरी पेशेंट के परिजनों को उठानी पड रही है, बाहर प्राइवेट सेंटर पर जांच करने के लिए भारी आर्थिक बोझ झेल रहे है जबकि उनके आर्थिक हालात ऐसे नहीं होते है। लोगों का कहना है कि जब अस्पताल प्रशासन अन्य कार्यों के लिए संविदा पर तकनीकी कार्मिकों को कई सालों से नियुक्ति दे रखी है तो फिर सोनोलॉजिस्ट की पोष्ट के लिए इस प्रकार की कवायद क्यों नहीं की जा रही है, अनेक लोगों से बात की गई तो बताया कि राजनीतिक अथवा मिली भगत के कारण आज तक सोनोग्राफी मशीन क्रियाशील नहीं हो सकी है।

राजनीतिक ढिलाई के कारण यहां पर पहले सोनोग्राफी की मशीन टाइम पर नहीं आ सकी और चार माह लगातार इंतजार के बाद भी जब मशीन नहीं आई तो बताया जा रहा है कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने यहां से सोनोलॉजिस्ट का ट्रांसफर ही करवा दिया और जैसे ही ट्रांसफर हुआ कुछ समय पश्चात सोनोग्राफी की मशीन आ गई, लेकिन अब सोनोलॉजिस्ट नहीं है।

# कलेक्टर ने पुलिस थाने एवं उपखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया

**बौंली- बामनवास**। सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान मलारना डूंगर एवं ग्राम पंचायत भूखा में जनसुनवाई करके ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं जनसुनवाई के दौरान प्राप्त परिवादो का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम से पूर्व जिला कलेक्टर ने मलारना डूंगर पुलिस थाने एवं उपखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं जांची। जनसुनवाई के दौरान जॉब कार्ड बनवाने, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, जल आपूर्ति कराने, अतिक्रमण हटाने, पानी लिकेज सही कराने सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए, इस पर जिला कलेक्टर ने प्रकरणों की जांच कर निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।



कलेक्टर शुभम ने नमलारना डूंगर एवं भूखा में जनसुनवाई करके ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

जनसुनवाई के दौरान परिवादी जितेंद्र सैनी ने पुराने थाने के पास हेडपंप ठीक कराने की मांग पर मांग की इस पर कलेक्टर ने दुरभाषर पर ही अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक भगवान साहब मीना को जल्द से जल्द हेडपंप सही कराकर पालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

इस दौरान ग्राम सेवक से मनरेगा के तहत किया जा रहे हैं कार्यों की जानकारी लेकर कार्य करने के इच्छुक ग्रामीणों के फार्म भरवा कर कार्य दिलाने एवं ऑनलाइन एप के संबंध में आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए, उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति के बारे में जानकारी कर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत अवगत कराने के साथ ही लंबित कृषि कनेक्शन को शीघ्र निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

- जिला कलेक्टर ने प्रकरणों की जांच कर निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए


**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद मोनिस खान पुत्र मोहम्मद मोहसिन खान ने श्रीमती नुजहत परवीन पत्नि श्री अमीनुद्दीन से सम्पूर्ण प्लाट नम्बर 158, चार मन्जिला स्थित धन्नादास की बगीची, फतेह टीबा स्कीम, जयपुर। जुबानी इकरार दिनांक 20.01.2025 के द्वारा सत्तर लाख रुपये मे खरीद का सौदा किया है। इसमे से दस लाख रुपये आर.टी.जी.एस से श्रीमती नुजहत परवीन को अग्रिम अदा कर दिया है। प्लाट का कुल क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज है। बैंक से ऋण भी स्वीकृत हो गया है। श्रीमती नुजहत परवीन को जुबानी इकरारनामा की पालना मे विक्रय पत्र रजिस्ट्री करवाने के लिए दिनांक 04.04.2025 को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भी दिया जा चुका है। जिसका आज तक जवाब नही भिजवाया है। दिनांक 03.05.2025 के बाद सिविल न्यायालय मे रजिस्ट्री करने का वाद प्रस्तुत किया जायेगा। इसलिए कोई व्यक्ति अथवा संस्था प्लाट नही खरीदे, ना ही खरीद का इकरार करे। अन्यथा स्वयम् जिम्मेदार होगा।
जयपुर
दिनांक-30/4/2025
(फैजान हुसैन) एडवोकेट
मो.नं:-8824515124

I Hanuwant Singh Deora son of Shri Inder Singh Deora, R/o Flat No. SI.R11/107, Indraprastha Colony, Choradiya City, Ajmer Road, Near kanak Vihar Near Kamla Nehru Nagar, Jaipur (Raj.). have changed my name to Hanuwant Singh vide Affidavit (CA 841567)

**कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(अम्बाबाड़ी सर्किल, अम्बाबाड़ी जयपुर)
क्रमांक-एफ-55()वि.जोन/ज.न.नि./2025/99
**सार्वजनिक सूचना** दिनांक-24/4727
भूखंड सं. 25, शिवपुरी, झोटवाड़ा (छत्रपति शिवाजी गृह निर्माण महकारी समिति) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती जमना देवी पत्नी श्री राम बाबू शर्मा को क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में मूल आवंटी द्वारा रजि. विक्रय पत्र द्वारा अन्य को बेचान करते हुए भूखंड आवेदिका श्रीमती शर्मीला मिश्रा पत्नी श्री दीपक शर्मा ने रजि. विक्रय पत्र के द्वारा भूखंड क्रय किया। श्रीमती शर्मीला मिश्रा पत्नी श्री दीपक शर्मा जरिये रजि. विक्रय पत्र द्वारा क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज भूखंड का नाम हस्तांतरण अपने पक्ष में चाहा गया है। उक्त भूखंड के नाम हस्तांतरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 07 कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तांतरण की कार्यवाही संपादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त विद्याधर जोन नगर निगम ग्रेटर जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती माया देवी पत्नी स्वर्गीय श्री अतर सिंह, निवासी 119, सलेमपुर, तहसील महुवा, पोस्ट सलेमपुर चौकी, जिला दौसा-322240 (राज.) स्वयं के पति श्री अतर सिंह पुत्र श्री मंगूराम के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति प्लाट नं. 30 (कॉर्नर प्लाट), योजना वाल नगर-जी, खो-नागोरियान, आगरा रोड, जयपुर (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज है जो कि निर्मित अवस्था में है तथा जिसे मेरी मुवक्किल श्रीमती माया देवी के पति श्री अतर सिंह पुत्र श्री मंगूराम ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिसके ऋण खाते क्रमश (1) ऋण संख्या 528972054 एवं (2) ऋण खाता संख्या 608507920 है, उक्त श्री अतर सिंह पुत्र श्री मंगूराम का स्वर्गवास 18.12.2024 को हो चुका है, श्री अतर सिंह पुत्र श्री मंगूराम के हिन्दु उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान में श्रीमती माया देवी पत्नी स्वर्गीय श्री अतर सिंह, स्वर्गीय श्री अतर सिंह की माताजी श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री मंगूराम, तीन पुत्र क्रमश: (1) श्री अरविन्द सिंह (2) श्री लेखराज सिंह एवं (3) श्री गौतम सिंह समस्त पुत्रान स्व. श्री अतर सिंह तथा एक पुत्री रिंकी कुमारी पुत्री स्व. श्री अतर सिंह, है, इनके अलावा स्वर्गीय श्री अतर सिंह पुत्र श्री मंगूराम का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नहीं है, चूंकि मेरी मुवक्किल के पति श्री अतर सिंह पुत्र श्री मंगूराम के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एच.डी. एफ.सी. लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरे मुवक्किल स्वयं के पति श्री अतर सिंह पुत्र श्री मंगूराम के स्वामित्व की उक्त अचल सम्पत्ति के समस्त मूल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) सी-25, भगवान दास रोड, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहती है, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरूद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी।
जयपुर
दिनांक 30.04.2025
(श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट
6/48, मालवीय नगर, जयपुर
मोबाईल 9829218044

**खोया पाया**

मैरे मकान 11/934 मालवीय नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र सं.2662 मालवीय नगर में खो गया है मिलने पर सूचित करें- 8239994449

मेरे प्लॉट नंबर 174 श्री बालाजी धाम नियर कनकपुरा रेलवे स्टेशन कालवाड रोड जयपुर के मूल आवंटन पत्र, मय मूल साइट प्लान व मूल रसीद कहीं गुम हो गए हैं मिलने पर सूचित करें- प्रेम कंवर 7851067274

Manglam Build Developers Pvt. Ltd. की योजना कनक वाटिका, जयपुर के भूखण्ड संख्या डी-56 का मूल सम्पूर्ण दस्तावेज रेखा जागेटिया के नाम के, जिसमें आवटंनपत्र, साइड़प्लान, रसीद, NOC कब्जापत्र कहीं खो गये है। कृप्या मिलने पर सूचित करेः रेखा जागेटिया, एच-77-ए, झकेश्वर मार्ग, बनीपार्क, जयपुर-302016.

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य SMFG India Home Finance Co. Limited जयपुर मे श्रीमती पूनम कंवर पत्नी श्री लोकेन्द्र सिंह ने एक सम्पति प्लाट नम्बर ई-656, लाल कोठी, जयपुर, राज0 मे स्थित है जिसका क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज है, पर ऋण के लिये आवेदन किया है। यह है कि उक्त वर्णित सम्पति प्लाट नम्बर ई-656, लाल कोठी, जयपुर, राज0 मे स्थित है जिसका क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज है, के बाबत एक रजिस्टर्ड वसीयतनामा विलेख श्रीमती काली देवी ने दिनांक 28.07.2009 को श्री बुद्धीप्रकाश, श्री जीतेन्द्र उर्फ जीतू कुमावत पुत्रान श्री रमेश एवं श्री सुरज प्रकाश उर्फ हाबू लाल, श्री अशोक कुमार कुमावत पुत्रान श्री सुरेश के हक व अधिकार में निष्पादित कर दिया। तत्पश्चात् जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से श्रीमती काली देवी ने उक्त वर्णित प्लाट नम्बर ई-656 का पट्टा विलेख दिनांक 19.12.2012 को प्राप्त किया। तत्पश्चात श्रीमती काली देवी का स्वर्गवास 06.11.2016 को हो गया। श्रीमती काली देवी के स्वर्गवास के पश्चात् उनकी वसीयत के आधार पर श्री बुद्धीप्रकाश, श्री जीतेन्द्र उर्फ जीतू कुमावत पुत्रान् श्री रमेश एवं श्री सुरज प्रकाश उर्फ हाबू लाल, श्री अशोक कुमार कुमावत पुत्रान श्री सुरेश उक्त वर्णित सम्पति उत्तराधिकारी एवं मालिक हुये। तत्पश्चात उक्त वर्णित सम्पति को श्री बुद्धीप्रकाश, श्री जीतेन्द्र उर्फ जीतू कुमावत, श्री सुरज प्रकाश उर्फ हाबू लाल, श्री अशोक कुमार कुमावत ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दिनांकित 22.08.2024 को श्रीमती पूनम कंवर पत्नी श्री लोकेन्द्र सिंह को विक्रय कर दिया। इस प्रकार श्रीमती पूनम कंवर पत्नी श्री लोकेन्द्र सिंह उक्त वर्णित सम्पति प्लाट नम्बर ई-656 के मालिक हुई। उक्त ऋण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / किसी सरकारी व गैर सरकारी संस्था/किसी सरकारी व गैर सरकारी वित्तिय संस्था या किसी बैंक को किसी प्रकार कि कोई आपत्ति हो तो वह 07 (सात) दिवस के भीतर निम्नलिखित पते पर लिखित में अपनी आपत्ति दर्ज करवायें अन्यथा उक्त मियाद के गुजर जाने पर कोई भी आपत्ति और किसी भी प्रकार का उज्ज एतराज या दखल मान्य नही होगा।
Mr. Dhirendra Singh Mertia, Advocate
Mob.: 9928012167, 9530028523

**नाम परिवर्तन**

मैं आर्मी न. 22895561L Ex. HAV नन्द शेर सिंह निवासी ढाणी पीपलावाली, ग्राम राजनोता, तहसील पावटा, जिला कोटपूतली, बहरोड़ राज.303110 मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम सुशीला देवी व जन्म तारीख 01.07.1961 दर्ज है, जो की गलत है, सही नाम सुशीला कंवर व सही जन्म तारीख 01.01.1958 है, अतः मेरे आर्मी रिकार्ड मे सही दर्ज करे।

मै आर्मी नं. 16024454P नायक अनिल कुमार यूनिट 17 राजरिफ सवाईमान है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी माता जी का नाम राजेश देवी है और जन्मतिथि 1962 है जो कि गलत है। मेरी माता जी का सही नाम राजेश है और जन्मतिथि 01.01.1963 है।

मैं राजेश ओझा, निवासी 7-झ-13, जवाहर नगर, जयपुर, पिन-302004, मेधाविनी ओझा का पिता हूँ। मेरी पुत्री का नाम पासपोर्ट में गलती से मेधाविनी राजेश ओझा अंकित हो गया है। सही नाम 10th कक्षा की अंकतालिका, नगरनिगम, जयपुर के जन्म प्रमाणपत्र व आधारकार्ड के अनुसार मेधाविनी ओझा (Medhavini Ojha) है।

मै श्रवणा कुमावत पुत्र मांगीलाल कुमावत, उम्र 59 वर्ष, निवासी चांदसेन, तहसील मालपुरा, जिला टोंक राजस्थान का शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में श्रवणा कुमावत पुत्र मांगीलाल कुमावत है, यह की मुझे श्रवणा कुमावत उर्फ श्रवण लाल पुत्र मांगीलाल उर्फ श्रवण लाल कुम्हार पुत्र मांगीलाल कुम्हार नामों से जाना जाता है, इन सभी नामों का मै एक ही व्यक्ति हूँ अन्य दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है तथा मेरा सही नाम श्रवणा कुमावत पुत्र मांगीलाल कुमावत है भविष्य में मेरे को इस नाम से ही जाना जावे

मैं, कोंडाबाई स्वामीनाथ ढाकणे माता हवलदार/ पीएनए ढाकणे हानुमंत स्वामीनाथ आर/ओ एम.एच.जयपुर, सी/ओ 56 ए.पी.ओ ने अपना नाम डी कोंडा बाई से बदलकर कोंडाबाई स्वामीनाथ ढाकणे रख लिया है, कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जयपुर के समक्ष दिनांक 30.04.2025 को दिए गए हलफनामे के अनुसार।

मैं, ढाकणे अर्चना हानुमंत पत्नी हवलदार/ पीएनए ढाकणे हानुमंत स्वामीनाथ आर/ओ एम.एचजयपुर, सी/ओ 56 ए.पी.ओ ने अपना नाम ढाकणे अरचेना हानुमंत से बदलकर ढाकणे अर्चना हानुमंत रख लिया है, कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जयपुर के समक्ष दिनांक 25.04.2025 को दिए गए हलफनामे के अनुसार।

मैं, ढाकणे स्वामीनाथ काशीनाथ पिता हवलदार/ पीएनए ढाकणे हानुमंत स्वामीनाथ आर/ओ एम.एच.जयपुर, सी/ओ 56 ए.पी.ओ ने अपना नाम स्वामीनाथ से बदलकर ढाकणे स्वामीनाथ काशीनाथ रख लिया है, कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जयपुर के समक्ष दिनांक 25.04.2025 को दिए गए हलफनामे के अनुसार।

मैं, सोमायाजुला वेंकटा लिखिता लक्ष्मी सृजना पूत्री नायब सुभेदार (एन.टी.) सोमायाजुला वी एस के प्रसाद आर/ओ एम.एच.जयपुर, सी/ओ 56 ए.पी.ओ ने अपना नाम सोमायाजुला वेंकटा लिखिता लक्ष्मी सृजना से बदलकर सोमायाजुला सृजना रख लिया है, कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जयपुर के समक्ष दिनांक 30.04.2025 को दिए गए हलफनामे के अनुसार।

I have changed my name from Akansha Katta to Akansha Dhamani W/o Aviral Dhamani R/o Plot No. E-54 Bhartendu Chowk, Ambabari, Jaipur For all purpose.

I, Ishwar Lal S/o Fula Ram R/o 1146, Kumharo Ka Vas, Chamunderi Rana Watan, Pali, Rajasthan - 306504, have changed my minor daughter's name from Dhanushree Prajapat aged 04 years to Dhruvi Kumawat forever

I, VANUMU CHINNAYAMA mother of No. 8037606Y Hav(GD) Vanumu Appala Raju R/o Vill:Chittila Agarharam, Po:Tallavalasa, Teh: Bheemunipatnam, PS: Bheemunipatnam, Dist: Vishakhapatnam, State: Andhra Pradesh, PIN: 531162 have changed my name from VANUMU CHINNAYAMA to VANUMU CHINNAYAMMA and date of birth also changed from 22 Aug 1973 to 01 Jan 1976 Vide affidavit No. BX164168 Date 25/04/2025 (Jaipur)

## संक्षिप्त

### संदीप कलवानिया का किया अभिनन्दन

**श्रीमाधोपुर।** कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट संदीप कलवानिया का हाई कोर्ट परिसर में कांग्रेस विचारधारा के अधिवक्ताओं की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े वकीलों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष के कुलदीप पुनिया ने माल्यार्पण कर कलवानिया का स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित वकीलों ने कलवानिया को प्रदेश प्रवक्ता बनाने के लिए पार्टी आलाकमान एवं पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख अधिवक्ताओं में भरत यादव, शेर सिंह महला, योगेश टेलर, गणेश परिहार, करतार सिंह और रियासत अली शामिल रहे। जयपुर जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा, कपिल खंडेलवाल, पंकज जोरवाल, गिरिराज रोहिला, गोपेश कुमार और मंगल सैनी सहित अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

### जागरूकता शिविर का आयाजन

**टोंक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया के निर्देशन पर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन इन्द्रा सर्किल छावनी रोड में किया गया। इस दौरान पंकज कुमावत एवं मदन लाल वर्मा ने उपस्थित श्रमिकों को जानकारी देते हुए बताया कि उद्योगों एवं कार्यालयों में श्रमिकों के अधिकारों, कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं श्रम कानूनों, श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी, साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा विभिन्न योजनाओं, बाल विवाह निषेध अधिनियम आदि के बारे में जानकारी प्रदान कराई गई।

### रैगर महासभा की बैठक 4 को

**निवाई।** अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में रविवार को अम्रपूर्णा टोंक स्थित रैगर छात्रावास में सुबह 11.30 बजे महासभा आपके द्वार अभियान की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल की अध्यक्षता में आमसभा का आयोजन किया जाएगा। जिला महामंत्री रामभज वर्मा ने बताया कि बैठक में महासभा आपके द्वार अभियान की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि गांव कुंदनपुरा जयपुर दक्षिण महासभा द्वारा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु सामाजिक सुधार कार्यक्रम में लिए गए 16 बिंदुओं के निर्णयों को टोंक जिले में भी लागू करवाने व जिला छात्रावास के निर्माण को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

### जल मंदिरों का शुभारंभ

**श्रीमाधोपुर।** भीषण गर्मी मे राहगिरो की पीने के पानी की तकलीफ को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लायंस क्लब श्रीमाधोपुर ने शहर में तीन जगहों पर जल मंदिरों का शुभारंभ किया गया है, जिससे इस भीषण गर्मी में राहगिरों को ठंडा एवं स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके। खटोडा बाजार में सीताराम सैनी के सौजन्य से,सीकर बाजार में सागरमल हलवाई के सौजन्य से प्रारंभ किए गए हैं। इस मौके पर क्लब के डॉक्टर एमपी तिवारी, सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तनसुख कुमावत, हरिनारायण, शिवपाल योगी, जगन पटवा और शुभम तिवारी सेंट्रल बैंक आदि उपस्थित रहे।

### रात्रि चौपाल का आयोजन आज

**दौसा।** जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार की ओर से आमजन की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए 2 मई को पंचायत समिति लवाण की ग्राम पंचायत बड़ागांव में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट एवं सहायक निदेशक लोक सेवाएं मनमोहन मीणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलक्टर रात्रि चौपाल में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आमजन की समस्याएं सुनकर निस्तारण करेंगे।

### बैठक 3 को

**निवाई।** उपखंड मुख्यालय स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर में शनिवार को सुबह 10 बजे जांगिड़ समाज की बैठक आयोजित होगी। जिलाध्यक्ष पद हेतु भावी उम्मीदवार को समर्थन करने पर विचार विमर्श किया जावेगा। बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए समाज के लोगों से अपील की।

# समस्याओं के निराकरण के साथ ही जनता के सुझाव भी महत्वपूर्ण हैं : धनकड़

**पावटा।** विधानसभा के विकास और जनता की समस्याओं के लिए निरंतर कार्य करते हुए विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने ग्राम भांकरी निवास पर जनसुनवाई के तहत जनता से रूबरू हुए। जनसुनवाई के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और वहां उपस्थित समस्त शासकीय विभागों के अधिकारियों को उनके तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिए। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं से अवगत होने व उसके निराकरण के लिए जनसुनवाई के बहुत से क्षेत्रवासी अपनी समस्या, क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर पहुंचे। इसमें कुछ ऐसी समस्याएं जिनका यथास्थल पर तत्काल निराकरण किया गया है और बाकि मांगों, सुझावों व समस्याओं के लिए



विधायक कुलदीप धनकड़ ने ग्राम भांकरी निवास पर जनसुनवाई के तहत जनता से रूबरू हुए।

यहां उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश भी दिए हैं। विधायक धनकड ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि वह अपने क्षेत्र, वहां की जनता के विश्वास पर खरा उतरे, उनसे मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, क्षेत्र का विकास करे। इसलिए जनसुनवाई के माध्यम से ऐसे प्रयास हम करते रहेंगे।

जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व उसके निवारण

- **धनकड़ ने अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए**

के लिए हम कार्य करते रहेंगे। क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े हर विषय को लेकर हम संवेदनशील हैं और उसका समाधान करना ही हमारा उद्देश्य है। ऐसे कार्यक्रम जनता से जुड़ने का भी एक बहुत ही अच्छा माध्यम भी है जहाँ वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं को बता सकते हैं। वो एक उम्मीद के साथ आते हैं और उनकी इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए ही हमने यह प्रयास किया है ताकि एक जनप्रतिनिधि व जनता के बीच बेहतर सामंजस्य हो, किस प्रकार क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा इसके लिए उनके सुझाव हमें मिले। इन्हीं सुझावों व आपसी सामंजस्य से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि क्षेत्र में जनता की समस्याओं से अवगत होने व उसके निराकरण के लिए जनसुनवाई में बहुत से क्षेत्रवासी अपनी समस्या, क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर पहुंचे।

इसमें कुछ ऐसी समस्याएं जिनका यथास्थल पर तत्काल निराकरण किया गया है और बाकि मांगों, सुझावों व समस्याओं के लिए यहां उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश भी दिए हैं। एक जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि वह अपने क्षेत्र, वहां की जनता के विश्वास पर खरा उतरे, उनसे मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, क्षेत्र का विकास करें।

## परिंडे बांधे

**कोटपूतली।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर धूप की बढ़ती तपन और लू के थपेड़ो में बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सेठ मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवाना अहीर कैम्पस में बीस परिंडे बांधे गए। प्राचार्य महेश चन्द यादव ने बताया कि विद्यालय परिवार की सदस्य मधु यादव द्वारा तपती धूप में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्थार्थ विद्यालय कैम्पस में बीस परिंडे बांधे गए।

पर्यावरण प्रहरी स्व. महावीर गुरूजी की बेटी मधु यादव की इस पहल पर प्राचार्य महेश चन्द यादव, उप प्राचार्य कृष्ण कुमार खजोतिया, प्रवक्ता रामकरण यादव अवार्डी, व्याख्याता सुमन चौहान, व्याख्याता प्रीतम सिंह, व्याख्याता अजय छींपी, माया यादव, दाताराम यादव, सतवीर यादव, विजय लक्ष्मी वरिष्ठ अ., बृजलाल शर्मा, शिवपाल सिंह यादव, विकास महरिया, राजेश मीणा, धोलू राम , रतिराम यादव,माडूराम यादव सहित सभी ने मधु यादव के नेक कार्य की सराहना की है।

# सड़कों पर घूमते मिले 34 गोवंशों को गौशाला पहुंचाया

**खैरथल।** परिषद व नगर पालिका क्षेत्र में निराश्रित गौवंश के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका और घटनाओं को देखते हुए जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देशन पर जिले में एक

- **जिला कलक्टर के निर्देशन में शुरू हुई अभिनव पहल निराश्रित गोवंश को आश्रय अभियान**

अभिनव पहल "निराश्रित गोवंश को आश्रय अभियान 2025" शुरू किया गया है अभियान के प्रथम दिन जिले भर में कुल 34 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान का संचालन नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्रों में किया जा रहा है। अभियान के प्रथम दिन नगर परिषद तिजारा क्षेत्र से 21 गोवंश को श्री मोनी बाबा गौशाला सूरजमुखी



"निराश्रित गोवंश को आश्रय अभियान 2025" शुरू किया गया है।

आश्रम में आश्रय प्रदान किया। इसी प्रकार नगर परिषद भिवाड़ी द्वारा 11 गोवंश को बाबा मोहन राम गौशाला तथा खैरथल में 2 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया। अभियान के तहत नगर परिषद और नगर पालिका स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित कर नगरों में घूम रहे निराश्रित गौवंश को चिह्नित कर निकटवर्ती गौशालाओं में सुरक्षित रूप से पहुंचाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और निराश्रित पशुओं को बेहतर देखभाल उपलब्ध कराना है।

## बैठक आयोजित

**टोंक।** पेंशनर समाज भवन घंटाघर टोंक में राजस्थान पेंशनर समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी पेंशनर की समस्याओं का समाधान करने हेतु बैठक में चर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरवंश शर्मा ने बताया कि हम नियमित रूप से हमारे पेंशनर सदस्य का जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाते रहे है, आगे भी मानते रहेंगे, गुरुवार को हनुमान सिंह सोलंकी का जन्मदिन के अवसर पर पेंशनर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य गण इकट्ठा हुए और उन्होंने हनुमान सिंह सोलंकी का माल्यार्पण का साफा पहनकर पेंशनर समाज की ओर से अभिनंदन किया। इस दौरान पदाधिकारी हनुमान सिंह सोलंकी ने भी सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहां की मैं पेंशनर परिवार के लिए हमेशा तैयार रहूंगा और टोंक पेंशनर समाज के सदस्यों का जन्मदिन भी पेंशन भवन में मनाने का निर्णय किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरवंश शर्मा, उपाध्यक्ष रोहित कुमावत, जिला सह मंत्री प्रहलाद राय निमावत, हनुमान सिंह सोलंकी, रामफूल मीणा, विजय कुमार माथुर, लाडले मियां इत्यादि पैंशनर्स उपस्थित रहे।

# कहीं छह माह तो कहीं एक-दो साल में ही टूटने लगी सड़कें

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने के दावे के नाम पर अभियंता व संवेदकों ने मिलकर खूब वारे-न्यारे किये। भौगोलिक स्थिति यह है कि कहीं सड़क बनने के छह माह के अंदर तो कहीं एक से दो साल में ही सड़कें टूट गयी या दरारें आ गयी। तहसील पावटा में ग्रामीण सड़क मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2023-24 अंतर्गत बनने वाली सड़क का निर्माण कार्य लापरवाही का शिकार हो गया है। वर्ष 2023-24 में पावटा से कुनेड मार्ग तक 80 लाख की लागत से 2 किमी लंबी सड़क निर्माण के लिए 16 जुलाई 2023 में निर्माण कार्य शुरू करने के आदेश जारी हुए थे।

लेकिन करीब दो साल बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हो सका है। वही ज्यों सड़क बनाई गई है उसमें गड्ढे भी पड़ने शुरू हो गए है। ठेकेदार की मनमानी और लापरवाही के कारण ग्रामीण जनता में आक्रोश पनप रहा है। अभियंता एवं संवेदकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य की भूमि हकीकत बयां करने के लिए यह काफी है। सड़क टूटने व दरार आने की सूचना विभाग के अधिकारियों को दी गयी लेकिन मामला से अनजान बने हुए

- **विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने के दावे के नाम पर अभियंता व संवेदकों ने खूब वारे-न्यारे**

है वहीं ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क तो भ्रष्टाचार का महज एक बानगी है। सड़क निर्माण में गुणवत्ता का खयाल नहीं रखा गया। भोनावास कुनेड रोड पर एक सूचनापट में योजना से संबंधित बोर्ड लगा हुआ। लेकिन कार्यकारी एजेंसी-कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग दर्शाया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि योजना स्थल पर लगे बोर्ड के अनुसार काम हुआ ही नहीं। ग्रामीणों ने संवेदक एवं अभियंता पर गुणवत्ताहीन सड़क बनाने का आरोप लगाया है।अब सड़क का निर्माण कार्य अधूरा रहने से राहगीर लगातार चोटिल हो रहे हैं। आम जनमानस इस बात से बेहद नाराज है कि इस लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यह सवाल उठना लाजमी है कि एक साल से अधिक समय बीतने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी मौन क्यों हैं? टेंडर होने के बावजूद सड़क निर्माण अधूरा रहना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सीसी रोड का निर्माण कार्य किया गया है ज्यों कि आज तक अधूरा है व इसमें ठेकेदार द्वारा जमकर अनियमितता बरती गई है। बनने के कुछ बाद ही सीसी रोड में दरारें आने लगी है। गुणवत्ताविहिन निर्माण के चलते ग्रामीणों में आक्रोश है।

इस सीसी रोड निर्माण कार्य मे ठेकेदार ने जमकर अनियमितता बरती है। जो किसी से छिपी नही है। सीसी रोड बनने के कुछ माह बाद ही रोड में जगह-जगह से दरार पड़ने लगी है। इस प्रकार के गुणवत्ताहिन व अधूरे पड़े निर्माण कार्य से ग्रामीणों में आक्रोश है। यदि टूटी हुई सड़क का मरम्मत व अधूरा पड़ा निर्माण कार्य जल्दी ही पूरा नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ऐसे में यह देखना होगा कि प्रशासन और ठेकेदार इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और किस तरह से जनता की समस्याओं का समाधान करते हैं।

# 'अवैध शराब उत्पादकों और विक्रताओं पर कार्रवाई करें'

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिला पुलिस अधीक्षक व आबकारी विभाग को जिले में अवैध शराब उत्पादकों व विक्रेताओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है वहीं कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ग्राम पैतपुर, किशनपुर एवं बख्तपुरा गांव में आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा सहयोगी एवं एएनएम के संयुक्त दल द्वारा डोर टू डोर सर्वे करवा जाकर उपचार कराने के लिए निर्देश दिए है।

- **अलवर के गांव पैतपुर, किशनपुर एवं बख्तपुरा में घर घर स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए सीएमएचओ को दिए निर्देश**

सहयोगी एवं एएनएम के संयुक्त दल द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर क्रोनिकल लीवर डीजीज, दमा, अस्थमा इत्यादि गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों का रिकॉर्ड संधारित कर लोगों का समुचित उपचार कराया जाना सुनिश्चित करें। तहसीलदार अलवर को निर्देशित किया कि वे उक्त गांवों में पदस्थापित पटवारियों एवं गिरदावरों से मेडिकल टीम के साथ घर-घर सर्वे कराया जाकर लोगों में जन जागरूकता अभियान चलाते हुए सतत निगरानी करावें।

जिला कलेक्टर ने जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये है कि जिले में अवैध जहरीली एवं कच्ची शराब तथा हथकड़ शराब उत्पादकों या विक्रताओं के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करें तथा ऐसा करने वालों की पहचान कर उनको उक्त कृत्य नही करने हेतु पाबंद किया जावें। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध शराब उत्पादकों या विक्रताओं के पास जमा अवैध जहरीली या कच्ची व हथकड़ शराब को नष्ट कर उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करें।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम पैतपुर, किशनपुर एवं बख्तपुरा गांव में आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा

उल्लेखनीय है कि गांव पैतपुर, किशनपुर एवं बख्तपुरा में जहरीली शराब के सेवन से 6 जनो की अलग-अलग मौत होने की खबर को प्रशासन की ओर से खारिज किया गया है। अधिकारियों की टीम भेज कर कराई गई प्रारंभिक जांच में मौत होने के अलग-अलग कारण सामने आए है।

# गिव-अप अभियान के तहत 56 जगह किये निरीक्षण, 200 को नोटिस जारी

**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जायें, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री एवं खाद्य मंत्री के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम 2013 अनुसूची-1 में ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, ऐसे परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी/ अर्द्धसरकारी/ स्वायत्तशासी संस्था में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोडकर) निष्कासन सूची में शामिल है। जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत 01 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में अभी तक राजस्थान



कोटपूतली, बहरोड़, नारायणपुर तहसीलों में 56 निरीक्षण कियें।

में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा जिला कोटपूतली-बहरोड़ में 6640 व्यक्तियों ने गिव अप किया। उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान में कोटपूतली-बहरोड़ में 200 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। अभियान में जिला रसद अधिकारी, कोटपूतली-बहरोड़ एवं प्रवर्तन निरीक्षक, विश्राम गुर्जर, सन्तोष मीना द्वारा पावटा, कोटपूतली, बहरोड़,

- **मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जायें, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें**

विराटनगर, बानसूर, नारायणपुर तहसीलों में 56 निरीक्षण किये गये। निरीक्षक के दौरान राशन डीलर्स एवं लाभार्थियों को स्वैच्छा से पात्रता के आधार पर नाम हटवाने के लिये प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे एवं वसूली की कार्यवाही की जावेगी।

## दो दिवसीय धार्मिक आयोजन 8 एवं 9 मई को

**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती अजीतगढ़ के पास स्थित ग्राम नायन में ब्रह्मलीन संत श्री श्री 1008 श्री परमहंस बाबा भजनदास जी महाराज की 142 वीं वार्षिकी पर श्री राघवेन्द्र सरकार की असीम अनुकम्पा से 8 एवं 9 मई को दो दिवसीय धार्मिक आयोजन होंगे। मंदिर श्री नागाजी एवं नृसिंह जी (सीताराम जी) के मनोरम प्रांगण में गुरुवार 8 मई को शाम 5.15 बजे विशाल भव्य कलशयात्रा व नगर भ्रमण का रौचक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा वहीं शुक्रवार 9 मई को प्रातः 11.15 बजे से विशाल भण्डारा- पंगत- प्रसादी का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों भक्तगणों -श्रद्धालुओं -ग्रामीणजनों के भाग लेने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।समस्त ग्राम जनता नायन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों की आस्था और विश्वास जुड़ा हुआ है । कार्यक्रम में हथामहल जयपुर से निवर्तित विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य जी महाराज दक्षिणमुखी बालाजी हाथोज धाम भी पधारेंगे।

## सार-समाचार

### दस सुत्री मांगो को लेकर ग्राम विकास अधिकारियो ने सौंपा ज्ञापन



**मालपुरा।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के नवीन मांग पत्र मे शामिल दस सुत्री मांगो पर सकारात्मक आदेश जारी करवाने की मांग को लेकर गुरूवार को मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम विकासअधिकारियो ने पंचायत समिति विकास अधिकारी अभिमन्यु चौधरी को मुख्यमंत्री, पंचायतराज मंत्री मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापना। ग्राम विकास अधिकारियो द्वारा सौंपे गये ज्ञापन मे अवगत करवाया कि प्रदेश की ग्राम पंचायतो मे कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी अपने कर्तव्यो का पूर्ण जिम्मेदारी से पालन कर रहे है। ग्राम विकास अधिकारी ग्रामीण प्रशासन का महत्वपूर्ण पद है। केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन मे ग्राम विकास अधिकारियो का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। लेकिन आज भी इनका वेतनमान एवं पदोन्नति अवसर अत्यधिक कम है। अतः संगठन की दस सुत्री मांगो पर सकारात्मक निर्णय ले।

### पूर्व विधायक का जताया आभार

**चौमू / कालाडेरा।** नगर पालिका कालाडेरा में स्थित गोविंदी देवी सहरिया राजकीय संस्कृत शास्त्री महाविद्यालय को आचार्य स्तर पर क्रमोन्नत होने पर गुरुवार को चौमू के सुभाष सर्किल स्थित निज आवास पर निवर्तमान सरपंच अशोक शर्मा के नेतृत्व में कालाडेरा के गणमान्य नागरिकों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का मंत्रोच्चार के साथ साफा एवं माला पहनाकर अभिनन्दन किया। हाल ही में चौमू विधानसभा क्षेत्र में कालाडेरा और चौथवाड़ी के संस्कृत महाविद्यालयों को आचार्य स्तर पर क्रमोन्नत किया गया है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने महाविद्यालयों को आचार्य स्तर पर क्रमोन्नत करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार जताते हुए कहा कि कालाडेरा संस्कृत शिक्षा का पुराने समय से ही बड़ा केन्द्र रहा है, महाविद्यालय के आचार्य स्तर पर क्रमोन्नत होने पर निश्चित ही यहां के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा तथा यहां की विद्वत परंपरा आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर वयोवृद्ध शिक्षाविद एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बाणभट्ट पुरस्कार से सम्मानित सांवरमल शास्त्री, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक बाबूलाल टेलर, राम अवतार सेन, राजेश टेलर, निवर्तमान प्रशासक अशोक कुमार शर्मा, कालाडेरा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा, आचार्य बुद्धि प्रकाश शास्त्री, शिक्षक गुलाबचंद सैनी, संतोष कुमार नागर, सेवानिवृत्त शिक्षक गिरधारी लाल शर्मा, शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश महामंत्री अमित योगी, अमित शर्मा, विजय नागर सहित बड़ी संख्या में कालाडेरा के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जिला कलक्टर के निर्देश पर छाया व पेयजल की अस्थाई व्यवस्था

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर गर्मी के मद्देनजर स्वायत शासन विभाग द्वारा बस स्टैंड पर खड़े यात्रियों व सार्वजनिक स्थानों पर आमजन के लिए उचित अस्थाई छाया व पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। कोटपूतली एवं पावटा बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर शेड नेट लगाकर तपती धूप से आमजन को राहत देने का कार्य किया जा रहा है साथ ही पानी के मटके लगाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है जिससे की गर्मी में आमजन को राहत मिल सके। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम में तपती धूप से आमजन को राहत देने हेतु आवश्यक स्थानों पर छाया व पेयजल की व्यवस्था की जाए। साथ ही नियमित इनके रख रखाव व पेयजल आपूर्ति हेतु संबंधित को पाबंद करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने पीएचईडी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें एवं टैंकर, ट्यूबवेल, हैंडपंप की आवश्यक व्यवस्थाएं माकूल रखें। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश देते हुए प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने को कहा।

### रथ यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



**श्रीमाधोपुर।** शांतिकुंज के मार्गदर्शन मे श्रीमाधोपुर तहसील मे श्रीमाधोपुर गायत्री शक्ति में प्रातः 7 बजे यज्ञ प्रारंभ करके ज्योति कलश यात्रा का पूजन करके विभिन्न मार्गो से होते हुए ज्योति रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया जिसमें शांतिकुंज के टोली द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ शांतिकुंज टोली मे सम्मिलित कार्यकर्ता रमेश चंद्र शर्मा, धर्मपाल सिंह, रघुवीर सिंह ,कमल किशोर, एवं नीमकाथाना से चौथमल गर्ग, विमला बजाज, विष्णु, रश्मि एवं जयपुर से आए हुए कार्यकर्ता विनोद पारीक जी एवं श्रीमाधोपुर तहसील से महेंद्र मोहन पारीक ,विनोद भारद्वाज, छितर मल सैनी , अशोक पूनिया छाजूराम खेड़ीवाल, ,बीरबल भार्गव, ओमदत्त नांगल ,राजेंद्रहरभजंका, पार्षद उमेश चुलेट , रामनरेश साहू ,माधव लाल पारिक ,महेंद्र शर्मा, डॉक्टर संदीप भारद्वाज ,से अजीतगढ़ से घनश्याम पारीक, गोविंद नारायण लाल की उपस्थिति में जो ज्योति कलश यात्रा भव्य रूप से स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं ने पूर्ण सहयोग से ही ज्योति रथ यात्रा दीपयज्ञ के माध्यम से यात्रा पूर्ण हुयी।

### 31 मई तक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे

**दौसा।** खाद्य विभाग ने 'गिव अप' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना से स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए अपात्रों को एक और मौका दिया है। अब यह इसके लिए 31 मई तक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। जिले में अब तक 1465 परिवारों के 7463 सदस्यों ने अपना नाम स्वेच्छा से इस योजना से हटवा लिया है जिला रसद अधिकारी मोहन लाल देव ने बताया कि खाद्य विभाग ने 'गिव अप' अभियान के तहत सरकारी कार्मिक, आयकर दाता, एक लाख से अधिक वार्षिक आय, चार पहिया निजी वाहन वाले अपात्र श्रेणी के परिवारों को स्वेच्छा से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से नाम पृथक कराने के लिए एक और अवसर दिया है। अब 1 मई तक अपात्र परिवार 'गिव अप' के तहत आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम एनएफएसए योजना से पृथक करवा सकते हैं। यदि इसके उपरान्त भी इन अपात्रता के श्रेणी में आने वाले परिवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम नहीं हटवाते हैं तो वसूली संबंधी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि 'गिव अप' अभियान के तहत स्वेच्छा से नाम पृथक करने के लिए आवेदन प्राप्त होने पर जिले में अब तक 1465 परिवारों के 7463 सदस्यों का नाम इस योजना से हटाया गया है।

### गो सेवा का आयोजन

**टोंक।** शहर के सेवाभावी संगठन अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा 34वीं मासिक गोसेवा का आयोजन किया गया, इस अवसर पर गो सेवा कार्यक्रम संयोजक एवं संगठन के युवा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र गर्ग ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण दिन को चाहे जन्मदिन हो वैवाहिक वर्षगांठ हो कोई विशेष उपलब्धि हो या फिर परिवार में किसी की पुण्य तिथि हो हमें इन अवसरों को गो सेवा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर संगठन के शहर अध्यक्ष भगवान भण्डारी एवं महिला संगठन संयोजिका अलका भण्डारी की 31वीं वैवाहिक वर्षगांठ भी गो सेवा के साथ मनाई गई।



मैं चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस का बहुत बड़ा फैन हूं। धोनी और तेंदुलकर ही वो कारण हैं जिनकी वजह से हमारी पीढ़ी के ज्यादातर लोग शायद इन दो टीमों को देखते हैं। - अजय जडेजा

जियो स्टार एक्सपर्ट, मीडिया से रूबरू होते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — ग्लेन मैक्सवेल



**पंजाब किंग्स** को बड़ा झटका लगा है। उसके ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चल रहे संस्करण से बाहर हो गए हैं। उनके कप्तान श्रेयस अय्यर ने बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ खेल के टॉस के समय पुष्टि की थी कि ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर की उंगली में फ्रैक्चर है। तब कई लोगों ने अनुमान लगाया था कि मैक्सवेल चल रहे सीजन में कोई भूमिका नहीं निभाएंगे। उन्हें नीलामी में पीबीकेएस ने 4.2 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन 36 वर्षीय यह खिलाड़ी एक बार फिर अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका।

**क्या आप जानते हैं ?...** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस को 15.5 ओवर में 212 रन बनाकर हराते हुए इतिहास रच दिया। वैभव सूर्यवंशी ने 35 गेंदों में शतक और यशस्वी जायसवाल ने 40 गेंदों में 70 रन की शानदार पारी खेली।











# बोल्ट की पहली गेंद ने मैच का किया फैसला

## राजस्थान रॉयल्स टीम को मुंबई इंडियंस ने 100 रनों के बड़े अंतर से हराया

जयपुर, 1 मई। सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल के क्रिकेट मैच में राजस्थान रायल्स टीम को मुंबई इंडियंस ने 100 रनों के बड़े अंतर से हराया। यह मुंबई की लगातार छठी जीत है। इस जीत के सहारे मुंबई की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है।

मुंबई ने 20 ओवर में दो विकेट पर 217 रन बनाए। 218 रन का टारगेट चेज कर रही राजस्थान की टीम 16.1 ओवर में 117 रन पर ऑलआउट हो गई। ट्रेंट बोल्ट और कर्ण शर्मा ने 3-3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह को 2-2 विकेट मिले। राजस्थान का कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के 50 वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 218 रन का टारगेट दिया है।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में दो विकेट पर 217 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव और कप्तान हार्दिक पंड्या 48-48 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने नाबाद 94 रनों की साझेदारी की। ओपनर रायन रिकेलटन ने 61 रन



और रोहित शर्मा ने 53 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं।

जवाबी पारी में राजस्थान ने 16 ओवर में 9 विकेट पर 117 रन बना लिए हैं। जोफ्रा आर्चर और आकाश मधवाल क्रीज पर हैं । कर्ण शर्मा ने कुमार कार्तिकेय (2 रन), महीश तीक्षणा (2 रन) और ध्रुव जुरेल (11 रन) को आउट किया। हार्दिक पंड्या ने शुभम दुबे (15 रन) को अपनी पहली बॉल पर आउट किया। जसप्रीत बुमराह ने शिमरोन हेटमायर (शून्य) और कप्तान रियान पराग (16 रन) को पवेलियन भेजा। जबकि ट्रेंट बोल्ट ने नीतीश राणा (9 रन) और यशस्वी जायसवाल (13 रन) के विकेट लिए। वैभव सूर्यवंशी (शून्य) पहले ओवर में दीपक चाहर का शिकार बने।

12वें ओवर की पहली बॉल पर राजस्थान ने 8वां विकेट गंवाया। यहां महीश तीक्षणा 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कर्ण शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। ओवर की 5वीं बॉल पर कर्ण ने कुमार कार्तिकेय को दीपक चाहर के हाथों कैच कराया। ध्रुव जुरेल 11 रन बनाकर आउट, कर्ण शर्मा को विकेट।

# डीसीए ने किया जिले के उभरते हुए क्रिकेटरों का सम्मान

## इस बार रिकॉर्ड 9 खिलाड़ियों ने बढाया झुंझुनूं का मान, हैप्पी कुमारी महिला क्रिकेट टीम में जाने वाली प्रदेश की पहली खिलाड़ी बनीं

बगड़, 1 मई। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से उभरते हुए झुंझुनूं जिले के क्रिकेटरों का सम्मान किया गया। बगड़ के माहेश्वरी खेल मैदान में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी राजेश ओला था। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन गोविंदसिंह राठौड़ ने की। इससे पहले डीसीए सचिव हरिश्चंद्र सिंह राठौड़ ने स्वागत भाषण के साथ सत्र 2024-25 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर सचिव हरिशचंद्र ने बताया कि 15 दिन के समर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसका भी आज समापन किया गया। साथ ही वर्ष 2024-25 की क्रिकेट प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि इस बार झुंझुनूं जिला क्रिकेट एसोसिएशन की उपलब्धि रही कि रिकॉर्ड नौ खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर खेले। इनमें हैप्पी कुमारी अंडर 19 महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा रही। जो राजस्थान की पहली महिला क्रिकेटर बन गई है। जो भारतीय टीम का हिस्सा बनी है। इसके अलावा आठ खिलाड़ी भी राजस्थान टीम में शामिल होकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया है। इनके साथ-साथ 28 खिलाड़ी ऐसे थे। जिन्होंने अंडर 14, 16, 19 व 23 तथा सीनियर टीमों में झुंझुनूं की तरफ से खेलते हुए अपना शानदार प्रदर्शन कर झुंझुनूं का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया 15 दिन के समर कैंप को लेकर भी नन्हें क्रिकेटरों में उत्साह देखा गया। वहीं महिला क्रिकेटर भी बड़ी संख्या में मैदान में पहुंची। इस बार समर कैंप में अंडर 14, 16 व 19 वर्ग के कुल 138 खिलाड़ी शामिल हुए। इनमें 28 महिला क्रिकेटर शामिल रही। जिससे लगता है कि आने वाले दिनों में झुंझुनूं में हैप्पी कुमारी की तरह बड़ी संख्या में महिला क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झुंझुनूं का नाम रोशन करेगी। कार्यक्रम में राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी भी छाए रहे। वक्ताओं ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी ने 14 साल की उम्र में जो कारनामा किया है। वो जुनून, बहुत कम देखने को मिलता है। अंडर 16, 16, 19 वर्ग के क्रिकेटरों के लिए वैभव सूर्यवंशी एक आइकॉन बनकर सामने आए है। इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आरबी चौमाल, सचिव हरिश्चंद्रसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष वीरेंद्रसिंह, कोषाध्यक्ष रमेशकुमार शर्मा, आयोजन सचिव लीलाधर बिश्नोलिया, कार्यकारी सदस्य रणवीरसिंह व दीपक सिंह और कैंप के दौरान प्रशिक्षण देने वाले कोच बीसीसीआई लेवल महेश सिंह राजकुमार वर्मा और रविकांत शर्मा उपस्थित रहे। मंच का संचालन रणजीत सैनी ने किया। डीसीए सचिव हरिशचंद्र सिंही ने बताया कि जिले के अमन सिंह शेखावत व नवीन चौधरी ने राजस्थान की सीनियर टीम में, हनी प्रताप सिंह ने राजस्थान की अंडर-19 टीम में, यशवंत सिंह ने राजस्थान की अंडर 14 टीम में जगह बनाई। उनके साथ ही जिले की महिला खिलाड़ियों में बबिता मीणा ने राजस्थान की सीनियर महिला टीम, कंचन हुड्डा व निशा गुर्जर ने राजस्थान की अंडर-23 महिला टीम में जगह बनाई।

# हॉकी के सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 40 खिलाड़ियों का हुआ चयन

बेंगलुरु, 1 मई। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में चल रहे सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय दल तक सीमित कर दिया है। 25 अप्रैल को शुरू हुए इस शिविर में 54 संभावित खिलाड़ी शामिल थे। एक सप्ताह के आंकलन के बाद, प्रदर्शन और मौजूदा फॉर्म के आधार पर टीम में अब 40 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। ये चयनित 40 खिलाड़ी शिविर के अगले चरण में प्रशिक्षण जारी रखेंगे। पिछले कोर समूह के 38 खिलाड़ियों ने टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है, जबकि दो नए खिलाड़ियों ने 15वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप और शिविर के शुरुआती दिनों में शानदार प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, समूह को 40 तक सीमित करने का निर्णय आसान नहीं था, लेकिन यह उन उच्च मानकों को दर्शाता है जिन्हें हम हासिल करना चाहते हैं। खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रयास और फोकस दिखाया है। चुने गए खिलाड़ियों ने न केवल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बल्कि प्रशिक्षण में अपने रवैये से भी खुद को साबित किया है।

# राजस्थान नेटबॉल टीम में खेली अंजलि सैनी का अभिनंदन किया



झुंझुनूं, 1मई। बगड़ रोड स्थित श्री गणेश मंदिर निवासी सरिता देवी नंदलाल सैनी हलवाई की बेटी अंजली सैनी झारखंड में राजस्थान की टीम से नेटबॉल खेली। शानदार प्रदर्शन करके अंजली ने राजस्थान को गोल्ड मैडल दिलवाया। अंजली श्री राणी सती स्कूल की कक्षा 11वीं में पढ़ती है। राजस्थान टीम में खेलने और गोल्ड मेडल जीतने की खुशी में परिजनों के साथ लोगों ने छात्रा खिलाड़ी अंजली की डीजे के साथ रैली निकाली और अभिनंदन किया। टीम कोच गिरीश चौहान का भी फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अमित मालसरिया, बलदेव सिंह, रामलाल सैनी, रोहिताश सैनी, किशोर, विमल, मनीराम, मोतीलाल, सुभाष सैनी, आकाश, योगेश सैनी, सलीम, संजय सैनी, नंदलाल दया, दलीप सैनी, श्रीमती कमाल सैनी, सुनीता सैनी, सुमन शर्मा, तुलसी शर्मा, आशा सोनी, प्रियंका सैनी, मुन्नी देवी आदि उपस्थित रहे।

# जयपुर की जरा स्विटेंस ने दिल्ली हॉर्स शो 2025 में राइडर ट्रॉफी का आनंद लिया

जयपुर, 1मई। जयपुर की ज़रा स्विटेंस ने हाल ही में आर्मी पोलो एंड राइडिंग क्लब दिल्ली में प्रतिष्ठित आनंद दिल्ली हॉर्स शो का आयोजन किया, जिसमें 2025 में 5 स्वर्ण पदक, 01 रजत पदक और 3 पोलिश पदक पोलिश राज्य का नाम रोशन किया गया।

इस प्रतियोगिता में जरा एक युवा घुड़सवारों की प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के साथ सबसे मजबूत सितारों में से एक के रूप में उभरी। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उन्हें अपनी श्रेणी में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ राइडर ट्रॉफी चैंपियनशिप में स्थापित किया, जिसे रक्षा सचिव, राजेश श्री कुमार ने एक विशेष समारोह में प्रस्तुत किया। संस्कार स्कूल की कक्षा 9 के ईस्टर ज़ारा स्विटेंस ने अपनी उम्र से कहीं अधिक प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन और सीनियर-स्टार की शान में भी भाग लिया, जहां उन्होंने अपने संयम, मित्रता और खेल के प्रति जुनून से जजों के साथ-साथ दर्शकों को भी प्रभावित किया। ज़रा की




उपलब्धियाँ न केवल उनके स्कूल और परिवार के लिए गर्व की बात हैं, बल्कि भारत के घुड़सवारी समुदाय में बहुप्रतिभा को भी शामिल करती हैं। ऐसी शानदार शुरुआत के साथ, अंतिम आने वाले वर्षों में उनके नाम की चर्चा रहेगी।

### मिनर्वा क्रिकेट क्लब ने जयपुर ग्रीन क्रिकेट क्लब को हराया

# गौरव साल्वी का ऑर्थोडॉक्स शतक

जयपुर, 1 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिविजन लीग के पूल सी के मैच में मिनर्वा क्रिकेट क्लब ने ग्रीन क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हराया। आज सुबह के एल पॉलीटिक्स स्टेडियम पर जयपुर ग्रीन क्रिकेट क्लब ने पहली बार बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव खंडेलवाल के 82 रन, राकेश के 74 रन और कमल गुर्जर के 19 बल्लेबाजों से 34.1 ओवर में 199 रन बनाए। मिनर्वा क्रिकेट क्लब के लिए पार्थ शर्मा ने 55 पर 3, दिव्य राज ने 44 पर 2, ईशान जैन ने 35 पर 2 और मोहम्मद बिलाल ने 26 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में मिनर्वा क्रिकेट क्लब ने गौरव साल्वी के 101 रन के स्कोर पर बेस्ट खिलाड़ी के रूप में 62 रन बनाए, जबकि ओवर में 32 रन पर 2 विकेट पर 2 विकेट पर 2 विकेट पर मैच जीत लिया।



**संदीप शर्मा अपनी उंगली में फ्रैक्चर के कारण शेष सत्र से बाहर हो गए हैं। पिछले मैच में इस चोट के बावजूद उन्होंने गेंदबाजी जारी रखने के लिए बहुत साहस दिखाया और फ्रैंचाइज़ी में हर कोई उनके पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है। टीम प्रबंधन उनके प्रतिस्थापन को अंतिम रूप देने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जिसके बाद आधिकारिक घोषणा की जाएगी।**

# यूईएफए चैम्पियंस लीग में बार्सिलोना और इंटर के बीच मैच रहा ड्रॉ

मैड्रिड, 1 मई। यूईएफए चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में एफसी बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला गया रोमांचक मुकाबला 3-3 से ड्रा रहा। मोंटजुइक के ओलंपिक स्टेडियम में बार्सिलोना ने बुधवार को चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में इंटर मिलान के खिलाफ घरेलू मैदान पर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच को 3-3 से बराबरी पर समाप्त किया।इंटर मिलान ने मैच की धमाकेदार शुरुआत की और पहले ही मिनट में उसकी टीम के मार्कस थुरम के शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिला दी।

इसके बाद 21वें मिनट में डेनजेल डमफ्रीज ने गोल कर अपनी टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इंटर के दूसरे गोल के तीन मिनट बाद लेमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए एक शानदार गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। फेरान टोरेस ने 38वें मिनट में अपना पहला गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। बार्सिलोना के दबदबे के बावजूद, इंटर के लिए डमफ्रीज ने 64वें मिनट में गोलकर एकबार फिर से बढ़त हासिल कर ली, मेजबान टीम के राफिन्हा का जोरदार शॉट गोल पोस्ट से टकराया और फुटबॉल इंटर के गोलकीपर यान सोमर के पीछे से उछलकर गोलबॉक्स में घुस गयी और स्कोर 3-3 से बराबरी पर आ गया।

## श्रेयस पर धीमी ओवर गति के लिए लगा 12 लाख का जुर्माना

चेन्नई, 1 मई। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच 49 के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल का यह मुकाबला बुधवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया था।

# एआईटीडब्ल्यूपीएफ फैडरेशन कप का आयोजन आज से

जयपुर, 1 मई। 22 से अधिक राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए सैकड़ों खिलाड़ी, कोचा, और खेल प्रेमी होंगे शामिल। यूडब्ल्यूडब्ल्यू बेल्ट रेसलिंग एलिश, टीकेएम, गोरेश, पहलवानी, मास-रेसलिंग, पैंक्रेशन और एमेच्योर एमएमए जैसी होगी प्रतियोगिता।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता ऑल राजस्थान ट्रेडिशनल रेसलिंग एंड पैंक्रेशन फेडरेशन की ओर से एआईटीडब्ल्यूपीएफ फेडरेशन कप 2025 का आयोजन 1 से 4 मई 2025 तक सीकर रोड स्थित होटल नीलगिरी जयपुर में होने जा रहा है। ऑल राजस्थान ट्रेडिशनल रेसलिंग एंड पैंक्रेशन फेडरेशन के अध्यक्ष हिम्मत स्वामी तथा महासचिव आमिर खान के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह ऑल इंडिया ट्रेडिशनल रेसलिंग एंड पैंक्रेशन फेडरेशन की मान्यता प्राप्त सदस्य संस्था है। इसके चलते संस्था के पदाधिकारियों की ओर से प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन किया गया है।

ऑल राजस्थान ट्रेडिशनल रेसलिंग एंड पैंक्रेशन फेडरेशन के अध्यक्ष हिम्मत स्वामी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में यूडब्ल्यूडब्ल्यू बेल्ट रेसलिंग एलिश,




टीकेएम, गोरेश, पहलवानी, मास-रेसलिंग, पैंक्रेशन और एमेच्योर एमएमए जैसे खेलों में स्कूल बॉयज़ और गर्ल्स, कैडेट (लड़के और लड़कियां), जूनियर व सीनियर (पुरुष व महिला) श्रेणियों के विभिन्न आयु वर्ग और भार वर्गों में मुकाबले होंगे। साथ ही इस प्रतियोगिता के माध्यम से निम्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस आयोजन में 22 से अधिक राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए 500 से 700 खिलाड़ियों, कोचों, अधिकारियों और खेल प्रेमियों की उपस्थिति रहेगी। उद्घाटन समारोह का आयोजन 2 मई को सुबह 9.30 बजे किया जाएगा। जिसमें उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। महासचिव आमिर खान ने बताया कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू एशियन बेल्ट रेसलिंग एलिश चैंपियनशिप, जो 21 से 26 मई 2025 तक टॉकाटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित होगी। जिसमें अंडर-15 और अंडर-17 वर्गों से 5 लड़के और 4 लड़कियां चयनित की जाएंगी। साथ ही वर्ल्ड मास-रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए अंडर-15, अंडर-17 और सीनियर पुरुष एवं महिला वर्गों से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता भारत में ट्रेडिशनल और कॉम्बैट खेलों को प्रोत्साहित करने और भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## सबजूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 5 मई तक

जयपुर, 1 मई। 2 से 5 मई 2025 तक 2 से 5 मई 2025 तक राजस्थान वुशू संघ व वुशु संघ के वुशु प्रतियोगिता का आयोजन 19वी सबजूनियर स्टेट आर्टिस्टिक (बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता का कार्यक्रम जारी होने जा रहा है । हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य के 25 जिलों के लगभग 350 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। इस प्रतियोगिता के सभी फाइट नाकआउट बेस पर 26 मई से 31 मई तक तमिलनाडु में आयोजित होने वाली 25वीं सबजूनियर नेशनल (बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव गणेश हर्ष ने बताया कि प्रतियोगिता से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# मैडिसन कीज को हराकर इगा स्वियाटेक मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में



मैड्रिड, 1 मई। पोलैंड की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने पहले सेट में हारने के बाद वापसी करते हुए अमेरिका मैडिसन कीज को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। स्वियाटेक ने बुधवार को खेले गये मुकाबले के पहले गेम 0-6 से हराने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 और 6-2 से जीतकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। मैच के बाद पोलैंड की स्वियाटेक ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे द्वारा खेले गए अब तक के सबसे अजीब मैचों में से एक था। स्विएटेक का अंतिम चार में मुकाबला अमेरिका की दिग्गज कोको गॉफ से होगा। गॉफ ने हमवतन मीरा एंड्रीवा को 7-5, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

## इंडोर नौकायान प्रतियोगिता में स्वर्ण सहित 3 पदक जीते

सीकर, 1 मई। केरल में आयोजित 8वीं राष्ट्रीय इंडोर नौकायान प्रतियोगिता में राजस्थान की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। राजस्थान टीम के कोच मदन लाल ताखर ने बताया कि अश्विनी बालिका कॉलेज बाय की छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन पैरा महिला वर्ग में अनीता ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर राजस्थान का नाम रोशन किया। इसी दिन महिला एकल वर्ग में पूजा काजला ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन महिला जोड़ी स्पर्धा में केशर और अनीता वर्मा की जोड़ी ने कांस्य पदक जीतकर टीम की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ा।

# लॉर्ड्स करेगा महिला टी-20 विश्वकप 2026 के फाइनल की मेजबानी

दुबई, 1 मई। लंदन का लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप 2026 के फाइनल की मेजबानी करेगा। आईसीसी ने गुरुवार को 24 दिनों तक 12 टीमों के बीच होने वाले 33 मैचों के इस टूर्नामेंट के लिए लॉर्ड्स सहित सात स्थलों ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, एजबेस्टन, हैम्पशायर बाउल, द ओवल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड के नामों की पुष्टि की। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पांच जुलाई 2026 को खेला जायेगा। इस अवसर पर आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा, यूनाइटेड किंगडम की समृद्ध विविधता ने हमेशा सभी टीमों के लिए भावुक समर्थन दिखाया है, जिसे हमने पिछले आयोजनों में यादगार रूप से देखा है। 2017 में लॉर्ड्स में महिला क्रिकेट विश्वकप का फाइनल महिलाओं के खेल के उत्थान में एक मील का पत्थर बना हुआ है और मैं फाइनल के लिए इससे अधिक उपयुक्त मंच के बारे में नहीं सोच सकता। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा, यह घोषणा करना निश्चित रूप से बेहद खास है कि फाइनल लॉर्ड्स में खेला जायेगा। यह विश्व क्रिकेट के बेहतरीन स्थलों में से एक है और हर क्रिकेटर लॉर्ड्स में विश्वकप फाइनल जैसे अवसरों का हिस्सा बनने का सपना देखता है। 2026 के आयोजन में आठ टीमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज, पाकिस्तान और श्रीलंका पहले से ही टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं। अंतिम चार प्रतिभागियों का फैसला अगले साल क्वालीफायर के जरिए होगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमैंट प्रमोशन (बीआईपी) की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेश प्रस्तावों का मूल्यांकन करते हुए धरातल पर इनकी प्रगति एवं इससे मिलने वाले रोजगार की मॉनिटरिंग करें।

# ‘सभी निवेश प्रस्तावों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करें’

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टमैंट प्रमोशन की समीक्षा में निर्देश दिये

■ मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ऐसे निवेशकों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करायेगी, जो तय समय सीमा में निवेश की प्रगति को लेकर गंभीर हैं।

जयपुर, 1 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने एवं रोजगार सृजन के लिए अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में विभिन्न निवेश अनुकूल नीतियां जारी की तथा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया। जिससे प्रदेश में औद्योगिक विकास और उद्यिमता के माहौल में बदलाव आया है।

शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टमैंट प्रमोशन (बीआईपी) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेश प्रस्तावों का मूल्यांकन करते हुए धरातल पर इनकी प्रगति एवं इससे मिलने वाले रोजगार की मॉनिटरिंग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स-2024) के माध्यम से निवेशकों को विभिन्न रियायतें एवं आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि रिप्स के परिलाभ के अतिरिक्त कस्टमाइज़ पैकेज में शामिल किए जाने वाले निवेश प्रस्तावों का विस्तृत अध्ययन किया जाए।

शर्मा ने कहा कि राज्य के राजस्व एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए राज्य सरकार ऐसे निवेशकों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जो तय समय सीमा में निवेश की प्रगति को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने विस्तार से संबंधित निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए इनकी प्रगति की स्थिति के आधार पर परिलाभ दिए जाने के संबंध में निर्देश दिए।

बैठक में उद्योगों को देय पैकेज, रियायत, छूट तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में आए प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव सहित जल संसाधन, वित्त, राजस्व, ऊर्जा, उद्योग एवं खान विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## ले.जन. प्रतीक शर्मा उत्तरी कमान के चीफ नियुक्त

नयी दिल्ली, 01 मई। लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने गुरूवार को सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्हें ले. जनरल एम वी सुचिन्द्र कुमार के स्थान पर यह जिम्मेदारी दी गयी है जो बुधवार को सेवानिवृत हो गये।

■ शर्मा ने सुचिन्द्र कुमार से पदभार ग्रहण किया जो बुधवार को रिटायर हो गए।

एक उच्च पदस्थ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला, भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून और रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के पूर्व छात्र हैं। उन्हें दिसंबर 1987 में मद्रास रेजिमेंट में कमीशन दिया गया था। उन्होंने राजधानी के नेशनल डिफेंस कॉलेज में भी कोर्स किया है।

## एनआईए चीफ पहलगाम पहुंचे

श्रीनगर, 01 मई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने के कुछ दिनों बाद एजेंसी प्रमुख सदानंद वसंत दाते गुरुवार को पहलगाम पहुंचे।

एनआईए की टीमें पिछले सप्ताह से ही आतंकवादी हमले वाली जगह पर मौजूद हैं और सबूतों की तलाश कर रही हैं। श्रीनगर पहुंचने के बाद एनआईए प्रमुख तुरंत पहलगाम के लिए रवाना हो गए, जहां आतंकवाद निरोधी एजेंसी के अधिकारी उन्हें चल रही जांच के बारे में जानकारी देंगे।

# तहव्वुर राणा की आवाज़ व लिखावट के नमूने लेगी एन.आई.ए.

## एन.आई.ए. ने इसके लिए विशेष अदालत से अनुमति ली है

■ इन नमूनों के आधार पर फोन कॉल, साजिश से जुड़े काजगों व यात्रा रिकार्ड की पुष्टि की जा सकेगी।

नयी दिल्ली, 01 मई। मुंबई आतंकवादी हमलों की जांच के सिलसिले में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में दिल्ली की एक विशेष अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में एक तहव्वुर राणा की आवाज़ और हस्तलिपि के नमूने लेने की अनुमति दे दी है।

मुंबई के ताज होटल सहित कई ठिकानों पर 26 नवंबर 2008 को हुए हमलों ने विश्व भर में लोगों को दहला दिया था जिसमें विदेशी नागरिकों सहित 166 लोग मारे गए थे। राणा इन हमलों का एक मुख्य आरोपी है। अमेरिका के साथ प्रत्यपर्ण समझौते के अंतर्गत वहां से दस अप्रैल को भारत लाया गया। तब से वह एनआईए की हिरासत में है।

दिल्ली की अदालत ने एनआईए की एक अर्जी पर उसे राणा की आवाज और हस्तलिपि के नमूने लेने की छूट दी। एनआईए मुंबई के 26/11 आतंकी हमले में तहव्वुर राणा की संलिप्तता की जांच कर रही है। माना जा रहा है कि जांच एजेंसी राणा की आवाज और लिखावट के नमूनों के आधार पर फोन कॉल, साजिश के कागजों और यात्रा रिकॉर्ड की पुष्टि कर सकेगी।

एनआईए से जुड़े मामलों की सुनवायी करने वाली विशेष अदालत की न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने एनआईए के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कहा कि इस तरह के फॉरेंसिक नमूने ‘जांच की निरंतरता और न्याय के हित में’ आवश्यक हैं। नमूनों का मिलान कथित तौर पर हमले की योजना से जुड़े दस्तावेजों और ऑडियो रिकॉर्डिंग से किया जाएगा।

पाकिस्तानी मूल का तहव्वुर राणा, कैनडा का नागरिक है। उस पर 26/11 हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के लिए मुंबई में हमले की जगहों की रेकी करने का आरोप है। आरोप है कि वह अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली के साथ हमले की साजिश में शामिल था। हेडली अमेरिका में 35 साल की सजा काट रहा है और भारत में मामले की जांच में सरकारी गवाह बन गया है। उसने बयान दिया है तहव्वुर राणा ने आतंकवादियों को मुंबई में हमले की जगहों के बारे में जानकारी जुटा कर हमले में उनकी मदद की थी।

## अन्ततोगत्वा अमेरिका और यूक्रेन के बीच...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यह खनिज समझौता यूरोपीय देशों के लिए भी एक तरह का आश्वासन है, जो यूक्रेन को लेकर अमेरिका की भूमिका के बारे में चिन्तित थे। यह समझौता, पूरी तरह क्रियान्वित होने के बाद, डॉनल्ड ट्रंप और व्लादिमिर पुतिन के बीच दरार पैदा कर सकता है।

यूक्रेनियन और यूरोपीय लोग यह महसूस कर रहे थे कि ट्रम्प, पुतिन और रूस की भाषा बोल रहे हैं। लेकिन यह समझौता अब यूक्रेन को अमेरिका के एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और दीर्घकालिक सहयोगी के रूप में मान्यता देता है।

हालांकि अमेरिकी कंपनियों को इस समझौते के वास्तविक लाभ मिलने में समय लगेगा, लेकिन अमेरिका द्वारा समर्थित यूक्रेन के पुनर्निमाण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कहा जा रहा है कि रूस द्वारा संघर्ष-विराम लागू करने में बार-बार असफल रहने के कारण, इस खनिज समझौते को तेजी से आगे बढ़ाया गया। ट्रम्प ने रूस के रवैये पर नाराजगी जताई थी और शांति वार्ता से दूरी बनाए रखने पर निराशा प्रकट की थी। ट्रम्प को यकीन था कि रूस जानबूझ कर देरी कर रहा है। इस बात को लेकर उन्होंने अपनी नाराजगी प्रकट की थी।

यह खनिज समझौता अमेरिका के लिए एक वरदान साबित हो सकता है। चीन द्वारा दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति रोक दिये जाने के बाद, यूक्रेन से होने वाली खनिज-आपूर्ति से सप्लाई लाइन्स बरकरार रह सकती हैं। अमेरिकी उद्योग, खासकर बड़े उद्योगों ने कुछ सामान तो स्टोर करके रखा होगा, लेकिन वह जल्द ही खत्म हो सकता है। यदि तब तक यह समझौता पूरी तरह कार्यशील हो जाता है, तो कुछ आपूर्ति यूक्रेन से मिल सकेगी।

# जाति जनगणना पर केन्द्र सरकार के फैसले को राहुल की जीत बताया संजय राउत ने

## शिवसेना नेता संजय राउत ने यह भी कहा कि केन्द्र सरकार ने पहलगाम अटैक से ध्यान हटाने के लिए यह फैसला लिया है

■ संजय राउत ने कहा राहुल गत दस वर्ष से लगातार जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। इसलिए मोदी सरकार का यह फैसला राहुल की बड़ी जीत है।

मुंबई, 01 मई। केन्द्र सरकार ने एक बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने की घोषणा कर दी है, जिसके बाद से विपक्ष लगातार इसे अपनी जीत मान रहा है। इसी बीच केन्द्र के इस फैसले पर शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा आगामी जनगणना में जाति आधारित आंकड़ों को शामिल करने के फैसले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इसका श्रेय दिया है। हालांकि उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह फैसला पहलगाम आतंकी हमले से लोगों का ध्यान हटाने के लिए लिया गया है।

राउत ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब केन्द्र सरकार 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सवालों के घेरे में थी। उन्होंने कहा कि ऐसे में यह फैसला सवालों से ध्यान भटकाने की रणनीति लगती है।

राउत ने कहा कि भले ही फैसला कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति (सीसीपीए) ने लिया हो, लेकिन बहुजन समाज, दलित और वंचित वर्ग इसके लिए राहुल गांधी को श्रेय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पिछले 10 वर्षों से लगातार जातिगत जनगणना की मांग करते आ रहे हैं, इसलिए यह उनकी एक बड़ी राजनीतिक जीत है।

उन्होंने यह भी बताया कि यह फैसला बिहार और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर भी लिया गया हो सकता है। इसके साथ ही राउत ने यह भी दावा किया कि भाजपा पहले जाति आधारित जनगणना का विरोध करती रही है, लेकिन अब उसे झुकना पड़ा।

## महेश जोशी की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रिवाजों में हिस्सा लेना है, वे 71 साल के हैं और पत्नी के निधन के बाद मानसिक तौर पर भी विचलित हुए हैं। अंतरिम जमानत के दौरान भी उन्होंने शर्तों का पूरी तरह से पालन किया है और साक्ष्यों से कोई छेड़छाड़ नहीं की है। वे जयपुर के निवासी हैं और उनकी चल-अचल संपत्ति जयपुर में ही है। उनके भागने का अंदेशा भी नहीं है। उनके कोई भी अनुसंधान बाकी नहीं हैं और वे पहले से ही न्यायिक अभिरक्षा में हैं। उनकी अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने से केस की स्थिति पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इसलिए अंतरिम जमानत की अवधि को 9 दिन के लिए बढ ाया जाए। इसके जवाब में ईडी के अधिवक्ता अजात शत्रु मीणा ने कहा कि आरोपी को पहले ही 4 दिन की अंतरिम जमानत दी जा चुकी है। इसलिए यह प्रार्थना पत्र अदालत के पूर्व के आदेश को रिव्यू कराने के समान है। ऐसे में प्रार्थना पत्र को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने प्रार्थना पत्र पर शुक्रवार को फैसला देना तय किया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने ताजमहल के 5 किलोमीटर दायरे में पेड़ नहीं काटने का आदेश दोहराया

## सुप्रीम कोर्ट ने 8 मई 2015 को यह आदेश दिया था

■ सुप्रीम कोर्ट ने कहा ताजमहल के 5 किलोमीटर दायरे में अतिआवश्यक स्थिति जैसे मानव जीवन की क्षति होने पर ही कोई पेड़ काटा जा सकता है।

नई दिल्ली, 01 मई। सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को आगरा स्थित विश्व प्रसिद्ध ताजमहल के 5 किलोमीटर के दायरे में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने 2015 के निर्देश को दोहराया। पीठ ने कहा कि जहां तक ताजमहल के पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्रों का सवाल है तो 8 मई 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा। ऐसे मामलों में पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए आवेदन करना होगा, भले ही पेड़ों की संख्या 50 से कम हो। यह अदालत केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति से सिफारिश मांगेगी और उसके बाद पेड़ों की कटाई पर विचार करेगी।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारक से पांच किलोमीटर के दायरे से परे लेकिन टीटीजेड के भीतर के पेड़ों की कटाई के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) की पूर्व अनुमति की आवश्यकता होगी और अधिकारी उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्य करेंगे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रभागीय वन अधिकारी को यह शर्त लगानी होगी कि पेड़ों की कटाई तभी की जा सकती है, जब ऐसा करना अति आवश्यक हो तथा जब प्रतिपूरक वनरोपण सहित अन्य सभी शर्तों का अनुपालन कर लिया जाए। न्यायालय ने कहा, “हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि अपवाद केवल तभी लागू होगा जब पेड़ों की कटाई अत्यंत आवश्यक हो। जैसे पेड़ों की कटाई तत्काल नहीं की गई तो मानव जीवन की हानि की संभावना हो सकती है।

अदालत ने सीईसी से एक रिपोर्ट मांगी है जिसमें यह बताया जाए कि क्या दो अन्य विश्व धरोहर इमारतों आगरा किला और फतेहपुर सीकरी की सुरक्षा के लिए कोई अतिरिक्त प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। ताज ट्रेपेज़ियम जोन (टीटीज़ेड) का मामला शीर्ष अदालत के समक्ष विचारणीय है। इसके तहत लगभग 10,400 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र है, जो उत्तर प्रदेश के आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, हाथरस और एटा जिलों और राजस्थान के भरतपुर जिले में फैला हुआ है। इस बीच, अदालत ने आगरा स्थित एक न्यास की एक अन्य याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें निजी भूमि पर लगे पेड़ों की कटाई के लिए पूर्व अनुमति लेने की शर्त में ढील देने की मांग की गई थी।

## अजमेर : नाज़ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चौथी मंजिल तक पहुंच गई। आनन-फानन में जाहिद ने खिड़की से गद्दा नीचे फेंका और नीचे खड़े लोगों से कहा कि इसे पकड़ें और उन्होंने डेढ़ साल के इब्राहिम को चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। जाहिद भी नीचे कूद गया, लेकिन उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रेहाना ने बताया कि वह बिजली के तार पर लटक गई थी, जिससे उसकी जान बच गई। जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि एक व्यक्ति 90 प्रतिशत तक झुलस चुका है, जबकि बाकी तीन 60 से 70 प्रतिशत तक झुलसे हैं, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। लोक बंधु, जिला कलेक्टर अजमेर ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ सहित अन्य टीमें पहुंच गई थीं। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच की जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बताया कि यह मामला पहले दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष था, जिसने 2023 में हिरणों के स्थानांतरण पर रोक लगाई थी और सुझाव दिया था कि कम से कम 50 हिरण हौज़ खास में ही रखे जाएं।

हालांकि, जुलाई 2024 में उच्च न्यायालय ने डीडीए की उस बात को मानकर कार्यवाही बंद कर दी थी, जिसमें कहा गया था कि 24 हिरण हौज़ खास में रखे जाएंगे और बाकी को अनुमति मिलने के बाद स्थानांतरित किया जाएगा।

संस्था ने कहा कि जुलाई 2024 का आदेश याचिकाकर्ता को डीडीए के हलफनामे की जांच का अवसर दिए बिना पास किया गया था, और उस समय संस्था के वकील ने बिना उचित निर्देश लिए डीडीए की बात मान ली थी।

बाद में, संस्था ने जुलाई 2024 के आदेश को वापस लेने की अर्जी दी, जिसे जनवरी 2025 में खारिज कर दिया गया, जिसके बाद संस्था ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

## पंजाब में पानी पर भारी घमासान

चंडीगढ़, 01 मई। पंजाब-हरियाणा में पानी को लेकर घमासान मचा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जल संकट पर शुक्रवार को ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई है। जिसमें पानी को लेकर सभी दलों के बीच एकजुटता बनाई जाएगी। साथ ही भगवंत मान ने सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र भी बुलाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह 10 बजे पंजाब भवन में ऑल पार्टी मीटिंग होगी। बैठक में केंद्र द्वारा पंजाब का पानी छीने जाने पर चर्चा होगी। साथ ही भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के गलत इस्तेमाल और हरियाणा को नाजायज़ पानी देने पर भी सवाल उठाया जाएगा।

पंजाब सरकार ने जल संकट को लेकर सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का भी घोषणा की है।

# अटारी वाघा सीमा पर गेट बंद

## सीमा के दोनों ओर कई नागरिक फंसे

अटारी (अमृतसर), 01 मई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी अल्पकालिक और विशेष वीजा रद्द कर दिए गए थे और एक मई से अटारी-बाघा बॉर्डर चैक पोस्ट बंद के आदेश दिए गए थे। इसलिए गुरूवार को अटारी-वाघा सीमा के दोनों ओर अनिश्चितता का माहौल रहा, क्योंकि एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) के गेट बंद रहे। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को सीमा पार करने की अनुमति नहीं दी गई, न ही किसी भारतीय नागरिक को दूसरी तरफ से लौटने दिया गया।

गेट बंद होने के बावजूद, देश के कई राज्यों से आए 40 से ज़्यादा पाकिस्तानी नागरिक गुरुवार को अपने देश लौटने की उम्मीद में सीमा पर जमा हो गए। जम्मू-कश्मीर के राजौरी की दो ऐसी महिलायें सईदा समीर फातिमा और सईदा सफ़ीर फातिमा 1983 में भारत आई थीं।

उनके पिता का 1980 में पाकिस्तान में निधन हो गया था और तब से उनका देश से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में अपना पूरा जीवन बिताने के बावजूद उन्हें जबरन निकाला जा रहा है। उनके रिश्तेदार मुरावत हुसैन ने कहा कि पाकिस्तान में उनका कोई परिवार नहीं है और वे भारत नहीं छोड़ना चाहते। कराची की एक और महिला भी निष्कासन का सामना कर रही है, लेकिन अपने बच्चे के बिना वापस लौटने से इनकार कर रही है, जिसके पास भारतीय पासपोर्ट है। आंसुओं के साथ उसने कहा कि उसने अपने बच्चे के साथ रहने या उनके साथ वापस लौटने की अपील की थी।

गृह मंत्रालय (एमएचए) ने अपने पहले के निर्देश में संशोधन कर एक मई को सीमा बंद करने का आदेश दिया था, और पाकिस्तानी नागरिकों को अगली सूचना तक अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) के माध्यम से भारत छोड़ने की अनुमति दी थी। दोनों देशों ने सीमा के दोनों ओर फंसे लोगों के बारे में अभी तक कोई बयान नहीं दिया है।

## दुबारा मैडिकल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को 30 सितंबर 2018 को पुलिस कांस्टेबल के पद पर नियुक्ति दी गई। बाद में दुबारा मेडिकल के आधार पर उन्हें सेवा में अनफिट माना गया। इसके बाद याचिकाकर्ताओं को सितंबर व अक्टूबर 2019 माह में आदेश जारी कर पुलिस कांस्टेबल के पद से बर्खास्त कर दिया। इस बर्खास्तगी को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए याचिकाकर्ताओं ने कहा कि भर्ती नियमों में दुबारा मेडिकल कराए जाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसके अलावा पीयूष पाटीदार के मामले में पूर्व में ही यह मुद्दा तय हो चुका है। इसलिए याचिकाकर्ताओं के बर्खास्तगी आदेश को रद्द कर उन्हें पुलिस कांस्टेबल के पद पर बहाल किया जाए।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने पूर्व में दिए आदेश को याचिकाकर्ताओं के मामले में लागू कर तथ्यात्मक रिपोर्ट देने को कहा है।

## आज खुलेंग केदारनाथ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

केदार घाटी पहुंचने लगे हैं। मंदिर परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में भक्तों की चहल-पहल देखते ही बन रही है। चार धाम यात्रा के प्रमुख केंद्र केदारनाथ धाम में कपाट खुलने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार केदारनाथ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। ऋषिकेश और गुजरात से आई पुष्प समिति द्वारा मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से भव्य रूप में सजाया गया है। मंदिर की इस आकर्षक सजावट को देखने के लिए भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुँच रहे हैं। रंग-बिरंगे फूलों की सुगंध और भव्यता मंदिर को और भी दिव्य आभा प्रदान कर रही है। रूद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने कपाट खुलने के इस ऐतिहासिक अवसर पर हर प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है।

## कांग्रेस ने शुक्रवार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने की, इस बात पर जोर देने की कोशिश की जायेगी, कि जातिगत सर्वे कराने की घोषणा तो सरकार ने कर दी है, लेकिन इसके समयबद्ध क्रियान्वयन (टाइम लाइन) के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। कांग्रेस यह सुझाव भी देना चाहती है कि केन्द्र सरकार जातिगत जनगणना में तेलंगाना का अनुसरण करे। पार्टी ने यह मांग भी की है कि आरक्षण की 50 प्रतिशत की ऊपरी सीमा हटा दी जाये।पूरे भारत, तथा खासतौर से बिहार, में जातिगत संवेदनशीलता कुछ ज्यादा प्रखर है। इसलिए, आगामी महीनों में, नया राजनैतिक मंथन संभावित है।

## डॉ. गिरिजा व्यास...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रूप से झुलस गईं। इसके बाद परिजनों ने उन्हें अहमदाबाद में एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर करीब एक माह तक उपचार के बाद गुरूवार शाम करीब 7.15 बजे उनका निधन हो गया। डॉ व्यास के निधन की सूचना के बाद से ही उदयपुर के साथ-साथ, देश और प्रदेश में शोक की लहर व्याप्त हो गई। भाजपा-कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने सोशल मीडिया पर डॉ. व्यास को श्रद्धांजलि दी है। अहमदाबाद में चिकित्सालय में मौजूद डॉ. व्यास के भाई गोपाल कृष्ण शर्मा के अनुसार, डॉ. व्यास की पार्थिव देह को शुक्रवार सुबह उदयपुर लाया जाएगा और अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद दोपहर करीब 3 बजे निवास स्थान से उनकी अंतिम यात्रा निकलेगी और शाम को करीब 4 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# ‘पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है’

## नेशनल कान्फ्रैंस के अध्यक्ष डॉ. फारुख अब्दुल्लाह ने कहा कि पाकिस्तान अपने हालात ठीक करने की बजाय आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में लगा हुआ है

■ डॉ. अब्दुल्लाह ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भारत-पाक के बीच कभी संबंध सुधरेंगे, वहां सेना ऐसा नहीं चाहती।

श्रीनगर, 01 मई। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बढ़ते तनाव के बीच गुरुवार को पाकिस्तान को विफल राष्ट्र’ की संज्ञा दी।

संवाददाताओं से बात करते हुए अब्दुल्ला ने मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, दोनों देश कल की लड़ाई की तैयारी कर रहे हैं और अगर परमाणु शक्ति का इस्तेमाल किया गया तो केवल भगवान ही जानता है कि क्या होगा।

उन्होंने कहा कि वैश्विक शक्तियां टकराव को रोकने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन सवाल उठता है कि ये प्रयास कितने सफल होंगे।

अब्दुल्ला ने पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसकी कार्रवाइयों पर चर्चा करते हुए अपनी बात बेबाकी से रखी।

नेकां अध्यक्ष ने कहा, पाकिस्तान एक विफल देश है। अपने देश को ठीक करने और हालात को सुधारने के बजाय वे ऐसी कार्रवाइयों में शामिल हो रहे हैं, जिनके वैश्विक परिणाम होंगे। उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

उन्होंने दोनों पड़ोसियों के बीच किसी भी वास्तविक शांति में खलल डालने के लिए पाकिस्तानी सेना की भूमिका की ओर भी इशारा किया।

अब्दुल्ला ने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध कभी सुधरेंगे, जब तक कि पाकिस्तान में सेना पीछे नहीं हट जाती। पाकिस्तान के लोग शांति चाहते हैं, लेकिन उनके शीर्ष नेतृत्व नहीं चाहते।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में एक सच्ची जनता की सरकार सुलह का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने जाति जनगणना की लंबे समय से चली आ रही मांग का समर्थन करते हुए कहा, यह अच्छी बात है। देश में कितने मुस्लिम, हिंदू, सिख, ईसाई या अन्य लोग हैं, यह पता लगाने में कुछ भी गलत नहीं है।

## राजस्थान रॉयल्स...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नेट रन रेट के साथ पहले स्थान पर आ गई है। राजस्थान रॉयल्स ने 11 में से 8 मैच गंवा दिए हैं। टीम को 3 और मैच खेलने हैं। इन्हें जीतने के बाद भी टीम 12 अंक तक ही पहुंच सकेगी। 12वें ओवर की पहली बॉल पर राजस्थान रॉयल्स ने 8वां विकेट गंवाया। यहां महीश तीक्षणा 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कर्ण शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908